सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.4 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 18.2 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,243 |
| निफ्टी | 23,366 |
| सोना | 1,54,000 |
| चांदी | 2,55,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com



आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 6 जून 2026 | 23 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 158, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### अभिजीत दीपके ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कॉकरोच पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके 'जय भीम' का नारा लगाकर अमेरिका से भारत के लिए निकल चुके हैं। दीपके शनिवार सुबह दिल्ली पहुंचेंगे जहां वह अपने समर्थकों के साथ बड़ा प्रदर्शन करना चाहते हैं। दीपके ने 6 जून को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगने की बात कही है। हालांकि, उन्होंने प्रदर्शन के लिए दिल्ली पुलिस से अभी तक इजाजत नहीं ली है। अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत के लिए निकलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत के लिए निकल गया हूं। मैं अपना भाग्य संविधान के हाथों में छोड़ता हूं। जय भीम।' (अनंत ज्ञान)

### फायरिंग मामले में खान सर की हो सकती है गिरफ्तारी

**एजेंसी, पटना।** फायरिंग मामले में चर्चित शिक्षक फैसल खान उर्फ खान सर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कदमकुआं थाना पुलिस ने उनके खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, खान सर के सुरक्षाकर्मियों ने बयान में आरोप लगाया है कि उन्हें गोली चलाने के लिए उकसाया गया था। इसी आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएसएन) की धारा 109 सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला दर्ज होने के बाद खान सर की कोचिंग पर उनके वकील पहुंचे। वहीं, कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर पुलिस अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक भी हुई। इस बीच बड़ी संख्या में छात्र खान सर के समर्थन में उनकी कोचिंग के बाहर जुटे और नारेबाजी की। पुलिस ने छात्रों से किसी के बहकावे में न आने और शांति बनाए रखने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### हवाला नेटवर्क में हरिद्वार से एक और शिक्षिका गिरफ्तार

**एजेंसी, हरिद्वार।** पाकिस्तान से जुड़े संदिग्ध हवाला नेटवर्क और करोड़ों रुपए के लेनदेन मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरिद्वार से एक और शिक्षिका को गिरफ्तार किया है। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर जम्मू-कश्मीर ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार, इससे पहले शिक्षिका सोनम की गिरफ्तारी हुई थी, जिसकी पूछताछ में उसकी सहेली पूजा का नाम सामने आया। जांच के बाद पुलिस ने पूजा को उसके घर से गिरफ्तार किया। अधिकारियों का कहना है कि दोनों महिलाओं के संपर्क जम्मू-कश्मीर के कुछ ऐसे लोगों से थे, जिनके पाकिस्तान से जुड़े होने की आशंका है। इन खातों में आने वाली रकम को आगे कई बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाता था और इसके बदले कमीशन लिया जाता था। जांच में अब तक 20 से 25 बैंक खातों में लेनदेन की बात सामने आई है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली होटल अग्निकांड: कपल के बाथरूम में मिले शव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में 3 जून को लगी आग में जान गंवाने वाले 21 लोगों में एक अफ्रीकी दंपती भी शामिल था। बचाव दल को दोनों के शव होटल के बाथरूम में गले लगे हुए मिले। जानकारी के अनुसार महिला टॉयलेट सीट पर बैठी थी, जबकि पुरुष पास रखी कुर्सी पर बैठा था। दोनों ने अंतिम क्षणों में एक-दूसरे को कसकर पकड़ा हुआ था और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह दंपती इलाज के लिए दिल्ली आया था और होटल में ठहरा हुआ था। महिला की पहचान 61 वर्षीय लाइबेरियाई नागरिक जेनजे एन रोलैंड के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

# चिट्टा माफिया सुधर जाओ वरना कठोर कार्रवाई : सीएम


## विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति संरक्षण के लिए जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिमला के रिज मैदान पर एंटी-चिट्टा एवं स्वच्छ पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन के बाद आयोजित समारोह में चिट्टे को न और जिंदगी को हां का संदेश दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों को पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन और हिमाचल के अधिकारों की रक्षा का सशक्त मंत्र देते हुए कहा कि प्रकृति केवल हमारी धरोहर नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पूरे उत्तर भारत को स्वच्छ जल और शुद्ध वायु उपलब्ध कराकर देश की सेवा कर रहा है और यही कारण है कि इसे 'उत्तर भारत के फेफड़े' के रूप में पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण को केवल अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ता वैश्विक तापमान, बदलते मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाएं मानव समाज के लिए गंभीर चेतावनी हैं। वर्ष 2023 और 2025 में आई विनाशकारी आपदाओं ने प्रदेश को गहरे घाव दिए, लेकिन राज्य सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रही। उन्होंने कहा कि अब समय केवल आपदाओं से उबरने का नहीं बल्कि उनके कारणों को समझकर प्रकृति संरक्षण की दिशा में निर्णायक कदम उठाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल देश को प्रतिवर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रुपए की पारिस्थितिकी सेवाएं प्रदान करता है, लेकिन इसके अनुरूप प्रतिफल नहीं मिलता। राज्य सरकार प्रदेश के अधिकारों और हितों की लड़ाई हर स्तर पर पूरी ताकत से लड़ रही है तथा नीति आयोग की आगामी बैठक में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश के हित सर्वोपरि हैं और इनके लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक वन आवरण बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना, राजीव गांधी वन संवर्धन योजना और ग्रीन एडॉप्शन योजना के माध्यम से बंजर पहाड़ियों को हरा-भरा बनाने का कार्य जारी है। साथ ही लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री ने नशे के विरुद्ध चल रहे राज्यव्यापी अभियान को सामाजिक आंदोलन बताते हुए कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जहां पंचायत स्तर तक चिट्टा तस्करों और नशा कारोबारियों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत अब तक 174 तस्करों को जेल भेजा जा चुका है और 51 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। 76 संदिग्ध संपत्तियों की पहचान की जा चुकी है जबकि कई मामलों में नशा माफिया की संपत्तियों को ध्वस्त भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चिट्टा माफिया नहीं सुधरा तो उसके खिलाफ और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। अब तक नशे में संलिप्त पाए गए 123 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है, जिनमें पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।






विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिमला के रिज मैदान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### हरित हिमाचल के निर्माण की दिशा में नए कदम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश में हरित और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए ई-वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। शीघ्र ही हिमाचल पथ परिवहन निगम के बेड़े में 297 नई ई-बसें शामिल होंगी। जंगलों में आग की घटनाओं को कम करने और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में दो बायोचार संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां चीड़ की सूखी पत्तियों और अन्य जैविक अवशेषों से उपयोगी बायोचार तैयार किया जाएगा।

### पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार बांटे

**मुख्यमंत्री** ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संस्थानों और व्यक्तियों को 'पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किए। साथ ही मिनी मैराथन के विजेताओं को सम्मानित किया, नगर निगम हमीरपुर को ई-वाहनों की चाबियां सौंपीं तथा जनगणना प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्त हिमाचल की शपथ भी दिलाई।

## एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित होंगे वायुसेना के नए उपप्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया है। वे एक जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगे। फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट रहे एयर मार्शल दीक्षित इससे पहले भी उप वायुसेना प्रमुख रह चुके हैं। अपने करियर में उन्होंने 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3300 घंटे से अधिक उड़ान भरी है। दीक्षित वर्तमान में एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं और इससे पहले केंद्रीय वायु कमान तथा वायुसेना मुख्यालय में कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। अपने लंबे और विशिष्ट करियर में उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक सहित कई सम्मान मिल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



## थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किए रामलला के दर्शन

**एजेंसी, अयोध्या**



थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला और हनुमान गढ़ी में पवनपुत्र हनुमान के दर्शन किए। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज सेना के विशेष हेलीकॉप्टर से श्रीराम कथा पार्क के समीप स्थित हेलीपैड पर उतरे, जहां प्रशासनिक एवं सैन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

थल सेना अध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और रामलला के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने हनुमान गढ़ी पहुंच कर हनुमान के दर्शन किये। श्रीराम मंदिर पहुंचने पर वहां निर्माण कार्य प्रभारी गोपाल राव ने उनका स्वागत किया और मंदिर निर्माण दिखाया। द्विवेदी करीब 35 मिनट तक रामलला के दरबार में रहे। इसके बाद वह अयोध्या के कैंट स्थित डोगरा रेजीमेंटल सेंटर गए, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। (अनंत ज्ञान)

## सहारा रेगिस्तान में फंसा ट्रक प्यास से 49 लोगों की मौत

**एजेंसी, अस्सामाका ( नाइजर )।** सहारा रेगिस्तान में भीषण गर्मी और पानी की कमी के कारण 49 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई। यात्रियों से भरा एक ट्रक तकनीकी खराबी के चलते रेगिस्तान के बीच फंस गया, जिससे लोग कई दिनों तक बिना पानी के तड़पते रहे। अधिकारियों के अनुसार हादसा अस्सामाका से करीब 80 किलोमीटर दूर एक सुदूर इलाके में हुआ। सभी यात्री एक धार्मिक आयोजन से लौट रहे थे, तभी उनका वाहन खराब हो गया। मरम्मत की कोशिशें नाकाम रहीं और वाहन में मौजूद पानी भी खत्म हो गया।

भीषण गर्मी और निर्जन इलाके में मदद नहीं मिलने से 49 लोगों ने दम तोड़ दिया। प्रशासन ने सभी मृतकों को सामूहिक कब्रों में दफनाया है। इस त्रासदी में केवल दो यात्री जीवित बच सके। दोनों ने 50 किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर एक जलस्रोत तक पहुंचने के बाद अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। यह क्षेत्र प्रवासियों और यात्रियों के लिए प्रमुख मार्ग माना जाता है, जहां पहले भी मौसम संबंधी हादसे हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## राजस्थान में युगांडा से घूमने आई युवती में मिले इबोला के लक्षण

**एजेंसी, जयपुर**




राजस्थान में इबोला वायरस का पहला संदिग्ध केस मिला है। युगांडा से जयपुर घूमने आई 19 साल की युवती में इबोला संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। युवती शुक्रवार सुबह एयर अरेबिया एयरलाइंस की फ्लाइट से शारजाह से जयपुर पहुंची। एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग में वह संदिग्ध मिली। वह राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज में एडमिट है। उसे आइसोलेशन (दूसरे मरीजों से अलग) में रखा गया है। फ्लाइट में उसके साथ आए दूसरे पैसेंजर्स को भी घर में ही अलग रहने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

आरयूएचएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि फिलहाल युवती में इबोला वायरस संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। इबोला संक्रमण से मिलते-जुलते लक्षण पाए गए हैं। केवल लक्षणों के आधार पर इसे इबोला नहीं माना जा सकता है। डॉ. मोहनीश ग्रोवर ने बताया कि युवती का एक सैंपल टेस्ट के लिए पुणे भेजा गया है। दूसरा सैंपल 48 घंटे बाद भेजा जाएगा। दोनों सैंपल की जांच होने तक युवती को क्वारंटाइन रखा जाएगा। अगर टेस्ट पॉजिटिव आता है तो 21 दिन क्वारंटाइन रखकर इलाज किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## अमरनाथ यात्रा में नो-फ्लाइंग जोन में हेलिकॉप्टर सेवा पर श्राइन बोर्ड की रोक

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान इस वर्ष श्रद्धालुओं को हेलिकॉप्टर सेवा उपलब्ध नहीं होगी। जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा यात्रा मार्गों को 'नो-फ्लाइंग जोन' घोषित किए जाने के बाद श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

अधिकारियों के अनुसार पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर हेलिकॉप्टर संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए पैदल मार्ग, घोड़े, पालकी या पिट्ठू सेवाओं का सहारा लेना होगा। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर यह फैसला लिया गया है, जिसके तहत ड्रोन, यूएवी और अन्य उड़ान उपकरणों पर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने कहा कि यह कदम यात्रा के सुरक्षित और सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुरूप बनाएं। हेलिकॉप्टर सेवा बंद होने से विशेषकर बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्थाएं और चिकित्सा सुविधाएं मजबूत करने का दावा किया है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दो प्रमुख मार्गों बालटाल और पहलगाम से पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए यात्रा करते हैं।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को सुखोई-57 किया ऑफर

**एजेंसी, सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सुखोई एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट को लेकर बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, भारत के साथ मिलकर इस विमान का विकास और उत्पादन करने के लिए तैयार है। साथ ही रूस जरूरी रक्षा तकनीकें साझा करने के लिए भी तैयार है।



पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले भी भारत को इसे बनाने के प्रोजेक्ट में साझेदार बनने का ऑफर दिया था। उस समय भारत ने कहा था कि रूस पहले इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाए, उसके बाद भारत इसमें शामिल होने पर विचार करेगा। यह विमान हमारा ज्वॉइंट प्रोजेक्ट हो सकता था। हमने इसे अपने दम पर विकसित किया, लेकिन अब भी हम भारत के साथ इस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार हैं। हम भारत को यह विमान देने और इसके आगे के विकास में साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

# सूरत में पीएम मोदी बोले-देश नकारात्मकता से निकला आगे

## 18 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन

**एजेंसी, सूरत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सूरत में कहा कि कांग्रेस पिछले 12 वर्षों से देश में अराजकता और अनिश्चितता फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति से नाराज है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश दूसरों पर निर्भर रहते हैं, वे कभी विकसित नहीं हो सकते। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ लोग देश की उपलब्धियों का मजाक उड़ाते हैं, लेकिन भारत आज



अपनी क्षमता के दम पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में वैश्विक महामारी और ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत ने मजबूत प्रबंधन दिखाया है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा, इथेनॉल ब्लेंडिंग और गैस पाइपलाइन जैसे कदमों से देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है।

◆ **लार्सन एंड टुब्रो के आर्म्ड सिस्टम्स कॉम्प्लेक्स का भी किया दौरा**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सूरत में 18 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने लार्सन एंड टुब्रो के आर्म्ड सिस्टम्स कॉम्प्लेक्स का भी दौरा किया और वहां बने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की जानकारी ली। पीएम मोदी ने गुजरात निकाय चुनावों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं और जनता का आभार भी व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप बोले-भारत से अमेरिका कर रहा अच्छी कमाई

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रंप ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है। ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है, क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके।

भारत के वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि बातचीत सकारात्मक रही है और दोनों देश ऐसा समझौता करना चाहते हैं जिससे भारत और अमेरिका, दोनों को फायदा हो, यानी दोनों पक्ष अभी भी व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल भी खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। इस प्रस्तावित सूची में भारत का नाम भी शामिल है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर 12.5% अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। (अनंत ज्ञान)

**टकराव** एंट्री फीस पर पंजाब-हिमाचल में तनातनी, सड़कों पर उतर रहा गुस्सा

# बिलासपुर की सीमा गरामोड़ा पर 'टैक्स वार'!

अनंत ज्ञान




**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** पंजाब-हिमाचल सीमा पर स्थित गरामोड़ा बैरियर इन दिनों केवल एक टैक्स वसूली केंद्र नहीं, बल्कि दो राज्यों के बीच बढ़ते टकराव का प्रतीक बन गया है। हिमाचल सरकार द्वारा एंट्री फीस को 100 रुपए से बढ़ाकर 170 रुपये किए जाने के बाद शुरू हुआ विवाद अब सड़कों से लेकर राजनीतिक गलियारों तक पहुंच चुका है। पंजाब की ओर से विरोध के स्वर लगातार तीखे हो रहे हैं। कई मौकों पर प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर यातायात रोक दिया, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर राजस्व बढ़ाने के इस फैसले की कीमत आम जनता कब तक चुकाएगी?

### हर विरोध के साथ थमती है रफ्तार

**गरामोड़ा** पर जब भी विरोध प्रदर्शन होता है, सबसे बड़ा नुकसान आम यात्रियों को उठाना पड़ता है। सड़क जाम होने से लंबी कतारें लग जाती हैं, पर्यटक फंस जाते हैं और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि विवाद लगातार बढ़ता रहा तो इसका सीधा असर हिमाचल के पर्यटन और व्यापार पर भी पड़ सकता है।

### सीमा पर सुलग रहा असंतोष

**जानकारों** का मानना है कि यदि दोनों राज्यों के बीच संवाद नहीं बढ़ा तो यह विवाद और व्यापक रूप ले सकता है। सीमा क्षेत्रों में पहले ही इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज है और राजनीतिक दल भी इसे अपने-अपने नजरिए से उठाने लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राजस्व बढ़ाने का यह फैसला हिमाचल के लिए आर्थिक लाभ से ज्यादा राजनीतिक और सामाजिक नुकसान का कारण बन जाएगा?

### जनता के सवाल

- **क्या** एंट्री फीस बढ़ाने से पहले पड़ोसी राज्य की चिंताओं पर विचार किया गया?
- क्या बार-बार सड़क जाम से प्रभावित होने वाले यात्रियों और कारोबारियों की भरपाई कोई करेगा?
- क्या गरामोड़ा बैरियर राजस्व का केंद्र रहेगा या फिर पंजाब-हिमाचल टकराव का नया अखाड़ा बन जाएगा?

### सियासत की चिंगारी भी भड़की

**गरामोड़ा** विवाद अब केवल टैक्स और एंट्री फीस तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसके राजनीतिक रंग लेने के भी संकेत मिलने लगे हैं। शिमला में प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने हाल ही में इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा का 'षड्यंत्र' करार देते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार को बदनाम करने और सीमा क्षेत्रों में माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। मंत्री के इस बयान के बाद विवाद का राजनीतिक तापमान और बढ़ना तय माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जब सत्तारूढ़ कांग्रेस के मंत्री ने सीधे तौर पर भाजपा पर निशाना साधा है तो भाजपा भी इस मुद्दे पर पलटवार करने से पीछे नहीं हटेगी। ऐसे में आने वाले दिनों में गरामोड़ा बैरियर का विवाद सड़क से निकलकर राजनीतिक मंचों और प्रेस कॉन्फ्रेंसों तक पहुंच सकता है। विपक्ष संभवतः सरकार की टैक्स नीति, जनविरोधी फैसलों और सीमा क्षेत्र में बिगड़ते हालात को मुद्दा बनाएगा, जबकि कांग्रेस इसे राजनीतिक रूप से प्रायोजित आंदोलन साबित करने का प्रयास करेगी। राजनीतिक माहौल में यह विवाद दोनों दलों के लिए नया हथियार बन सकता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि गरामोड़ा का मुद्दा प्रशासनिक समाधान से सुलझेगा या फिर कांग्रेस और भाजपा के बीच एक नए राजनीतिक रणक्षेत्र में बदल जाएगा?

# राजधानी में दिया पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति का संदेश

## राज्यपाल ने मिनी मैराथन को दिखाई हरी झंडी; युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान, सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक रिज मैदान से शुक्रवार को आयोजित मिनी मैराथन ने पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति का सशक्त संदेश दिया। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने 'स्वच्छ पर्यावरण और चिट्टा मुक्त जीवन' विषय पर आधारित इस जनजागरूकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिमाचल प्रदेश पुलिस, पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जनगणना निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुई इस मिनी मैराथन में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों, विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय के युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग प्रतिभागियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना विकसित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जनगणना विभाग द्वारा संचालित स्व-गणना



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिज मैदान पर मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।



मिनी मैराथन में भाग लेते सैकड़ों बच्चे, युवा और बुजुर्ग। अनंत ज्ञान

अभियान की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई गई।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग स्वच्छ व प्राकृतिक वातावरण में जीवन यापन करने का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं, जो स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रदेश की हरियाली, स्वच्छ वायु और

**◆ कहा- प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी**

प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए बढ़ती जनभागीदारी को उत्साहवर्धक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि विकास की अवधारणा पर्यावरण की कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती। पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्त समाज ही एक समृद्ध और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं। राज्यपाल ने युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई तभी सफल होगी जब समाज का प्रत्येक वर्ग एकजुट होकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देगा।

इस अवसर पर शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, पर्यावरण विभाग के सचिव सुशील कुमार सिंगला, जनगणना संचालन निदेशक दीप शिखा शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### जनभागीदारी से हरित व चिट्टा मुक्त बनेगा हिमाचल

**राज्यपाल** ने कहा कि किसी भी सामाजिक अभियान की सफलता में जनता की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को आदत और जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इससे पूर्व उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने पर्यावरण विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा 'हरित हिमाचल एवं चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान दीवार पर हस्ताक्षर कर दोनों अभियानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## न्यूज ब्रीफ

### चियोग में जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चियोग के विद्यार्थियों ने चियोग बाजार में भव्य जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। 'पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ' के गगनभेदी नारों से पूरा बाजार गूंज उठा। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण रैली को देखने के लिए लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए तथा बच्चों के संदेश की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के उपरांत विद्यालय परिसर में नारा लेखन, कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ और शुद्ध पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम में ईको क्लब तथा एनएसएस के प्रभारियों ने भी पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एनडीआरएफ ने रामपुर में रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 14वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा टीपीएल रामपुर परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशानुसार एनडीआरएफ के




रेस्क्यूअर्स ने सफलतापूर्वक संचालित किया। अभियान के दौरान देवदार, रीठा, कैथ एवं कालीडाक सहित विभिन्न स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपे गए। निरीक्षक नवीन कुमार ने सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। यह पहल एनडीआरएफ की पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### कुफरी में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 133 पारिस्थितिकीय कार्यबल (डोगरा) ने शिमला जिले में पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्याख्यान और संवाद सत्र आयोजित किए गए। कुफरी की पहाड़ियों पर व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अभियान में भारतीय होटल प्रबंधन एवं पोषण संस्थान कुफरी, वेस्ट वॉरियर्स, ग्राम पंचायत कुफरी, वन्यजीव प्रभाग शिमला तथा हिमालयन नेचर पार्क के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अतिरिक्त चिन्नी बंगला क्षेत्र में भी वन्यजीव प्रभाग के सहयोग से पौधारोपण कर हरित आवरण बढ़ाने का प्रयास किया गया। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कुफरी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें पर्यटकों और स्थानीय लोगों को कचरा प्रबंधन तथा स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। वहीं रेडिसन कुफरी परिसर में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यबल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हरित, स्वच्छ और पर्यावरणीय रूप से समृद्ध बनाने के लिए 75 हजार अतिरिक्त पौधे लगाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## राजधानी शिमला की सड़कों पर हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में शुक्रवार को उस समय सियासी और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई, जब पूर्व कांग्रेस नेता युद्धवीर सिंह बैंस को पुलिस ने शहर के चक्कर क्षेत्र में रोक लिया। बैंस ने दावा किया कि वह एक जरूरी कार्य से जिला अदालत जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने बीच रास्ते में उनकी गाड़ी रोककर उन्हें आगे बढ़ने से रोका। घटना के बाद सड़क पर कुछ समय तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा और मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई।

युद्धवीर सिंह बैंस ने पुलिस कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यदि उन्हें गिरफ्तार करना है तो सरकार या न्यायालय के स्पष्ट आदेश दिखाए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के दबाव में उन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा है। बैंस ने यहां तक आशंका व्यक्त की कि उनकी सुरक्षा को खतरा है और यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शिकायत देने के बाद से उन्हें बार-बार रोका जा रहा है। वहीं, पुलिस



**◆ पूर्व कांग्रेस नेता बैंस बोले पुलिस ने मुझे अदालत जाते समय रोका**

**◆ कहा- प्रदेश सरकार के दबाव में मुझे लगातार बनाया जा रहा निशाना**

अधिकारियों का कहना था कि बैंस को केवल जांच व आवश्यक औपचारिकताओं के तहत रोका गया था तथा उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई थी। हालांकि इस मामले में पुलिस की ओर से विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि करीब दो माह पूर्व भी शिमला की सर्कुलर रोड पर इसी तरह का विवाद सामने आया था, जब पुलिस और युध्दवीर सिंह बैंस के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शक्ति प्रदर्शन कर भाजपा को दिया स्पष्ट संदेश

## खड़ा पत्थर में मना कांग्रेस की जीत का जश्न

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिले के जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में शुक्रवार को खड़ा पत्थर में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक शक्ति, संगठन व जनसमर्थन का विराट प्रदर्शन बनकर उभरी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र भर से पहुंचे नव-निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, प्रधानों, उपप्रधानों, वार्ड सदस्यों, नगर पंचायत प्रतिनिधियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति ने स्पष्ट संकेत दिया कि क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़ पहले से अधिक मजबूत हुई है। कार्यक्रम स्थल पर उमड़ा जनसैलाब और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

बैठक के दौरान चुनावों में विजयी हुए जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया तथा कांग्रेस संगठन की सामूहिक सफलता का जश्न मनाया गया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता के अटूट





कांग्रेस की जीत का जश्न मनाते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

विश्वास, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत तथा क्षेत्र के विकास के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि क्षेत्र की जनता विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति पर भरोसा करती है।

उन्होंने कहा कि जुब्बल-कोटखाई और नावर क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने जिस प्रकार जिला परिषद, पंचायत समिति और पंचायत स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है, वह संगठन की मजबूती और जनता के साथ उसके गहरे जुड़ाव का प्रमाण है। उन्होंने नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंदर मेहता, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोती लाल डेरटा, महिला कांग्रेस अध्यक्षा कमलेश, अनिता चौहान, सरोज कृपटा, अनुसूचित विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष मुनिलाल नरसेठ, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक काल्टा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेताओं ने इस जीत को क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों, जनसेवा और संगठनात्मक एकता की विजय बताते हुए भविष्य में भी जनता के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प दोहराया।

**विकास को नई दिशा देने का संकल्प**

**कार्यक्रम** के दौरान यह संदेश भी स्पष्ट रूप से सामने आया कि कांग्रेस संगठन अब चुनावी जीत को विकास की नई ऊर्जा में बदलने के लिए तैयार है। नेताओं ने कहा कि पंचायतों से लेकर जिला स्तर तक जनता की समस्याओं के समाधान, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए सभी जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करेंगे। खड़ापत्थर में आयोजित यह समारोह केवल जीत का उत्सव नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए नए संकल्प का भी प्रतीक बनकर सामने आया।

## 'जय श्रीराम' से कांग्रेस को आखिर आपत्ति क्यों: संजीव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा संजौली मंडल द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की टिप्पणियां लगातार हिंदू आस्था और सनातन परंपराओं के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को उजागर कर रही हैं। कटवाल ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री को 'राधे-राधे' के उद्घोष से आपत्ति जताई गई और अब 'जय श्रीराम' के नारे को लेकर बयानबाजी की जा रही है। इससे कांग्रेस का वास्तविक चेहरा जनता के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक हैं तथा उनके नाम के उद्घोष पर सवाल उठाना देश की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं का अनादर है। संजीव कटवाल ने कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर निर्माण से लेकर 'जय श्रीराम' के उद्घोष तक हर उस विषय से परेशानी रही है जो सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के चलते बार-बार हिंदू समाज की आस्थाओं को निशाना बनाती रही है। कटवाल ने कहा कि भारत के कण-कण में भगवान श्रीराम का वास है और देश की जनता अपनी सांस्कृतिक विरासत के सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगी।

**बैठक** भौगोलिक संकेतक उत्पादों के संवर्धन को लेकर नाबार्ड ने की बैठक

## जीआई उत्पादों के लिए मांग सृजन पर जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक एवं विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाने तथा भौगोलिक संकेतक (जीआई) आधारित आजीविका संवर्धन को गति देने के उद्देश्य से नाबार्ड हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जीआई उत्पादों के संरक्षण, विपणन, उत्पादक संस्थाओं के सशक्तिकरण तथा पंजीकरण उपरांत आवश्यक हस्तक्षेपों पर व्यापक चर्चा हुई। नाबार्ड के महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी संदीप शर्मा ने अपने मुख्य संबोधन में कहा कि भौगोलिक संकेतक केवल पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह स्थानीय उत्पादकों की आय बढ़ाने और ग्रामीण



जीआई आधारित उत्पादों के संवर्धन-विपणन को लेकर बैठक करते नाबार्ड अधिकारी।

अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी साधन भी है।

उप महाप्रबंधक कुशल दीप ने इस बात पर बल दिया कि जीआई मान्यता को वास्तविक आर्थिक लाभ में परिवर्तित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण, प्रभावी ब्रांडिंग, बाजार तक पहुंच और संस्थागत सहयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है। बैठक में हिमाचली रणसिंघा, हिमाचली काष्ठ शिल्प तथा हिमाचली गलेचा के जीआई पंजीकरण संबंधी प्रयासों की समीक्षा की गई। साथ ही चंबा चप्पल जैसे जीआई टैग प्राप्त पारंपरिक उत्पादों के लिए उत्पादक संगठनों को मजबूत करने, आधुनिक डिजाइन विकास, उत्पाद विविधीकरण और बाजार विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उद्योग विभाग, बैंकों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में कुल्लू शॉल, किन्नौरी शॉल, कांगड़ा चाय, चंबा रूमाल, कांगड़ा चित्रकला, हिमाचली चुल्ली तेल, काला जीरा, लाहौली मोजे एवं दस्ताने तथा बासमती चावल जैसे जीआई उत्पादों की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

प्रतिभागियों ने एयरपोर्ट काउंटरों, एचपीटीडीसी होटलों, मंदिरों, संग्रहालयों, पर्यटन स्थलों, ई-कॉमर्स मंचों तथा विशेष प्रदर्शनी आयोजनों के माध्यम से इन उत्पादों के लिए 365 दिनों की मांग श्रृंखला विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक का समापन इस साझा संकल्प के साथ हुआ कि नाबार्ड, राज्य सरकार, वित्तीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों और उत्पादक समूहों के समन्वित प्रयासों से हिमाचल के जीआई उत्पादों को स्थायी बाजार, बेहतर मूल्य और व्यापक पहचान दिलाई जाएगी।

## पंचायत समिति सदस्यों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते एसटीएम हर्ष अमरिंदर सिंह। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर पंचायत समिति सभागार में नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों के लिए एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी (नागरिक) रामपुर द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह और आगामी प्रक्रिया के दौरान उप मंडल अधिकारी ने बताया कि पंचायती राज अधिनियम 127 के तहत सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संविधान की शपथ लेना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना शपथ ग्रहण के निर्वाचन की प्रक्रिया अधूरी मानी जाती है। कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके अधिकारों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। सदस्यों को ग्रामीण विकास और जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया गया।

**◆ जल्द होगा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव**

उन्होंने बताया कि नियमानुसार अब एक सप्ताह के भीतर पंचायत समिति सदस्यों की एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी। इस आगामी बैठक में सभी निर्वाचित सदस्य लोकतांत्रिक तरीके से अपने बीच में से पंचायत समिति के 'अध्यक्ष' और 'उपाध्यक्ष' का चुनाव करेंगे। इस शपथ ग्रहण के बाद रामपुर पंचायत समिति के गठन की आधिकारिक प्रक्रिया का अगला चरण शुरू हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### एंजल स्कूल में बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्व

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में 'इंस्पायर बाई नेचर, फॉर क्लाइमेट, फॉर आर फ्यूचर' विषय पर विभिन्न ऑनलाइन गतिविधियों का आयोजन किया गया। नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कविता वाचन तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और प्रकृति के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने बताया कि प्रत्येक गतिविधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए जाएंगे।

### दो चरणों में होगा जनगणना का कार्य: नेत्रा मेती

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नगर निगम आयुक्त नेत्रा मेती ने प्रेसवार्ता में लोगों से 15 जून तक जनगणना के तहत स्व-गणना प्रक्रिया के माध्यम से अपनी जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज करने की अपील की। उन्होंने बताया कि लोग पोर्टल पर 34 प्रश्नों की सही जानकारी भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना का आधार किसी भी दस्तावेज से लिंक नहीं है और प्रत्येक व्यक्ति की गणना उसके वर्तमान निवास स्थान पर ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 पहली बार डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। इसके बाद जनगणना कर्मी घर-घर जाकर जानकारी सत्यापित करेंगे। सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

### क्रेच कार्यकर्ता पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया पुनः शुरू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, भवारना रीना ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण स्थगित किए गए क्रेच कार्यकर्ता एवं क्रेच सहायिका के पदों की भर्ती प्रक्रिया अब पुनः शुरू कर दी गई है। नगर निगम पालमपुर के वार्ड नंबर-02 स्थित आर्य समाज में नव स्वीकृत क्रेच केंद्र के लिए एक क्रेच कार्यकर्ता और एक क्रेच सहायिका के पद भरे जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून तक आवेदन जमा कर सकते हैं, जबकि साक्षात्कार 1 (जुलाई) को एसडीएम कार्यालय पालमपुर में होगा। पात्र महिला अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए तथा आय सीमा 50 हजार रुपये वार्षिक निर्धारित है।

### वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विश्व पर्यावरण दिवस पर उपमंडल धीरा के अंतर्गत हुई पंचायत के वार्ड नंबर 2 एवं 4 में द हंस फाउंडेशन भवारना की ओर से पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूकता सत्र एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वार्ड क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कुल 33 लोगों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

### बच्चों के संतुलित आहार बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गरली।** स्वस्थ बचपन और सुरक्षित भविष्य की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गरली आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें वजन, पोषण स्तर और शारीरिक विकास की जांच शामिल रही। बीएमओ डाडासीबा के दिशा-निर्देशों पर डॉ. रोहित के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य टीम ने अभिभावकों को बच्चों के संतुलित आहार, नियमित जांच और देखभाल के बारे में जागरूक किया। इस दौरान 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के तहत भी लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई।

### आईटीआई शाहपुर में चयन प्रक्रिया 9 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में सुजुकी मोटर की ओर से 9 जून को चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह भर्ती गुजरात स्थित कंपनी इकाई के लिए की जा रही है। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अभिनंदन कालिया ने बताया कि फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन सहित विभिन्न ट्रेडों के अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। चयनित उम्मीदवारों को 26,674 रुपये प्रतिमाह वेतन पैकेज दिया जाएगा। समूह अनुदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि 2018 से 2026 तक के आईटीआई पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिनके 10वीं में 40% और आईटीआई में 50% अंक आवश्यक हैं तथा आयु 18 से 26 वर्ष निर्धारित है।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि सिस इंडिया लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर (पुरुष) के 180 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास और आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 18,000 से 24,000 रुपए मासिक वेतन व अन्य सुविधाएं कंपनी नियमों के अनुसार दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार 8 जून को बैजनाथ, 9 जून को कांगड़ा, 10 जून को देहरा, 12 जून को लम्बागांव, 15 जून को धर्मशाला तथा 16 जून को इंदौरा में आयोजित होंगे। सभी स्थानों पर साक्षात्कार सुबह 11 बजे से शुरू होंगे।

### रसलूही पंचायत में पर्यावरण दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पीरसलूही में शुक्रवार को पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पंचायत प्रधान पुष्पा देवी ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में कई पंचायत प्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### बैजनाथ में विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल बैजनाथ।** खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. गुरमीत कटोच के दिशा-निर्देशों के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंडिया की चिकित्सा अधिकारी डॉ. जिलेट ठाकुर ने की। कार्यक्रम के दौरान खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और उसके महत्व की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी : गोमा

## पर्यावरण दिवस पर आयुष, युवा सेवाएं मंत्री ने रोपा आंवले का पौधा

अनंत ज्ञान



पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते याद्रविंद्र गोमा। अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक को आगे आकर इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। यह आह्वान मंत्री ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जयसिंहपुर लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह के परिसर में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंवले का पौधरोपित कर किया।

उन्होंने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए सामूहिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य केवल पौधा लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें उस पौधे के जीवित रहने और उसके पूरी तरह विकसित होने तक उसकी जिम्मेदारी उठानी होगी। मंत्री ने युवाओं और स्थानीय निवासियों से इस मुहिम को जन-आंदोलन बनाने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित कल सौंपना सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सहित गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# सभी को प्रकृति के प्रति समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी : आशीष



न्यूगल पार्क में पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग द्वारा पालमपुर में विश्व पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और न्यूगल पार्क में सजावटी (ऑर्नामेंटल) पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कार्यक्रम में नगर निगम वार्ड सुघर के नवनिर्वाचित पार्षद रविंद्र रनौत, बगौड़ा वार्ड के पंचायत समिति सदस्य दिनेश जम्वाल सहित विभाग के अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों और विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के अंतर्गत अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा भी लगभग 20 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए, जिसके माध्यम से हरित आवरण बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर बल दिया गया। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी पालमपुर डॉ. संजीव शर्मा, एसीएफ ओम प्रकाश चंदेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी आदित्य सिंह, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग नारियल तथा शशि चौहान आदि मौजूद रहे।

## हैप्पी बर्थडे



लोअर लंबागांव की दिव्यांशी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### दोदूं ब्राह्मणा में 45 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** दोदूं राजपूता पंचायत के दोदूं ब्राह्मणा गांव में मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। यह शिविर वार्ड पंच अनिल कुमार के आवास पर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों की शुगर और बीपी की जांच की तथा टीबी की स्क्रीनिंग के लिए छाती के एक्स-रे किए। कुल 45 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक भी किया।

# विवेका फाउंडेशन स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी नवाजे



विश्व पर्यावरण दिवस एवं कक्षा 12वीं का अभिनंदन समारोह आयोजित।

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिम्बल में विश्व पर्यावरण दिवस और कक्षा 12वीं के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक निदेशिका एवं प्राचार्या स्नेहकुसुम राणा तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई।

मुख्य अतिथि डॉ. नितिन पाटिल, निदेशक एचपीएसएफडीसीएल धर्मशाला तथा विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार, फॉरेस्ट ऑफिसर डरोह रहे। विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय पर फैंसी ड्रेस, गीत, नृत्य, स्किट और प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 12वीं के छात्रों का विदाई एवं अभिनंदन समारोह भी भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्र अंशुमन के विदाई गीत ने सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण अभियान के साथ हुआ, जिसमें अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं, यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी बड़ी जिम्मेदारी : केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र (एटीसी) शाहपुर के तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर, रैत, घरोह, रजोल, कांगड़ा इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर तथा आईटीआई शाहपुर के लगभग 300 विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं एंटी-चिट्टा अभियान को लेकर शाहपुर स्कूल परिसर से आईटीआई शाहपुर तक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसे प्रत्येक नागरिक की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने लोगों से अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ तथा अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बीच पौधरोपण, जल स्रोतों का संरक्षण तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक पौधा केवल पेड़ नहीं होता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित भविष्य की नींव होता है।

# टांडा मेडिकल कॉलेज के पार्कों में अव्यवस्था से मरीज हो रहे परेशान



अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में बनाए गए कुछ पार्कों में बैठने की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन वहां आवारा कुत्तों और बंदरों की अधिकता के कारण लोग असुरक्षित महसूस करते हैं और कई बार उन्हें वहां से हटना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पार्कों में पर्याप्त बेंच भी नहीं लगाए गए हैं, जिससे मरीजों के साथ आए परिजनों को बैठने में कठिनाई होती है। इस स्थिति को लेकर लोगों में अस्पताल प्रशासन के प्रति रोष भी देखने को मिल रहा है। इस मामले पर जब मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर विवेक बुनियाल ने कहा कि अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि पार्कों में बैठने की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की प्रक्रिया जारी है तथा जल्द ही अतिरिक्त बेंच लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में भी कुछ स्थानों पर बैठने की सुविधा उपलब्ध है और यदि किसी को कोई समस्या होती है तो वह सीधे उनके कार्यालय में संपर्क कर सकता है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा।

# पुलिस की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 10 वाहनों के चालान



नूरपुर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत अवैध खनन पर कसा शिकंजा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा द्वारा अवैध खनन और अवैध खनिज परिवहन को रोकने के लिए निरंतर विशेष चेकिंग की जा रही है। इसके तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न सीमावर्ती खड्डों और संवेदनशील मंड क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 10 वाहनों के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई है। थाना इंदौरा व पुलिस चौकी ठाकुरद्वारा की संयुक्त टीम ने काठगढ़, उलेहड़ियां, ठाकुरद्वारा और मंड मियानी आदि क्षेत्रों में गश्त के दौरान अवैध खनन में 1 जेसीबी मशीन, 2 मल्टी-एक्सल ट्रकों और 5 ट्रैक्टरों के चालान किए। थाना डमटाल व पुलिस चौकी ढांगूपीर टीम ने भी चेकिंग के दौरान अवैध खनिज परिवहन में शामिल 1 मल्टी एक्सल ट्रक और 1 ट्रैक्टर को माइनिंग एक्ट के तहत पकड़ा। नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए सभी 6 ट्रैक्टरों का मौके पर ही चालान कर विभागीय नियमानुसार जुर्माना वसूल किया गया। तीनों मल्टी-एक्सल ट्रकों और 1 जेसीबी को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई के लिए अदालत को भेज दिया है।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस जिला नूरपुर द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिन-रात औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और अवैध माइनिंग के खिलाफ यह सुधारात्मक कानूनी कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

# परागपुर में एसडीएम कार्यालय अधिसूचना में देरी पर उठे सवाल

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से 25 जनवरी को परागपुर में एसडीएम कार्यालय खोलने की घोषणा ने क्षेत्रवासियों में विकास की नई उम्मीदें जगाई थीं। 22 मई को कैबिनेट की मुहर लगने के बाद उम्मीद थी कि अधिसूचना तुरंत जारी होगी, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी फाइल का दफ्तरों में उलझे रहना गंभीर प्रशासनिक ढिलाई को दर्शाता है।परिसीमन आयोग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, जसवां-परागपुर का प्रदेश का एकमात्र ऐसा विधानसभा क्षेत्र बने रहना, जहां एसडीएम कार्यालय न हो, प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है।स्थानीय निवासियों संदीप, दीपक, नीरज, अजय, ऋषभ, राहुल, रजत, पवन, दिनेश, संजीव और कृष्ण गोपाल ने मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को धरातल पर उतारने हेतु फाइल को शीघ्र गति देने की पुरजोर मांग उठाई है।जब सरकार और मुखिया का विजन स्पष्ट है, तो नौकरशाही स्तर पर इस अनावश्यक देरी ने सरकार के उस 'सिस्टम को बदलने' के संकल्प की गति को धीमा कर दिया है, जिसे मुख्यमंत्री ने जनहित में लिया था।

> 'परागपुर में एसडीएम कार्यालय खोलने से संबंधित फाइल अभी विभागीय प्रक्रिया और उच्च-स्तरीय समीक्षा के अधीन है। जैसे ही यह प्रशासनिक औपचारिकताएं पूर्ण हो जाएंगी, सरकार तत्काल प्रभाव से इसकी अधिसूचना जारी कर देगी।'
> **-प्रोमिला शर्मा, अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार।**

# पंचायत समिति खंड लंबागांव के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पंचायत समिति खंड लंबागांव के नवनिर्वाचित सदस्यों को शुक्रवार एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर ने उपमंडल कार्यालय में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने पंचायत क्षेत्र के विकास, जनहित और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। नव निर्वाचित सदस्यों ने क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया।

### लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गगल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, दिल्ली की इकाई धर्मशाला (दाड़ी) द्वारा विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान नगर निगम धर्मशाला द्वारा चिन्हित फतेहपुर ब्रिज के समीप ट्रक यूनियन ग्राउंड तथा चूरान के निकट पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांगड़ा जोन प्रभारी डॉ. के.सी. धीमान द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अभियान में धर्मशाला, कांगड़ा, डाढ़, मरंडा और बैजनाथ सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 500 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक, कचरा और अन्य अपशिष्ट एकत्र कर उचित निस्तारण में सहयोग दिया तथा लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

### 'युवा संगम-चरण VI' के तहत 48 विद्यार्थी पुडुचेरी रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत आयोजित 'युवा संगम-चरण VI' कार्यक्रम में दूसरी बार सहभागिता कर रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को 48 विद्यार्थियों के दल को कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने रवाना किया। यह कार्यक्रम पुडुचेरी के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर आधारित है, जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों के बीच एकता, संवाद और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना है। कुलपति ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे उनके लिए महत्वपूर्ण अनुभव बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 10 दिनों के दौरान पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और पारस्परिक संपर्क जैसे विषयों का अनुभव मिलेगा। दल में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी जेईई एडवांस्ड 2026 में चमके

अनंत ज्ञान



**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए जेईई एडवांस्ड 2026 में अपनी सफलता का परचम लहराया। धैर्य कुंडल और अनुज धीमान ने उत्कृष्ट राष्ट्रीय रैंक प्राप्त की, जिससे विद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ। धैर्य कुंडल ने अखिल भारतीय रैंक 458 हासिल की, जबकि अनुज धीमान ने 2912 रैंक प्राप्त कर देश के श्रेष्ठ इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों में अपनी जगह बनाई।

यह उपलब्धि विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और अनुशासन के साथ-साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जेईई एडवांस्ड को भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में गिना जाता है, जिसमें सफलता के लिए गहरी विषय ज्ञान, विश्लेषणात्मक सोच और निरंतर कठिन परिश्रम आवश्यक है। धैर्य और अनुज की सफलता प्रताप वर्ल्ड स्कूल के इंटीग्रेटेड शिक्षा और कोचिंग मॉडल की प्रभावशीलता को भी दर्शाती है। विद्यालय ने स्कूली शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग का संतुलित संयोजन प्रदान किया है, जिसमें मेंटरशिप, नियमित मूल्यांकन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। निदेशक सनी महाजन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक प्रणाली का प्रमाण है। प्राचार्या सुभ्रा रानी ने इसे उत्कृष्टता और दृढ़ संकल्प की संस्कृति का परिणाम बताया।

### पेड़-पौधे ही हमारे जीवन का हैं आधार : अनिल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नवनिर्वाचित चंद्रोपा पंचायत में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत प्रधान अनिल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर उपप्रधान सुनील ठाकुर, वार्ड सदस्य इंद्र पाल, नम्रता धीमान, पम्मी देवी, अनीता देवी और ममता शर्मा सहित कई लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पंचायत के आम नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। पंचायत प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और पेड़-पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि पेड़-पौधे ही हमारे जीवन का आधार हैं, जो हमें स्वच्छ वायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में पंचायत के वरिष्ठ और बुद्धिजीवी वर्ग ने भी भाग लेकर नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों का मनोबल बढ़ाया और भविष्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक एवं साहित्यकार राजेंद्र पालमपुरी ने भी अपने विचार साझा किए।

# विजय मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग स्पर्धा में लहराया परचम

अनंत ज्ञान



सात्विक ने जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विजय मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों ने इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बाथु (ऊना) में आयोजित इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता 30 अप्रैल से 9 मई तक आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेशभर से लगभग 65 छात्राओं और 70 छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय के सात्विक ने जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।

वहीं, रुद्र प्रताप, अंशुमान, दिव्या और स्नेहा का चयन अगले कैंप, 5वीं हिमाचल प्रदेश एनसीसी बटालियन धर्मशाला (12 से 24 मई) के लिए किया गया। छात्रा दिव्या शर्मा का चयन 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में हुआ, जबकि स्नेहा ने सभी छात्राओं में चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सात्विक, अंशुमान, रुद्र प्रताप और स्नेहा का चयन 50 मीटर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए भी हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 1.5 सेंटीमीटर से 5 सेंटीमीटर तक के बेहतरीन शूटिंग ग्रुप बनाकर अपनी सटीकता और प्रशिक्षण का परिचय दिया। इसके बाद प्री-2 प्रतियोगिता 25 मई से 2 जून तक आयोजित की गई, जिसमें रुद्र प्रताप ने पीप साइट और सात्विक ने ओपन साइट 50 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्या, स्नेहा, रुद्र प्रताप और सात्विक का चयन डायरेक्टरेट दूसरी एनसीसी बटालियन, चंडीगढ़ (7 से 15 जून) के लिए हुआ। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि विजय मेमोरियल स्कूल केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, अनुशासन और नेतृत्व विकास पर विशेष ध्यान देता है। डायरेक्ट इंजीनियर सचिन शर्मा ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बीएलओ से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला: भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 5 से 8 जून 2026 तक कांगड़ा एवं चम्बा जिले के चार दिवसीय प्रवास पर हैं। दौरे के प्रथम दिन उन्होंने होटल हयात, धर्मकोट में बीएलओ, पर्यवेक्षकों एवं निर्वाचन कार्मिकों के साथ संवाद किया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बीएलओ को निर्वाचन तंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, विश्वसनीयता और समावेशिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। उन्होंने निर्वाचन कार्यों में आईटी आधारित प्रणालियों के उपयोग पर भी जोर दिया और पारदर्शी व समयबद्ध कार्य के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नामग्याल मठ, सेंट जॉन चर्च और नॉरबुलिंगका मठ का भी भ्रमण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### झनिक्कर-कैहरवीं सड़क 20 तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत झनिक्कर-कैहरवीं सड़क के कुछ हिस्से पर पेवर ब्लॉक्स लगाने के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 20 जून तक बंद किया गया है। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि झनिक्कर-कैहरवीं सड़क के कुछ हिस्से पर पेवर ब्लॉक्स लगाने के कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 20 जून तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक दिम्मी से भदरू, डेरा परोल सड़क या पंजोत से धरयाड़ा, कंजयाण, डरा परोल सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### स्व-गणना एवं जनगणना की प्रक्रिया समझाई



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए उपमंडल बड़सर में अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मिनी सचिवालय में आयोजित इन शिविरों में विभिन्न विभागों के कर्मचारी और प्रशिक्षण हेतु तैनात शिक्षक भाग ले रहे हैं। एसडीएम स्वाति डोगरा ने सभी प्रतिभागियों से स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी और आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्व-गणना की सुविधा 1 जून से 15 जून 2026 तक उपलब्ध रहेगी, जिसमें नागरिक स्वयं पोर्टल पर विवरण दर्ज कर सकते हैं। जिला समन्वयक अजय सोलंकी ने ऑनलाइन प्रक्रिया, पंजीकरण और जनगणना के महत्व की जानकारी दी।

### हमीरपुर में 11 को लगेगा लघु रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला रोजगार कार्यालय में 11 जून को सुबह 10 बजे लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न कंपनियां कुल 445 पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बद्दी की माइलस्टोन गियर्स लिमिटेड मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन एवं क्वालिटी ट्रेनी के 300 पद भरेगी। इन पदों के लिए 12वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा और बीटेक योग्यताधारी 18 से 25 वर्ष के अविवाहित पुरुष पात्र होंगे। एएचएमसी-ई वैली प्राइवेट लिमिटेड टेक्निकल एसोसिएट, ऑपरेटिंग इंजीनियर, असेंबली और वेल्डिंग के 45 पदों के लिए भर्ती करेगी। इसके लिए 18 से 32 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। वहीं, एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। चयनित उम्मीदवारों को 14,000 से 24,000 रुपए तक मासिक वेतन के साथ ईपीएफ, ईएसआई, बीमा और पेंशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

### नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने लिया गोमाता का आशीर्वाद




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंचायत काले अम्ब एवं पंचायत स्वाहल ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि अपने अपने प्रधान के नेतृत्व में गोशाला जमली धाम में पहुंच कर गोशाला का निरीक्षण किया तथा गो माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रोहित शर्मा हैप्पी पहलवान व बीडीसी सदस्य नीलम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों ने गोमाता कमेटी के कार्यों की प्रशंसा की तथा भविष्य में अपनी ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। गोशाला कमेटी द्वारा सभी प्रतिनिधियों का गोमाता के गोबर से निर्मित मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर काले अम्ब पंचायत के प्रधान सुनील सिंह, उप प्रधान रविन्द्र (विक्की) वार्ड पंच रजनीश, आशा देवी, सोनिया, आशा देवी व राजेन्द्र ठाकुर तथा ग्राम पंचायत स्वाहल से प्रधान दलीप धीमान, उपप्रधान अजय शर्मा, वार्ड पंच निशा कुमारी, सुभाष शर्मा, सरोज कुमारी, व रंजना उपस्थित रही।

# कोई भी घायल न छूटे कैशलैस इलाज की सुविधा से : उपायुक्त

## सभी अस्पतालों में होनी चाहिए घायलों के डाटा की ऑनलाइन एंट्री

अनंत ज्ञान



कार्यशाला को संबोधित करती उपायुक्त गंधर्वा राठौड़। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों के लिए पीएम-राहत योजना के तहत सभी सरकारी अस्पतालों और अन्य सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ लाख रुपए तक के मुफ्त एवं कैशलैस इलाज की सुविधा का प्रावधान किया गया है।

सड़क दुर्घटना के बाद 24 घंटे के भीतर अस्पताल में दाखिल होने पर यह सुविधा मिलेगी और घायल व्यक्ति का अधिकतम सात दिन तक कैशलैस इलाज किया जा सकता है। कोई भी सूचीबद्ध अस्पताल घायल को दाखिल करने से मना नहीं कर सकता है। जिला हमीरपुर में इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को यहां हमीर भवन में जिला प्रशासन, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस सुविधा का लाभ पीड़ितों तक पहुंचाने के लिए अस्पताल स्तर पर ऑनलाइन अपलोडिंग की प्रक्रिया सबसे महत्वपूर्ण है। ई-डार (ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) के एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफार्म पर सड़क दुर्घटना से संबंधित संक्षिप्त जानकारी अपलोड करते ही घायल व्यक्ति का कैशलेस इलाज शुरू किया जा सकता है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल हमीरपुर, जिला के अन्य सरकारी अस्पतालों और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने स्वास्थ्य संस्थानों में इस ऑनलाइन एंट्री के लिए उचित प्रबंध करें। इसके लिए अगर कर्मचारियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो तुरंत जिला सड़क सुरक्षा समिति को सूचित करें।

## ऋण आवंटन में वृद्धि के लिए विशेष शिविर लगाएं बैंक: डीसी

अनंत ज्ञान

- **जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक में दिए निर्देश**

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने सभी सरकारी एवं गैर सरकारी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अधिक से अधिक लोगों को ऋण योजनाओं से जोड़ने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के सहयोग से नियमित रूप से विशेष जागरूकता एवं ऋण आवंटन शिविर आयोजित करें, ताकि लोगों को विभिन्न बैंक योजनाओं का लाभ मिल सके और जिले का सीडी अनुपात सुधारा जा सके।

शुक्रवार को हमीर भवन में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही की उपलब्धियों की समीक्षा की और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष के दौरान जिले में कुल 1819 करोड़ रुपए के ऋण आवंटित किए गए, लेकिन ऋण-जमा अनुपात में और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋण मामलों को लंबित न रखें और सरकारी सब्सिडी योजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर स्वीकृत करें। उन्होंने कृषि, पशुपालन, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूह, सोलर प्लांट, शिक्षा ऋण और गृह ऋण जैसे क्षेत्रों में अधिक सक्रियता दिखाने पर जोर दिया। उपायुक्त ने बताया कि जिले में 45,000 से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं और शेष पात्र किसानों को भी प्राथमिकता के आधार पर यह सुविधा दी जाए। बैठक में पीएमईजीपी, एससीएसटी निगम और अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए।

## करसोह गांव में आग लगने से पशुशाला राख, भैंस झुलसी



ग्रामीणों ने मिलकर आग पर पाया काबू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** विकास खंड टौणी देवी की गुवाड़ू पंचायत के करसोह गांव में शुक्रवार तड़के हुए भीषण अग्निकांड में एक पशुशाला पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।

वहीं, पशुशाला में बंधी भैंस भी आग की चपेट में आने से झुलस गई, जिसे ग्रामीणों की तत्परता से बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, करसोह गांव निवासी अमित कुमार पुत्र कमलेश कुमार की पशुशाला में शुक्रवार सुबह करीब 3 बजे अचानक आग भड़क उठी। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी पशुशाला इसकी चपेट में आ गई। इस दौरान अंदर बंधी भैंस भी आग में फंस गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने साहस और तत्परता दिखाते हुए उसे बाहर निकाल लिया। अमित ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग से पशुशाला में रखा सामान जल गया।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** निदेशालय महिला एवं बाल विकास, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी योजना के तहत बाल विकास परियोजना सुजानपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों को भरा जाएगा। नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में सहायिका के पदों हेतु पात्र महिला उम्मीदवार 5 जून 2026 से 23 जून 2026 तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदनकर्ता की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और वह संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के फीडिंग एरिया की निवासी होनी चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10+2 निर्धारित की गई है तथा पारिवारिक वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया 25 अंकों के आधार पर होगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, सामाजिक श्रेणी, दिव्यांगता और साक्षात्कार शामिल हैं। दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार 24 जून को बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजानपुर ऑफिस में आयोजित किया जाएगा।

## अंगदान की प्रेरणा के लिए बडैहर निवासी ट्रैकर अनिल मनाली से लेह तक करेंगे पैदल यात्रा

### 8 जून से शुरू होगी यात्रा, एक महीना पहले किया था देहदान का संकल्प

अनंत ज्ञान




**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के बडैहर गांव से ताल्लुक रखने वाले ट्रैकर अनिल कुमार अंगदान के महत्व को आमजन तक पहुंचाने, उन्हें प्रेरित करने के लिए मनाली से लेह तक पैदल यात्रा पर निकलेंगे। वह करीब 500 किलोमीटर की इस खतरनाक दूरी के लिए 25 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किए हुए हैं। मनाली से लेह के लिए उनकी यह पैदल यात्रा 8 जून को शुरू होगी। और केलांग जिस्पा, दारचा, सरचू होकर हाल ऑफ फेम पहुंच कर वे शहीदों को नमन करेंगे। उनका कहना है कि उनकी तरफ से यह अपने देश की सेवा के लिए एक छोटा सा प्रयास होगा। खुद एक रजिस्टर्ड ऑर्गन डोनर अनिल बताते हैं कि आज इस प्रदेश सहित देश और दुनिया में लाखों की संख्या में ऐसे लोग हैं, जो जीना तो चाहते हैं, लेकिन अंग नहीं मिलने की वजह से उनकी असामयिक मृत्यु हो जाती है। यही इस समाज की सबसे बड़ी विडंबना है। वे लोगों से भी अपील करते हैं कि अंगदान के लिए उन्हें आगे आना चाहिए। व्यक्ति की आंखें दुनिया से जाने के बाद भी किसी को संसार दिखा सकती हैं। उसका दिल आपके ना होने पर भी किसी के अंदर धड़कता रहेगा और यदि आप अपना अंगदान करते हैं, तो इससे बड़ा और कोई दान नहीं हो सकता।

अनिल कहते हैं कि अंगदान पर जागरुकता का अभाव होने के कारण लोग खुलकर आगे नहीं आ पाते, ऐसे में उन्हें विश्वास है कि उनकी यह यात्रा लोगों को जागरुक करने में निश्चित रूप से मददगार साबित होगी। उन्होंने अपनी तरफ से सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने का भी भरोसा दिलाया और कहा कि उनके पास टेंट, स्लीपिंग बैग, मैट्स, जैकेट, जूते, फर्स्ट एड किट और अन्य तरह की वह सारी आवश्यक चीजें मौजूद हैं, जो इस दुर्गम और कठिन इलाके में जाने के लिए महत्वपूर्ण रहती हैं। इस लंबी यात्रा के दौरान का सफर रोजाना के हिसाब से 20 और 25 किलोमीटर के बीच में रहेगा मौसम के लिहाज से हुए इसमें फेरबदल भी कर सकते हैं। अनिल बताते हैं कि उनकी पत्नी हेल्थ डिपार्टमेंट में हैं। वह पहले अपना काम करते थे और अपने परिवार का पालन पोषण करने में कोई कोर का असर नहीं छोड़ा करते थे। लेकिन पत्नी की नौकरी लगने के बाद अब उन्होंने जो यह अंगदान करने का लक्ष्य एक महीना पहले निर्धारित किया था, उस पर उनकी पत्नी का भी इसमें काफी मोटिवेशनल रहा है।

## एनईपी-2020 के तहत शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान




मुंबई में शिक्षा सुधारों पर संयुक्त समिति की बैठक में भाग लेते अनुराग। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 की समीक्षा कर रही संयुक्त समिति की अध्ययन यात्रा के दौरान आयोजित महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लिया।

इस दौरान समिति ने महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधियों, देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों तथा रेलवे क्षेत्र से जुड़े सार्वजनिक उपक्रमों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठकों में मुंबई विश्वविद्यालय, भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान वडोदरा, विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान नागपुर तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा सहित विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधारों और भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार आधारित तथा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उच्च शिक्षा ढांचा तैयार करने के लिए सभी हितधारकों के साथ निरंतर संवाद और परामर्श अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बैठक में संस्थागत उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने, प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने तथा शिक्षा, उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रस्तावित विधेयक शिक्षा क्षेत्र में सुधारों को गति देगा तथा विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में मजबूत और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- **सुजानपुर के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों ने भी धूमल से मुलाकात की**

अनंत ज्ञान



विश्व पर्यावरण दिवस पर समीरपुर में लगाया एक पेड़ मां के नाम। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समीरपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान सहित भाजपा के जिला एवं विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, मातृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक प्रेरणादायी प्रयास है। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया गया। वहीं बड़सर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों गुरदीप सिंह, विकास कुमार, रमेश्वर दत्त तथा रेणु बाला ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ भाजपा नेता इंद्रदत्त लखनपाल भी उपस्थित रहे। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि पंचायतराज संस्थाओं में जनता ने जिन प्रतिनिधियों को चुनकर भेजा है, वे विकास और जनसेवा की नई उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। वहीं सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य तृप्ता देवी, आशा देवी तथा मनजीत सिंह सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने भी धूमल से मुलाकात की। इस दौरान सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा एवं जसवंत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने प्रो. धूमल से क्षेत्र के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पंचायत राज संस्थाओं की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने संबंधी विषयों पर चर्चा की।

## नवनिर्वाचित जिप सदस्य अनीता ने की पूर्व सीएम धूमल से मुलाकात



पूर्व मुख्यमंत्री धूमल से मिलतीं नवनिर्वाचित जिप सदस्य अनीता व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** द महल वार्ड से आजाद प्रत्याशी के रूप में जिला परिषद सदस्य निर्वाचित हुई अनीता देवी ने समीरपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने अपनी चुनावी सफलता के लिए प्रो. धूमल और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया। अनीता ने कहा कि धूमल हिमाचल प्रदेश की राजनीति के एक सशक्त और प्रेरणादायी व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में प्रदेश के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनके मार्गदर्शन से नई पीढ़ी के जनप्रतिनिधियों को निरंतर प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर पंचायतीराज संस्थाओं के कई नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी समीरपुर पहुंचकर प्रो. धूमल का आशीर्वाद प्राप्त किया। इनमें ग्राम पंचायत स्वाहल, नाड़सी, कुठेड़ा सहित विभिन्न बीडीसी सदस्य और उनके समर्थक शामिल रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और क्षेत्रीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## नीरज भारती के आरोपों का जवाब दें सीएम जनता जानना चाहती सच : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले नीरज भारती द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लंबे समय से सरकार के भीतर व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी के मुद्दे उठाता रहा है, लेकिन अब कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नीरज भारती ने जिस तरह अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, उससे प्रदेश की राजनीति में गंभीर चर्चा शुरू हो गई है।

प्रेस बयान में राणा ने कहा कि नीरज भारती ने पार्टी उपाध्यक्ष पद से इस्तीफे देने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर जो बातें सार्वजनिक की हैं, वे अत्यंत गंभीर हैं और मुख्यमंत्री को स्वयं प्रदेश की जनता के सामने वस्तुस्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारती द्वारा प्रदेश में हर महीने पांच अटैची इकट्ठे किए जाने और इनमें तीन हाईकमान को भेजे जाने और दो अटैची अपने पास रख लेने संबंधी लगाए गए आरोपों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब सरकार को देना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नीरज भारती ने अपनी सोशल मीडिया पोस्टों में यह भी लिखा है कि जिन ठेकेदारों द्वारा शिमला जाकर कथित रूप से 'चढ़ावा' चढ़ाया जा रहा है, उनके लिए ट्रेजरी के दरवाजे खुल रहे हैं और भुगतान किए जा रहे हैं। यदि सत्तारूढ़ दल का ही एक वरिष्ठ नेता इस प्रकार के आरोप सार्वजनिक रूप से लगा रहा है तो मुख्यमंत्री के लिए चुप्पी साधे रखना उचित नहीं कहा जा सकता। राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार को अब यह स्पष्ट करना चाहिए कि नीरज भारती द्वारा लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं या फिर उनमें सच्चाई है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप निराधार हैं तो सरकार को उनका खंडन करना चाहिए और यदि आरोपों में दम है तो दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि आखिर सरकार के भीतर क्या चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस पूरे मामले को गंभीरता से देख रही है और सरकार से पारदर्शिता तथा जवाबदेही की अपेक्षा करती है। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल सामने आकर नीरज भारती द्वारा उठाए गए मुद्दों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, क्योंकि यह मामला केवल कांग्रेस पार्टी का आंतरिक विषय नहीं बल्कि प्रदेश की जनता के विश्वास और सरकारी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ है।

## बड़सर में इंद्रदत्त की रणनीति लाई रंग पंचायत चुनावों में भाजपा का दबदबा



विधायक लखनपाल से मिले नवनियुक्त पंचायत प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** भाजपा की नई टीम फार्म में आना शुरू हो गई है। कहते हैं जब सही समय पर अगर आप फील्डिंग सही तरीके से सजाएंगे तो कोई आपको मात नहीं दे सकता। यह कारनामा बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने करके दिखाया है।

हालांकि भाजपा की एक टीम उनके खिलाफ सक्रिय थी, लेकिन इंद्रजाल में वह सब फंसते नजर आए। उनकी रणनीति के आगे विरोधियों की एक भी चाल नहीं चल सकी सभी मोहरे फिसड्डी साबित हुए। जिला परिषद की भाजपा ने चारों सीटें जीतकर एक तरफा जीत हासिल की है, समिति चुनाव में भी भाजपा समर्थित 17 उम्मीदवार बीडीसी सदस्य बने हैं। नवनियुक्त पंचायत प्रतिनिधियों का लखनपाल के दरबार में पहुंचे। साथ में पंचायत प्रधानों की बात करें कमी नहीं है लगभग 53 प्रधानों में से 40 के करीब भाजपा समर्थक है। जिला परिषद में तो 4-0 से कांग्रेस का सफाई कर दिया है, जबकि बीडीसी मेंबर 23 में से 17 के करीब भाजपा समर्थित जीते हैं। अगर कांग्रेस का हाल मुख्यमंत्री के गृह जिला में चिंताजनक है तो फिर आप पता लगा सकते हैं कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस का हाल क्या होगा।

## जाहू बस स्टैंड के शौचालय व नालियों में फैली गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा

अनंत ज्ञान



स्वच्छता अभियान को ठेंगा, जाहू बस स्टैंड में फैली गंदगी। अनंत ज्ञान

**जाहू।** तीन जिलों के संगम स्थल जाहू स्थित बस स्टैंड में बने शौचालय और नालियों में फैली गंदगी के कारण गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। भीषण गर्मी के मौसम में शौचालय की दयनीय स्थिति यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। शौचालय की व्यवस्था इतनी खराब है कि यहां आने वाले लोगों को संक्रमण का खतरा बना रहता है।

शौचालय के यूरिनल की सीमेंटेड संरचना पूरी तरह टूट चुकी है, जिसके कारण गंदगी बाहर की ओर बह रही है और आसपास गंदगी फैल रही है। इससे दुर्गंध के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। यात्री राजेश कुमार, देशराज, कमलेश कुमार, राकेश कुमार, संतोष कुमारी, सरोज कुमारी, प्रदीप कुमार, अमर सिंह, जीत सिंह, रमन कुमार, अशोक कुमार, कमल कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से जाहू बस स्टैंड के शौचालय में गंदगी का आलम बना हुआ है। स्थिति यह है कि लोगों को वहां से गुजरते समय नाक और मुंह ढकने के लिए मजबूर होना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाहू बस स्टैंड से परिवहन विभाग को हर महीने लाखों रुपए की आय होती है, लेकिन इसके बावजूद शौचालयों की सफाई और रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा यात्रियों और आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उपरोक्त लोगों ने परिवहन विभाग तथा प्रदेश सरकार से मांग की है कि स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाए रखने के लिए जाहू बस स्टैंड के शौचालयों और नालियों की तत्काल सफाई करवाई जाए, तथा उनकी मरम्मत कर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर द्वारा पंजाब बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं प्रभारी चमन लाल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनजीत सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। अपने संबोधन में चमन लाल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम 'इंस्पायर्ड बाय नेचर, फॉर क्लाइमेट, फॉर अवर फ्यूचर' की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

### पंचायत समिति सदस्यों का शपथ समारोह आज

**अनंत ज्ञान, महादेव।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आती 32 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित 16 पंचायत समिति सदस्यों (बीडीसी) का शपथ समारोह ग्राम पंचायत महादेव भवन में 6 जून को किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी मनमोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत महादेव भवन में बल्ह की एसडीएम स्मृतिका नेगी पंचायत समिति सदस्यों को शपथ दिलाएंगी। पंचायत समिति सदस्यों को एसडीएम स्मृतिका नेगी दोपहर 1 बजे शपथ दिलाएंगी। वहीं, बल्ह के 23 पंचायत समिति सदस्यों को बीडीओ कार्यालय स्थित पंचायत समिति हाल में प्रातः 11 बजे शपथ दिलाई जाएगी।

### दयारगी के पहलवान विजय ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, हटगढ़।** निचली बैहली गांव में करवाए दंगल में प्रदेश सहित बाहरी राज्यों के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। खासतौर पर बड़ी माली को कब्जाने के लिए गांव दयारगी के पहलवान विजय कुमार ने दिल्ली के पहलवान सुशील को पराजित कर गुर्ज और 6100 रुपए, जबकि उपविजेता पहलवान को लेकर 5100 रुपए दिए। वहीं, छोटी माली के लिए गांव भरजवाणू के पहलवान विजय चौधरी और धनोटू के बताए जाने वाले पहलवान शौर्य वीर चौधरी जो लखनपुर अखाड़ा बिलासपुर से भी संबंद्ध बताए जाते हैं के बीच भिड़ंत हुई जिसमें विजय चौधरी की जीत हुई और इनाम स्वरूप क्रमशः 4100 रुपए व 3100 दिए।

### बीएसएल प्रोजेक्ट में मनाया पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, रमेश भारती, जंगमबाग।** बीएसएल प्रोजेक्ट सुंदरनगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएसएल प्रोजेक्ट के बॉटनिकल पार्क में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधीक्षण अभियंता मुख्यालय परमजीत सिहाग और अधीक्षण अभियंता हरजोत सिंह वालिया ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना समय की मुख्य आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ों के संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए साफ-सुथरा और हरा-भरा पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### कमांद स्कूल में निकाली जागरूकता रैली




अनंत ज्ञान, भौर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कमांद में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल सिंह वर्मा ने रवाना किया। इस दौरान विद्यार्थियों, स्थानीय जनता और शीतल ईको क्लब के सदस्यों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान दिमेश्वर दत्त और विद्यालय स्टाफ ने भी अभियान में सहयोग दिया। प्रधानाचार्य लाल सिंह वर्मा ने कहा कि प्लास्टिक कचरा पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने बच्चों और लोगों से कचरे को एकत्रित कर उचित स्थान पर डालने तथा इधर-उधर न फेंकने का आग्रह किया। इस अवसर पर नेत्र सिंह, गिरधारी लाल, कृपा राम और राम लाल ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।

### चैलचौक व गोहर में चला स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, गोहर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपमंडल गोहर के बासा, गोहर व चैलचौक में स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान उपमंडलाधिकारी (ना.) गोहर देवी राम ने स्वयं सफाई अभियान में भाग लेकर लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में वन विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अतिरिक्त विकास खंड अधिकारी, महिला मंडलों की सदस्याएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपमंडलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

### इग्नू में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2026 सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र-1124 के समन्वयक प्रो. कमलेश पराशर ने बताया कि इग्नू में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में प्रवेश के अवसर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं रोजगारोन्मुख उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार अध्ययन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रवेश हेतु कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है तथा आवेदन, दस्तावेज़ अपलोड एवं शुल्क जमा करने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। इग्नू के पाठ्यक्रम विशेष रूप से नौकरीपेशा व्यक्तियों, गृहिणियों, व्यवसायियों तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं के लिए लाभदायक हैं।

# तीन शिक्षकों को मिला हैम रेडियो लाइसेंस

## प्रवक्ता देव राज, प्रवक्ता सौरभ बनियाल एवं जेबीटी नरेश ने पास की परीक्षा

अनंत ज्ञान

**मंडी।** डाइट मंडी में कार्यरत प्रवक्ता एवं आपदा प्रबंधन समन्वयक देव राज शर्मा, प्रवक्ता सौरभ बनियाल तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला कठयांहू (रिवालसर) में कार्यरत जेबीटी शिक्षक नरेश कुमार ने केंद्रीय दूरसंचार मंत्रालय द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रतिष्ठित हैम/एमेच्योर रेडियो लाइसेंस प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा अप्रैल 2026 में आयोजित की गई थी, जिसमें शिक्षा विभाग से तीनों अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि के लिए उपायुक्त अपूर्व देवगन व जिला उपनिदेशक (गुणवत्ता) मीना राठौर की विशेष भूमिका रही।










देव राज शर्मा ने बताया कि अब उन्हें हैम रेडियो नेटवर्क में 'वीयू32डीआर', जबकि सौरभ बनियाल 'वीयू32वीएस' एवं नरेश कुमार 'वीयू32एनके' को क्रमशः उनके अधिकृत कॉल साइन के माध्यम से वैश्विक रेडियो संचार जगत में पहचान प्राप्त होगी।

हैम रेडियो लाइसेंस दूरसंचार मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है तथा यह उच्च-शक्ति, दो-तरफा रेडियो संचार के लिए कानूनी रूप से अनिवार्य है। इसके माध्यम से बिना इंटरनेट या मोबाइल नेटवर्क पर निर्भर हुए एच एफ बैंड पर विश्वभर में संचार स्थापित किया जा सकता है। यह तकनीक विशेष रूप से आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में संचार व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हैम रेडियो के माध्यम से ऑपरेटर तकनीकी प्रयोगों, वैश्विक संपर्कों तथा विभिन्न देशों के रेडियो ऑपरेटरों के साथ संवाद स्थापित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों से भी संपर्क स्थापित करने की संभावनाएं रहती हैं।

उन्होंने कहा कि हैम रेडियो केवल संचार का माध्यम ही नहीं, बल्कि तकनीकी ज्ञान, सहयोग, सेवा भावना एवं आपसी समन्वय को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त वैश्विक मंच है, जो विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों को जोड़कर एक सक्रिय और समर्पित समुदाय का निर्माण करता है।

## आईटीआई कोटली में 'भविष्य सेतु' करियर परामर्श शिविर आयोजित

# राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : जेसी शर्मा

अनंत ज्ञान



शिविर में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते वक्ता। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार कार्यालय मंडी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कोटली के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई कोटली में 'भविष्य सेतु' करियर परामर्श एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) कोटली जेसी शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचते हुए अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने श्रम एवं रोजगार विभाग की विभिन्न योजनाओं, रोजगार पंजीकरण, करियर परामर्श, स्वरोजगार तथा रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता देव राज और अभिषेक गुलेरिया ने विद्युत क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, जबकि सांख्यिकी सहायक कश्मीर ने सांख्यिकी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी साझा की। रोजगार विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और ऑनलाइन रोजगार पोर्टलों के बारे में भी अवगत कराया। आईटीआई कोटली के नवीन कुमार, नीरज अवस्थी और ईश्वर दास ने तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, प्रशिक्षुता तथा उद्योगों में रोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा सभी सहयोगी अधिकारियों, स्टाफ और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# संधोल कॉलेज को बंद करने पर सामाजिक संस्थाओं में भारी रोष

## रेस्ट हाउस में हुई बैठक में कहा-फैसला वापस नहीं लिया तो सड़कों पर उतरेगी जनता

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** संधोल क्षेत्र का राजकीय महाविद्यालय इन दिनों प्रदेश सरकार के एक फैसले को लेकर चर्चा और विवाद के केंद्र बना हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में खोले गए इस महाविद्यालय में नए प्रवेश बंद करने की अधिसूचना उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए जाने के बाद क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय लोग इसे 'व्यवस्था परिवर्तन' नहीं बल्कि ग्रामीण और गरीब विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा पर सीधा प्रहार बता रहे हैं। इस बाबत शुक्रवार को विश्राम गृह संधोल में एक खुली बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बुद्धिजीवियों ने भाग लिया, जिसमें लोगों का कहना है कि जिस महाविद्यालय को क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्थापित किया गया था, आज उसी संस्थान के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया गया है। सरकार की नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए जिला मुख्यालय मंडी के शिक्षण संस्थानों में जाने की सलाह दी जा रही है। लोगों ने कहा कि सरकार फैसला वापस नहीं लेती है तो क्षेत्र की जनता को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा।



रेस्ट हाउस संधोल में बैठक करते सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग। अनंत ज्ञान

इसके बदले उन्हें प्रतिमाह 5000 रुपए की सहायता राशि देने की बात कही जा रही है। हालांकि अभिभावकों और छात्रों का सवाल है कि क्या 120 से 125 किलोमीटर दूर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र का पूरा खर्च मात्र 5000 रुपए में पूरा हो सकता है? उनका कहना है कि किराया, भोजन, परिवहन और अन्य आवश्यक खर्चों को जोड़ दिया जाए तो एक विद्यार्थी पर हर महीने 15 से 20 हजार रुपए तक का आर्थिक बोझ पड़ सकता है। ऐसे में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अपने बच्चों को बाहर पढ़ाना लगभग असंभव होगा। समाजसेवी संधोल सेवा विकास एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष मान सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश जमवाल, पूर्व भाजपा धर्मपुर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मंढोतरा, पूर्व प्रधान संधोल कुलदीप बिष्ट, पूर्व उप प्रधान कोठुआं एवं मौजूदा बीडीसी अनिल कुमार, अर्जुन सिंह, ललित घबेना, रमेश, चंद्रपाल, श्रवण भंडारी, रणधीर बरवाल, डी आर भरमौरिया इत्यादि का आरोप है कि सरकार विद्यार्थियों की कम संख्या का हवाला देकर कॉलेज में प्रवेश बंद कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि वर्षों तक इस महाविद्यालय में पर्याप्त शिक्षण स्टाफ उपलब्ध ही नहीं कराया गया। बैठक में लोगों ने कहा कि कॉलेज के बंद होने से बेटियों की शिक्षा को लेकर क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है। लोगों ने सरकार से तुरंत इस कॉलेज को बहाल करने की गुहार लगाई है

# कोटली कॉलेज को बंद करने के फैसले पर हो पुर्नविचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि उन्होंने कोटली क्षेत्र सहित आसपास की 17-18 पंचायतों के विद्यार्थियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता की भावनाओं को राजकीय महाविद्यालय कोटली को बंद करने संबंधी अधिसूचना के संदर्भ में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष प्रमुखता से रखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि कोटली महाविद्यालय तुंगल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र है, जहां दूरदराज के ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करते रहे हैं। दीपक शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या कम होने का कारण संस्थान में केवल कला संकाय का संचालित होना, सीमित आधारभूत सुविधाएं तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का अभाव है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से सुना और क्षेत्र की जनता की भावनाओं के साथ प्रस्तुत तथ्यों पर सहानुभूतिपूर्वक पुनर्विचार करने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसी भी निर्णय से पहले सभी तथ्यों और जनभावनाओं का समुचित मूल्यांकन किया जाएगा।

**◆ दीपक शर्मा ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर किया आग्रह**

दीपक शर्मा ने कहा कि कोटली महाविद्यालय हजारों विद्यार्थियों और ग्रामीण परिवारों की उम्मीदों से जुड़ा संस्थान है तथा उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने क्षेत्रवासियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों से धैर्य बनाए रखने तथा सरकार पर भरोसा रखने की अपील करते हुए कहा कि महाविद्यालय का संरक्षण और सुदृढ़ीकरण क्षेत्र की शैक्षणिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## खालसा राज टैक्स सरेआम गुंडागर्दी : करतार सिंह

**अनंत ज्ञान, महादेव।** पंजाब -हिमाचल सीमा गरामोड़ा क्षेत्र में निहंगों द्वारा खालसा एंट्री टैक्स नाका लगाने को लेकर ट्रांसपोर्टरों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दी मंडी सुकेत ट्रक आपरेटर्स यूनियन धनोटू के प्रधान करतार सिंह का कहना है कि ट्रक वाले पहले ही टैक्स जमा करवा रहे हैं ऊपर से कई टोलों पर टोल टैक्स जमा करवाना पड़ रहा है 24घंटे के अंदर उन्हीं टोलों के यहां से गुजरते हैं तो फिर आधा पैसा जमा करवाना पड़ता है जो ट्रक आपरेटरों का छिलका उतारने से कम नहीं है और अगर हिमाचल में एंट्री टैक्स का विरोध कर रहे निहंग अगर अपने तरीके का टैक्स वसूल रहे हैं वह भले ही सड़क पर आकर स्वैच्छिक ही क्यों न हो कानून के खिलाफ माना जाना चाहिए।चालक विनोद कुमार का कहना है कि एंट्री टैक्स ग्रीन टैक्स के रुप में लिया जा रहा है मगर गरामोड़ा के जिस स्थान पर लिया जा रहा है वहां फैली गंदगी की हालत देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी स्वच्छता की बात हो रही है। वहीं विनोद कुमार का यह भी कहना है कि आम आदमी तंग हो रहा है अगर निहंगों द्वारा टैक्स वसूलना इसी तरह जारी रहा तो चंडीगढ़ -पंजाब के बड़े अस्पतालों में इलाज करवाने जाने वाले लोग आदि और अधिक परेशानी में पड़ जाएंगे। जेएस कार्गो धनोटू के प्रमुख सर्वजीत सिंह ने कहा कि टैक्सों का अतिरिक्त बोझ डालना बेइंसाफी है। ऑटो चालक गौरव का कहना है कि टैक्स पर टैक्स लेना कहां का इंसाफ है और तब और भी दुर्भाग्यपूर्ण हो जाता है जब पड़ोसी राज्य पंजाब के निहंग अपने छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में भी कृपाण पकड़ाकर खालसा राज टैक्स का नाका लगाने सड़क पर आ धमके। चालक टेक चंद का कहना है कि कर्ज लेकर स्वरोजगार चलाने वाले ट्रांसपोर्टरों पर टैक्सों का बोझ लादना उन्हें बर्बाद करने जैसा हो गया है।

# जयदेवी स्कूल के बाहर सड़क बनी तालाब

## बारिश के बाद हुआ जलभराव, राहगीरों और विद्यार्थियों को हो रही परेशानी

अनंत ज्ञान

**राजेंद्र कुमार, जयदेवी।** गांव जयदेवी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयदेवी के बाहर सड़क ने तालाब का रूप धारण कर लिया है। अचानक बदली मौसम की करवट के बाद हुई भारी बारिश के कारण गड्ढों में पड़ी सड़कें और नालियां लबालब भर गई हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जब भी बारिश होती है, सड़क में पानी भर जाता है तथा पैदल आने-जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जब भी कोई वाहन सड़क से गुजरता है तो दुकानों तथा राहगीरों के ऊपर गंदा पानी और कीचड़ उछलकर गिरता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार विभाग के अधिकारियों को भी इस विषय में अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। सड़क मार्ग से सटा लोक निर्माण विभाग का रेनशेल्टर भी है, परंतु जब भी कोई वाहन वहां से गुजरता है तो




जयदेवी स्कूल के बाहर बारिश के बाद सड़क पर जमा पानी अनंत ज्ञान

**◆ स्थानीय लोगों ने जल्द मरम्मत की उठाई मांग**

अंदर खड़े यात्री भी पानी की छींटों से भीग जाते हैं और उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। इसके साथ ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयदेवी का मुख्य प्रवेश द्वार भी इसी स्थान पर है। स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों के जूते, मोजे और वर्दियां भी पानी व कीचड़ से खराब हो रही हैं। गौरतलब है कि लगभग ढाई महीने पहले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिया था और शीघ्र समस्या के समाधान की बात कही थी, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय निवासियों, दुकानदारों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों ने विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत करवाकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## हार के बावजूद पंचायत विकास के लिए रहूंगा प्रतिबद्ध : खूब राम

**अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना।** टिक्कर कलां पंचायत के उपप्रधान पद के पूर्व प्रत्याशी खूब राम लुहाखरा ने पंचायत चुनाव में मिले समर्थन के लिए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के परिणाम चाहे जो रहे हों, लेकिन पंचायत के विकास और जनसेवा के प्रति उनकी सोच और समर्पण में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि पंचायतवासियों ने उन्हें 300 से अधिक वोट देकर जो विश्वास और सम्मान दिया है, उसके लिए वे सदैव ऋणी रहेंगे। लुहाखरा ने कहा कि चुनाव में हार से उनके हौसले कमजोर नहीं हुए हैं और पंचायत के विकास कार्यों के लिए उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत हित से जुड़े मुद्दों पर वह निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ सहयोग करते रहेंगे तथा पंचायत का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। उल्लेखनीय है कि खूब राम लुहाखरा पूर्व में ग्राम पंचायत भड़याल के उपप्रधान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासनू की एमएमसी के प्रधान रह चुके हैं। पंचायत चुनाव के दौरान उन्होंने टिक्कर कलां में विकास कार्यों और नव पंचायत भवन निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि से एक बीघा भूमि दान करने की घोषणा भी की थी। हालांकि इस बार वह अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार से कुछ मतों के अंतर से चुनाव हार गए।

# आबकारी अधिनियम के तहत 173 मामले दर्ज

## जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक में डीसी ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम-2011, एनडीपीएस अधिनियम-1985 तथा हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम-1989 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, खाद्य सुरक्षा तथा विभागीय समन्वय से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को आबकारी एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच सूचना आदान-प्रदान, कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और संयुक्त निरीक्षणों को मजबूत बनाना है। उन्होंने अवैध शराब और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए नियमित निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान जारी रखने पर जोर दिया।



बैठक में राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उप आयुक्त अरविंद शर्मा ने बताया कि एक जनवरी से 31 मई 2026 तक मंडी पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 173 मामले दर्ज किए। इस दौरान 698.250 लीटर विदेशी शराब, 5423.675 लीटर देशी शराब, 154.900 लीटर बीयर तथा 124.800 लीटर अवैध लाहण बरामद किया गया। वहीं आबकारी विभाग ने 37 मामलों में 104.25 लीटर विदेशी शराब, 372.63 लीटर देशी शराब, 88.5 लीटर बीयर तथा 116 लीटर लाहण जब्त किया और 5.29 लाख रुपये की कंपाउंडिंग फीस वसूली। एनडीपीएस अधिनियम के तहत पुलिस ने 149 मामलों में 42.022 किलोग्राम चरस, 180 ग्राम अफीम, 138.165 किलोग्राम डोडा पोस्त तथा 522.219 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसके अलावा 4,06,396 पोस्त के पौधे नष्ट किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज पांच मामलों में तीन मामलों में करीब 1.85 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

## रोष | सरकाघाट में आउटसोर्स सफाई मजदूर यूनियन की बैठक में जताया गया रोष

# सफाई मजदूरों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट में कार्यरत आउटसोर्स सफाई मजदूर यूनियन की बैठक कंचना गुलेरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें उपप्रधान अमित कुमार सचिव अंजना देवी सहसचिव कैलाशी देवी कोषाध्यक्ष सविता देवी और कार्यकरणी सदस्य मितलेश, ममता, रीनू देवी तथा सीटू के ज़िला प्रधान भूपेंद्र सिंह भी शामिल हुए।

बैठक में सीएलसी कंपनी और नगर परिषद प्रशासन द्वारा सफाई मज़दूरों के स्वास्थ्य के साथ किये जा रहे खिलवाड़ पर रोष व्यक्त किया गया और इसके खिलाफ़ आगामी 27 जून को ज़िला स्तरीय अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।सीटू ज़िला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया किनगर परिषद सरकाघाट में चालीस के आसपास मज़दूर शहर की सफ़ाई और घर घर से कूड़ा उठाने का काम करते हैं, जिनमें से आधा दर्जन मज़दूर पिछले कुछ दिनों में तथा आज तक दर्ज़नो मज़दूर बगड़ा गलू-टटीह गारवेज डंपिंग साईट में कूड़े को सेग्रीगेट करने और डंप करने से बीमार हुए हैं और घायल हुए हैं लेकिन कंपनी और परिषद द्वारा न तो ईंन मज़दूरों का इलाज करवाया है और न ही उन्हें मेडिकल अवकाश प्रदान किया है और श्रम कानूनों की उलंघन्ना करते हुए मज़दूरों का शोषण किया जा रहा है।सफाई मज़दूर विना देवी का काम करती बार पैर फ्रेक्चर हुआ था जिसे ठीक होने में चार महीने लगे लेक़िन कम्पनी ने इसकी चार महीने की न तो हाज़री लगाई और न ही उसे वेतन दिया गया और न ही



**◆ बीमारी और घायल होने पर भी नहीं मिल रहीं छुट्टियां**

ईलाज करवाया गया और किसी प्रकार की वित्तिय सहायता नहीं दी गई है।इसी तरह ममता देवी का काम करती बार बाजू टूट गया था और उसे प्लास्टर के साथ डियूटी करने के लिए मजबूर किया गया और इसे भी किसी तरह की वित्तिय मदद ईलाज करवाने के लिए की गई और न ही छुटियाँ दी गई।इसके अलावा ओमी गाड़ी चालक डियूटी करती बार हुई दुर्घटना में घायल हुआ है जो डेढ़ महीने में डियूटी नहीं कर पा रहा है और उसे भी किसी तरह की वित्तिय मदद और छुटियां नहीं दी जा रही हैं।इसी प्रकार बिमला देवी, मितलेश और अन्य मज़दूर इस दौरान बीमार हुए हैं, जिन्हें किसी तरह की मदद नहीं दी गई है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सीटू द्वारा राज्य स्तर पर सभी चालीस हजार से ज़्यादा आउटसोर्स मज़दूरों व कर्मचारियों को रेगुलर करने की नीति बनाने की मांग सरकार से उठायी है।हालांकि इस बारे पूर्व भाजपा और वर्तमान कांग्रेस सरकार दोनों ने नीति बनाने की बात कही है लेकिन किसी ने भी अपना वादा पूरा नहीं किया है और अब वर्तमान सरकार का भी डेढ़ साल का कार्यकाल शेष रहा है लेकिन वे इस बारे में चुप्पी साधे हुए हैं, इसलिए सीटू आने वाले समय में आउटसोर्स मज़दूरों की मांगों व इन्हें रेगुलर करने की नीति बनाने की मांग को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन छेड़ेगी।

**आंतरिक** सौंदर्य का आह्वान करना कठिन काम है। सौंदर्य की अपनी भाषा होती है, ऐसी भाषा जिसमें न शब्द होते हैं न आवाज।

–राजश्री

## संपादकीय

# लॉटरी की वापसी

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति पिछले कुछ वर्षों से लगातार दबाव में रही है। बढ़ते कर्ज, सीमित राजस्व स्रोतों और विकास योजनाओं के लिए संसाधनों की कमी के बीच राज्य सरकार नए आय स्रोत तलाशने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में लगभग 28 वर्ष बाद हिमाचल में लॉटरी व्यवस्था को दोबारा शुरू करने की तैयारी की जा रही है। लंबे समय से इस विषय पर चर्चा चल रही थी, लेकिन अब सरकार ने इसे अमलीजामा पहनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार का अनुमान है कि लॉटरी व्यवस्था से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सकता है। वित्तीय दृष्टि से यह कदम आकर्षक दिखाई देता है, लेकिन इसके सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सरकार ने लॉटरी को अधिक पारदर्शी और नियंत्रित बनाने के लिए कई प्रावधान किए हैं। लॉटरी टिकट की न्यूनतम कीमत केवल दो रुपए रखी गई है ताकि आम व्यक्ति भी इसमें भाग ले सके। किसी भी लॉटरी योजना में पहला पुरस्कार 10 हजार रुपए से कम नहीं होगा। साथ ही, बिना क्यूआर कोड वाले टिकटों पर रोक लगाई जाएगी और नियमों के उल्लंघन पर वितरकों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। रिश्तेदारों या परिचितों को अनुचित लाभ पहुंचाने की स्थिति में मुकदमा दर्ज करने तक की व्यवस्था की गई है। रात नौ बजे के बाद किसी भी ड्रॉ की अनुमति नहीं होगी और एक दिन में सभी योजनाओं को मिलाकर अधिकतम 24 ड्रॉ ही निकाले जा सकेंगे। इसके अलावा वर्ष भर में केवल छह विशेष बंपर ड्रॉ आयोजित किए जाएंगे तथा राष्ट्रीय पर्वों और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में लॉटरी संचालन नहीं होगा।

इन व्यवस्थाओं से स्पष्ट है कि सरकार पिछली गलतियों से सबक लेते हुए एक नियंत्रित और पारदर्शी लॉटरी प्रणाली विकसित करना चाहती है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल नियम और तकनीकी निगरानी सामाजिक दुष्प्रभावों को रोक पाएंगे? इतिहास इस विषय पर कई महत्वपूर्ण संकेत देता है। हिमाचल प्रदेश में वर्ष 1999 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व वाली सरकार ने लॉटरी व्यवस्था को बंद कर दिया था। उस समय यह माना गया था कि लॉटरी के कारण समाज में कई गंभीर समस्याएं पैदा हो रही थीं। लोग जल्दी अमीर बनने की चाह में अपनी मेहनत की कमाई दांव पर लगा रहे थे। अनेक परिवार आर्थिक संकट में फंस गए थे। कई लोगों ने कर्ज लेकर टिकट खरीदे और नुकसान उठाया। युवाओं और महिलाओं में भी लॉटरी के प्रति आकर्षण तेजी से बढ़ा था। परिणामस्वरूप सरकार को सामाजिक हित में यह कठोर निर्णय लेना पड़ा था।

आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं, लेकिन मानवीय स्वभाव नहीं बदला है। आज भी बड़ी संख्या में लोग कम समय में अधिक पैसा कमाने का सपना देखते हैं। यही कारण है कि लॉटरी, ऑनलाइन सट्टेबाजी और विभिन्न प्रकार के जुए जैसी गतिविधियां लोगों को आकर्षित करती हैं। लॉटरी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह उम्मीद बेचती है। कुछ रुपए लगाकर लाखों रुपए जीतने का सपना हर व्यक्ति को रोमांचित करता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि अधिकांश लोगों को केवल निराशा ही हाथ लगती है।

राज्य सरकार के लिए यह राजस्व जुटाने का एक आसान माध्यम हो सकता है। जब पारंपरिक करों में वृद्धि राजनीतिक रूप से कठिन हो और आर्थिक गतिविधियां अपेक्षित स्तर तक न पहुंच रही हों, तब लॉटरी जैसे विकल्प आकर्षक लगते हैं लेकिन किसी भी सरकार को यह भी देखना होगा कि उसकी आय का स्रोत समाज के कमजोर वर्गों पर कितना प्रभाव डालता है। अक्सर निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोग ही लॉटरी में अधिक पैसा खर्च करते हैं। वे बेहतर भविष्य की उम्मीद में बार-बार टिकट खरीदते हैं और धीरे-धीरे यह आदत आर्थिक बोझ में बदल सकती है। हिमाचल में, जहां बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और रोजगार के अवसर सीमित हैं, वहां लॉटरी का सामाजिक प्रभाव और भी गहरा हो सकता है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा के महान अभिनेता

**हिंदी** सिनेमा के महान अभिनेता सुनील दत्त का जन्म 6 जून 1929 को पाकिस्तान के झेलम जिले के खुर्दी गांव में हुआ था। उनका वास्तविक नाम बलराज रघुनाथ दत्त था। विभाजन के बाद उनका परिवार भारत आ गया और उन्होंने संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में अपनी शिक्षा पूरी की। अभिनय के प्रति रुचि के कारण उन्होंने अपना नाम बदलकर सुनील दत्त रख लिया।



सुनील दत्त
जन्म : 6 जून, 1929
मृत्यु : 25 मई, 2005

मुंबई में उन्होंने अपने करियर की शुरुआत रेडियो सीलोन के उद्घोषक के रूप में की, जहां वे फिल्मी कलाकारों के साक्षात्कार लिया करते थे। वर्ष 1955 में फिल्म रेलवे प्लेटफार्म से उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उन्हें वास्तविक पहचान 1957 की क्लासिक फिल्म मदर इंडिया में 'बिरजू' की भूमिका से मिली। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय ने उन्हें हिंदी सिनेमा के अग्रणी अभिनेताओं की श्रेणी में ला खड़ा किया। इसके बाद उन्होंने सुजाता, मुझे जीने दो, वक्त, खानदान, पड़ोसन और हमराज जैसी अनेक सफल फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं। उनकी अभिनय शैली सहज, प्रभावशाली और आम भारतीय के जीवन से जुड़ी हुई थी।

फिल्म मदर इंडिया की शूटिंग के दौरान उन्होंने अभिनेत्री नर्गिस को आग की दुर्घटना से बचाया। इसी घटना के बाद दोनों के बीच निकटता बढ़ी और 11 मार्च 1958 को उन्होंने विवाह कर लिया। यह जोड़ी भारतीय सिनेमा की सबसे सम्मानित जोड़ियों में गिनी जाती है। अभिनेता होने के साथ-साथ सुनील दत्त एक संवेदनशील समाजसेवी और सफल राजनेता भी थे। वे सांसद रहे और 2004-05 में भारत सरकार में युवा मामले एवं खेल मंत्री के रूप में कार्य किया। 25 मई 2005 को मुंबई में उनका निधन हो गया।



कविता

## धरा का विलाप

कनुप्रिया, नूरपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र)

**बड़े** चाव से विधाता ने धरती को सजाया,
वन-उपवन, जीव-जंतु, हर बीज को उगाया।
अपनी ही सृष्टि पर वो बहुत इतराया,
नील व्योम ने भी तब मंगल गीत गाया।
लालच का झरना जब मानव में फूटा,
दिल विधाता का सैकड़ों बार टूटा।
देवर्षि देखता रहा धरा का हाल,
कटते रहे वन, उजड़ते रहे साल-दर-साल।
धरा का बीज पनपते ही कटने लगा,
मिट्टी से लिपटा जीवन सिसकने लगा।
आ गई बेला प्रलय की, व्योम से गिरी चिंगारियां,
त्राहिमाम-त्राहिमाम पुकार उठीं दिशाएं सारी।
मौन भी उस दिन जैसे बोल उठा,
प्रकृति का हर कण डोल उठा।
कहीं कुछ पूछने बूढ़ा विधाता आया तो कह देंग-
'हां, तुम्हारी सृष्टि को हमने मिटाया।'
'जरा तू बोल, तो सारी धरा फूंक देंगे,
जो रोकेगा राह, उसे भी राख कर देंगे।
तेरी सृष्टि की तू जाने, हे विधाता,
हमें तो इसे तहस-नहस करना ही आता।'

# पर्यावरण संरक्षण : आज का संकल्प, कल का भविष्य



सुभाष चंद काशव
गांव, जौवा, जिला चंबा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

धरती केवल मिट्टी, जल, वायु और पेड़ों का समूह नहीं है। यह मानव सभ्यता की जननी, जीवन की आधारशिला और आने वाली पीढ़ियों की सबसे अमूल्य धरोहर है। जब सूर्योदय की सुनहरी किरणें पर्वतों को आलोकित करती हैं, नदियों का निर्मल जल कल-कल करता हुआ बहता है, खेतों में हरियाली लहराती है और पक्षियों का मधुर कलरव वातावरण में संगीत घोलता है, तब प्रकृति अपनी अनुपम सुंदरता का परिचय देती है, किंतु आज यही प्रकृति मानव की असीमित महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के कारण संकट में है। बढ़ता प्रदूषण, कटते जंगल, सूखते जलस्रोत, पिघलते हिमनद और बदलता मौसम इस बात की चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते नहीं संभले, तो भविष्य गंभीर चुनौतियों से घिर सकता है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व को सुरक्षित रखने का संकल्प है।

मानव और पर्यावरण का संबंध अत्यंत गहरा और अटूट है। मनुष्य चाहे विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में कितनी भी प्रगति कर ले, वह प्रकृति के बिना जीवित नहीं रह सकता। शुद्ध वायु, स्वच्छ जल, उपजाऊ भूमि और हरियाली जीवन के मूल आधार हैं। दुर्भाग्यवश विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति का अत्यधिक दोहन किया है। उद्योगों से निकलता धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है, नदियों में बहाया जा रहा रासायनिक कचरा जल स्रोतों को विषैला बना रहा है तथा प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए खतरा बन गया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई ने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुंचाया है।

आज विश्व जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। कभी भीषण गर्मी, कभी असामान्य वर्षा, कभी सूखा और कभी विनाशकारी बाढ़ मानव जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो भविष्य में अनेक तटीय क्षेत्र और शहर गंभीर संकट में पड़ सकते हैं। भारत में पर्यावरण संरक्षण का महत्व विशेष रूप से अधिक है, क्योंकि यहां प्रकृति को सदैव पूजनीय माना गया है। भारतीय संस्कृति में वृक्षों, नदियों, पर्वतों और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान की परंपरा रही है। पीपल, बरगद और तुलसी जैसे पौधों की पूजा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का संदेश भी है। हमारे ऋषि-मुनियों ने सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की शिक्षा दी, किंतु आधुनिक जीवन शैली ने इस संतुलन को कमजोर कर दिया है और मनुष्य धीरे-धीरे प्रकृति से दूर होता जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत व्यक्तिगत स्तर से होनी चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करे, तो बड़ा परिवर्तन संभव है। पानी और बिजली की बचत, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, स्वच्छता का पालन और वृक्षारोपण जैसे सरल कदम पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि अकेले उनके प्रयासों से क्या होगा, लेकिन हर बड़े परिवर्तन की शुरुआत एक छोटे कदम से ही होती है। वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी उपाय है। पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और असंख्य जीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। आज आवश्यकता केवल पौधे लगाने की नहीं, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण की भी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष को बड़ा करने का संकल्प ले, तो धरती को पुनः हरित बनाया जा सकता है।जल संरक्षण पर्यावरण सुरक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण आधार है। जल के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है, किंतु वर्तमान समय में विश्व के अनेक क्षेत्र गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है और नदियां तथा जलस्रोत सिकुड़ते जा रहे हैं। ऐसे में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आदत विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि आज जल संरक्षण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।




इसी प्रकार प्लास्टिक प्रदूषण भी वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है। प्लास्टिक कचरा सड़कों, नालों, नदियों और समुद्रों तक फैल चुका है, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ रहा है। इसलिए कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग बढ़ाना तथा एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं का त्याग करना आवश्यक है।

पर्यावरण संरक्षण में शिक्षा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित की जानी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। जब हर व्यक्ति प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेगा, जल बचाएगा, स्वच्छता अपनाएगा और अधिक से अधिक वृक्ष लगाएगा, तभी एक सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण संभव होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# केवल सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध कोई समाधान नहीं है



हरिराम धीमान
नालागढ़, जिला सोलन हप्र

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

पर्यावरण संरक्षण आज के युग की सबसे बड़ी अनिवार्यताओं में से एक है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में सरकार द्वारा अनेक उपाय किए जा रहे हैं। इनमे से एक 'सिंगल-यूज प्लास्टिक' पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। यह एक सराहनीय कदम प्रतीत होता है, परंतु इस प्रतिबंध के क्रियान्वयन के तरीके ने एक बड़ी बहस को जन्म दिया है। क्या हम केवल छोटे दुकानदारों का चालान काटकर पर्यावरण को बचा सकते हैं, जबकि बड़ी कंपनियां और उत्पादन इकाइयां आज भी धड़ल्ले से प्लास्टिक का उपयोग कर रही हैं। इस पर गहनता से विचार करें तो निम्न बिंदु उभर कर सामने आते हैं

**छोटे दुकानदार बनाम बड़ी कंपनियां** वर्तमान व्यवस्था में एक बड़ी विडंबना यह है कि प्रशासन की सख्ती अक्सर रेहड़ी-पटरी वालों या छोटे किराना दुकानदारों तक ही सीमित रह जाती है। यदि एक सब्जी वाला प्लास्टिक की थैली देता पकड़ा जाए, तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाता है, लेकिन विचारणीय प्रश्न यह है कि वह थैली आई कहां से? जब तक उन फैक्ट्रियों पर ताले नहीं लगेंगे जहां यह प्लास्टिक बन रहा है, तब तक छोटे दुकानदार इसे कहीं न कहीं से प्राप्त करते रहेंगे। यह मांग और आपूर्ति का सरल नियम है। सरकार को अपनी ऊर्जा और संसाधनों को उन औद्योगिक इकाइयों पर केंद्रित करना चाहिए जो इन प्रतिबंधित सामग्रियों का निर्माण कर रही हैं।

**पैकेजिंग का मायाजाल** : आज हम किसी भी बड़े मॉल या सुपरमार्केट में चले जाएं, वहां मिलने वाली 90% वस्तुएं प्लास्टिक में लिपटी होती हैं। खाद्य सामग्री: टॉफियां, चिप्स, बिस्कुट, ब्रेड, दूध और दही—ये सभी चीजें मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक में आती हैं। यह प्लास्टिक री-साइकिल करना सबसे कठिन होता है। नए कपड़े अक्सर एक पारदर्शी प्लास्टिक बैग में आते हैं, जिस पर एक और प्लास्टिक का टैग लगा होता है। इसके अतिरिक्त अनलाइन ई-कॉमर्स कंपनियों से आने वाले पार्सल में प्लास्टिक की इतनी परतें होती हैं कि मुख्य वस्तु से ज्यादा वजन प्लास्टिक कचरे का हो जाता है।

इन बड़ी कंपनियों पर कार्रवाई करने के बजाय, सारा ठीकरा आम जनता और छोटे व्यापारियों पर फोड़ दिया जाता है। कंपनियों को सस्टेनेबल पैकेजिंग (जैसे कागज, जूट या बायोडिग्रेडेबल सामग्री) अपनाने के लिए कानूनी रूप से बाध्य करना चाहिए।

**मूक शिकार- बेसहारा पशु और पर्यावरण:** सड़कों पर बिखरा प्लास्टिक केवल दृश्यों को खराब नहीं करता, बल्कि यह एक जानलेवा जाल है। शहरों की सड़कों पर घूमने वाली गाएं और अन्य पशु भोजन की तलाश में इन प्लास्टिक के पैकेटों को चबा जाते हैं। चूंकि प्लास्टिक पचता नहीं है, यह उनके पेट में जमा होकर एक सख्त गोला बन जाता है, जिससे तड़प-तड़प कर उनकी मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा, जब यह प्लास्टिक मिट्टी में दबता है, तो यह भूमि की उर्वरता को नष्ट कर देता है। नालियों में फंसकर यह जल निकासी व्यवस्था को ठप कर देता है, जिससे मानसून के दौरान शहरों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है।



**ईपीआर की विफलता और वास्तविकता :** सरकार ने एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी का नियम बनाया है, जिसके तहत कचरा उत्पन्न करने वाली कंपनियों की जिम्मेदारी है कि वे उसे वापस इकट्ठा करें, लेकिन धरातल पर यह नियम कागजी औपचारिकता मात्र बनकर रह गया है। कंपनियां उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाती हैं और कचरे की सफाई का बोझ नगर निगमों और आम जनता पर छोड़ देती हैं।

**समाधान की राह :** इस समस्या को केवल जुर्माने से नहीं, बल्कि एक समग्र रणनीति से हल किया जा सकता है। सरकार को प्लास्टिक बैग और हानिकारक पैकेजिंग बनाने वाली फैक्ट्रियों को वैकल्पिक उद्योग में बदलने के लिए सब्सिडी देनी चाहिए और अवैध इकाइयों को पूरी तरह बंद करना चाहिए। अब समय जुर्माने का नहीं, जवाबदेही और बदलाव का है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# श्रेष्ठ पर्यावरण की पोषक रही है हमारी संस्कृति की चिरंतन परंपरा



आचार्य दीप चंद
आध्यात्मिक चिंतक

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में हर बार की भांति 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण के प्रति जनमानस में सामाजिक जागृति लाने हेतु संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सन 1972 में इसकी घोषणा की थी। पृथ्वी, जल, वायु, आकाश इन तत्वों से हमारे पर्यावरण का निर्माण होता है।

मनुष्य का पर्यावरण तथा प्रकृति के साथ गहरा संबंध है प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना करना भी व्यर्थ है। पृथ्वी पर ही मानव जीवन का अस्तित्व है। इस प्रकृति की शरण में ही मनुष्य का जीवन चक्र चलता है जिस प्रकार अजात शिशु अपनी मां के गर्भ में सुरक्षित रहता है उसी प्रकार इस पर्यावरण रूपी गर्भ में मनुष्य सुरक्षित रहता है, परंतु आजकल भोग वादी संस्कृति, अत्यधिक लोभ की प्रवृत्ति के कारण प्रकृति के अति दोहन से पर्यावरण प्रदूषण की विविध समस्याओं से समग्र संसार भयभीत है। बढ़ते औद्योगिकीकरण एवं भौतिकवाद ने हमारे पर्यावरण में अनेक विकट समस्याओं को भी पैदा कर दिया है। ओजोन मंडल को क्षति पहुंचाने वाली गैसों का प्रयोग, जंगलों का विनाश, बढ़ती हुई शहरी संस्कृति, बढ़ती जनसंख्या, रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक का प्रयोग, कृषि विकास के लिए जंगलों का विनाश तथा प्राकृतिक नियमों की अवहेलना से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। पृथ्वी पर जल, वायु किस प्रकार शुद्ध रहे तथा किस प्रकार मनुष्य के लिए संपूर्ण वातावरण कल्याणकारी बने इसके लिए आज संपूर्ण विश्व चिंतित है।

विश्व के बड़े-बड़े विज्ञानवेत्ता, पर्यावरणविद आज पर्यावरण प्रदूषण से बचने के लिए तथा प्रकृति को शुद्ध रखने के लिए जो समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं उसको हमारे ऋषियों तथा मनीषियों ने लाखों वर्ष पहले ही प्रस्तुत कर दिया था। सर्व प्राचीन हमारी संस्कृति पवित्र एवं शुद्ध पर्यावरण की संरक्षक मानी जाती है। हमारे धार्मिक ग्रंथों में भी प्रकृति को भोग्या न समझ, पूज्य मां के समान समझकर उसकी आराधना करने की बात कही गई है। सर्व प्राचीन ग्रंथ वेदों में इस धरती को मां के समान संबोधित करते हुए कहा गया है कि यह धरती मेरी मां है और मैं इसका पुत्र हूं ऐसी भावना जब हमारे हृदय में समा जाती है तो हम किस प्रकार फिर पृथ्वी को प्रदूषित कर सकते हैं। पृथ्वी, पर्वत, गगन, नदी, सरोवर, समुद्र, वनस्पति, पशु पक्षी सभी के कल्याणकारी होने की प्रार्थना हमारे शास्त्रों में की गई है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में इस वसुंधरा को मां के समान कहकर इसकी दीर्घायु की कामना की गई है।

इस पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न सभी प्रकार की वनस्पतियां हमारे लिए कल्याणकारी हो तथा हम भी स्वार्थ त्याग कर इस धरा से उत्पन्न समस्त पदार्थों का उपयोग करें और इसकी रक्षा हेतु तथा शुद्धि हेतु सदैव तत्पर रहें। भारतीय वैदिक संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग माना गया है। वेदों में सत्य, तप, ज्ञान, उद्यमशीलता और सदाचार को पृथ्वी को धारण करने वाले मूल तत्व बताया गया है। हमारे ऋषियों ने वायु, जल, वन, पर्वत और समस्त प्रकृति के प्रति श्रद्धा एवं संरक्षण की भावना विकसित करने पर बल दिया।



धार्मिक ग्रंथों में जल को प्रदूषित करना महापाप माना गया है तथा वृक्षों, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की रक्षा को मानव का कर्तव्य बताया गया है। आचार्य चाणक्य ने जन-जागरण और वृक्षारोपण को पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम माना। हमारे ऋषियों ने विभिन्न दिशाओं में विशेष वृक्ष लगाने तथा उनकी सुरक्षा के नियम निर्धारित किए। उनका मानना था कि वन-संपदा ही जीवन और पर्यावरण का आधार है। वृक्ष ऑक्सीजन प्रदान कर प्रदूषण को कम करते हैं और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय संकट के दौर में भारतीय संस्कृति के इन पर्यावरण-पोषक विचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। प्रकृति के प्रति दैवी भावना, संसाधनों का संतुलित उपयोग और वनस्पति संरक्षण ही पृथ्वी को सुरक्षित-समृद्ध बना सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हरित भविष्य की नींव : विद्यालय, समुदाय और पर्यावरण संरक्षण



डॉ. संजय कुमार
बानोरडु लहसर), योल कैंप

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के भविष्य पर गंभीर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के क्षरण, जल संकट और बढ़ते प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। इन समस्याओं का प्रभाव केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास पर भी पड़ रहा है। ऐसे समय में यह समझना आवश्यक है कि वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर किए गए प्रयासों से ही संभव है। यदि प्रत्येक विद्यालय, प्रत्येक परिवार और प्रत्येक समुदाय अपने परिवेश के प्रति जिम्मेदारी निभाए, तो पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

मेरे अध्ययन और अनुभव यह बताते हैं कि पर्यावरण संरक्षण की सबसे प्रभावशाली शुरुआत बच्चों से होती है। विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण की प्रयोगशाला भी हैं। जब बच्चे पौधारोपण करते हैं, जल संरक्षण के महत्व को समझते हैं, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लेते हैं और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनते हैं, तब वे केवल किसी गतिविधि में भाग नहीं ले रहे होते, बल्कि एक बेहतर समाज की नींव रख रहे होते हैं।

बचपन में विकसित की गई पर्यावरणीय आदतें जीवनभर साथ रहती हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करती हैं। विशेष रूप से विद्यालय प्रबंधन समितियां इस परिवर्तन की महत्वपूर्ण वाहक बन सकती हैं। विद्यालय, अभिभावक और समुदाय यदि मिलकर स्थानीय जल स्रोतों की सुरक्षा, हरित परिसर निर्माण, कचरा प्रबंधन, वर्षा जल संचयन और जैव विविधता संरक्षण जैसे कार्यों को जन आंदोलन का रूप दें, तो इसका प्रभाव विद्यालय की सीमाओं से कहीं आगे तक पहुँच सकता है। एक विद्यालय का हरित अभियान पूरे गांव की सोच बदल सकता है और एक गांव का परिवर्तन पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को एक सामाजिक आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। एआई आधारित तकनीकें मौसम पूर्वानुमान को अधिक सटीक बना रही हैं, वनाग्नि की प्रारम्भिक पहचान में सहायता कर रही हैं, जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में योगदान दे रही हैं तथा ऊर्जा की खपत को कम करने के उपाय सुझा रही हैं। इसके माध्यम से पर्यावरणीय डेटा का विश्लेषण कर नीतिगत निर्णयों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि कोई भी तकनीक तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक उसके पीछे मानवीय संवेदनशीलता और पर्यावरणीय चेतना न हो। तकनीक केवल साधन है, वास्तविक परिवर्तन लोगों की सोच और व्यवहार से आता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों को यह समझाएं कि पृथ्वी केवल हमारे पूर्वजों से मिली विरासत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों से लिया गया एक अमूल्य उधार है। आज लगाया गया एक पौधा, बचाई गई एक बूंद पानी, कम किया गया एक प्लास्टिक बैग और प्रकृति के प्रति दिखाया गया एक छोटा-सा सम्मान भविष्य की बड़ी सुरक्षा बन सकता है। पर्यावरण संरक्षण को किसी सरकारी कार्य, म या विशेष दिवस तक सीमित रखने के बजाय जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों को निरंतरता देंगे।



**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## खूबसूरत अंदाज में ईशा गुहा

**भारतीय** मूल की इंग्लिश क्रिकेटर ईशा का जन्म बकिंघमशायर (इंग्लैंड) में हुआ था। इस राइट हैंड फास्ट मीडियम बॉलर ने विश्व कप 2009 में अपनी गहरी छाप छोड़ी थी। इंग्लैंड इस वर्ल्ड कप को जीता भी था। आईटीवी स्पोर्ट्स से जुड़ी ईशा गुहा अक्सर मैच कवर करती देखी जाती हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2-1 से जीती वनडे सीरीज

**एजेंसी, लाहौर।** बाबर आजम की संयमित पारी और शादाब खान की बेहतरीन फिनिशिंग की बदौलत पाकिस्तान ने निर्णायक वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। कम स्कोर वाले इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 157 रन बनाए। कप्तान जोश इंग्लिस ने सर्वाधिक 65 रन (71 गेंद) की पारी खेली, जबकि अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी बनाने में नाकाम रहे। एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 119/3 था, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 37 रन जोड़कर अपने आखिरी सात विकेट गंवा दिए और 157 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट झटके। अबरार अहमद ने 10 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि शादाब खान ने भी 2 सफलताएं हासिल कीं। 158 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। इस दौरान बाबर आजम ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों पर 40 रन बनाए और टीम को संभाले रखा। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू कुहनेमन ने 3 विकेट लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाया। हालांकि, एक समय 119/5 के स्कोर पर संघर्ष कर रही पाकिस्तान की टीम को शादाब खान (नाबाद 29) और अब्दुल समद (नाबाद 18) ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए 42वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली और घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा। (अनंत ज्ञान)

### फॉर्मूला-1 और लास वेगास के बीच 2037 तक हुआ करार

**एजेंसी, लास वेगास।** फॉर्मूला-1 ने घोषणा की है कि लास वेगास ग्रां प्री अब 2037 तक आयोजित होती रहेगी। नए 10 वर्षीय समझौते के तहत फॉर्मूला-1, लास वेगास ग्रां प्री इंक., क्लार्क काउंटी प्रशासन और लास वेगास कन्वेंशन एंड विजिटर्स अथॉरिटी (एलवीसीवीए) ने आयोजन के भविष्य को दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान की है। 2023 में फॉर्मूला-1 कैलेंडर में शामिल होने के बाद लास वेगास ग्रां प्री दुनिया के सबसे चर्चित मोटरस्पोर्ट आयोजनों में शामिल हो चुकी है। 6.2 किलोमीटर लंबे लास वेगास स्ट्रिप सर्किट पर आयोजित यह रेस शहर के प्रतिष्ठित स्थलों के बीच से गुजरती है और खेल के साथ-साथ मनोरंजन, पर्यटन और व्यवसाय का भी बड़ा मंच बन गई है। अब तक मैक्स वर्स्टैपेन दो बार (2023 और 2025) और जॉर्ज रसेल एक बार (2024) इस रेस के विजेता रहे हैं। 2024 की रेस में 113 ओवरटेक दर्ज किए गए थे, जो इसकी रोमांचक प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह आयोजन बेहद सफल रहा है। 2023 से 2025 के बीच तीन संस्करणों ने दक्षिण नेवादा की अर्थव्यवस्था में 3.2 अरब डॉलर का योगदान दिया। केवल 2025 में ही इससे 4.3 करोड़ डॉलर का कर राजस्व प्राप्त हुआ, जिसमें 1.5 करोड़ डॉलर स्थानीय शिक्षा कार्यक्रमों के लिए निर्धारित किए गए। फॉर्मूला-1 के अध्यक्ष एवं सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा कि लास वेगास ने अमेरिका में फॉर्मूला-1 की लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी है। वहीं, लास वेगास ग्रां प्री इंक. की अध्यक्ष एवं सीईओ एमिली प्रेजर ने इसे स्थानीय साझेदारियों और सामुदायिक सहयोग की सफलता बताया। (अनंत ज्ञान)

◆ **अगले 10 वर्षों तक स्ट्रिप पर दौड़ेंगी रेस कारें**

### लिवरपूल ने एंडोनी इराओला को बनाया नया मैनेजर

**एजेंसी, लिवरपूल।** प्रीमियर लीग क्लब लिवरपूल ने पूर्व बॉर्नमाउथ मैनेजर एंडोनी इराओला को दो साल के अनुबंध पर अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। क्लब ने गुरुवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। 43 वर्षीय इराओला डच कोच आर्ने स्लॉट की जगह लेंगे, जिन्होंने अपने पहले सीजन में लिवरपूल को प्रीमियर लीग खिताब दिलाया था, लेकिन दूसरे सीजन में टीम के अपेक्षित प्रदर्शन में गिरावट के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। नियुक्ति के बाद इराओला ने कहा कि लिवरपूल जैसा क्लब हर कोच के लिए बड़ा अवसर होता है और यहां खिताब जीतने की चुनौती उन्हें बेहद उत्साहित करती है। स्पेन के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इराओला ने 2003 से 2015 तक एथलेटिक बिलबाओ के लिए खेला था। उन्होंने 2023 में बॉर्नमाउथ की कमान संभाली और टीम के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया। उनकी कोचिंग में बॉर्नमाउथ ने 2024-25 सीजन में 56 अंक हासिल कर नौवां स्थान प्राप्त किया, जबकि अगले सीजन में टीम छठे स्थान पर रही और यूईएफए यूरोपा लीग के लिए क्वालिफाई किया। अब लिवरपूल के साथ इराओला के सामने टीम को फिर से शीर्ष स्तर पर पहुंचाने और बड़े खिताबों की दौड़ में बनाए रखने की चुनौती होगी। (अनंत ज्ञान)

## कौन बनेगा उपकप्तान? वैभव सूर्यवंशी को भी मिल सकता है मौका

# श्रेयस अय्यर का टी20 कप्तान बनना तय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टी20 टीम में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है और अब ये लगभग तय है कि सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर टी20 टीम के कप्तान होंगे। आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे तथा जापान में होने वाले एशिया खेलों की टीम के चयन के लिए शनिवार को अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक होगी। भारत को 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 खेलने हैं, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाने हैं। (अनंत ज्ञान)



### अगरकर करेंगे दो अलग टीमों का ऐलान



**मुख्य** चयनकर्ता अजीत अगरकर ब्रिटेन दौरे और एशियाई खेलों के लिए दो अलग-अलग टीम का ऐलान करेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीमित ओवरों की सीरीज होने के बावजूद एशियाई खेलों के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनेगा। एशियाई खेलों में तिलक वर्मा टीम के कप्तान हो सकते हैं और वैभव सूर्यवंशी भी इस टी20 टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

### नए चेहरों को मिलेगा मौका

**इस** दौरे के लिए कुछ नए चेहरों को भी मौका मिल सकता है, जिसमें तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और लेफ्ट ऑर्म स्पिनर हर्ष दुबे शामिल हैं जिन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे टीम में जगह मिली थी। चयनकर्ता मोहम्मद शमी से तो आगे बढ़ चुके हैं, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हो पाती है या नहीं। भुवनेश्वर ने इस आईपीएल सीजन में 36 साल की उम्र में दमदार प्रदर्शनकिया था और 28 विकेट अपने नाम किए थे। भुवनेश्वर सपाट पिच पर काफी कारगर साबित होते हैं और इंग्लैंड की परिस्थितियों में टीम के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

### सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह बनाना हुआ मुश्किल

**एशियाई** खेलों का आयोजन इस साल सितंबर-अक्तूबर में जापान में होना है। इसके लिए टीम की घोषणा इसलिए जल्दी हो रही है क्योंकि आयोजकों ने डेडलाइन पहले की रखी है। यह माना जा रहा है कि मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा टी20 टीम के नए उपकप्तान होंगे, जबकि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी सीनियर टीम में पहली बार जगह मिल सकती है। सूर्यकुमार यादव से सिर्फ कप्तानी ही नहीं छिनेगी, बल्कि वह टीम से बाहर किए जा सकते हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने इस साल टी20 विश्व कप के खिताब का बचाव किया था, लेकिन पिछले कई महीनों से वह फॉर्म में नहीं हैं।




# खराब रोशनी में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल के पक्ष में गौतम गंभीर

**एजेंसीख न्यू चंडीगढ़**

◆ **बोले-खराब रोशनी से मैच प्रभावित नहीं होना चाहिए**
**सुदर्शन पर जताया विश्वास**

भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें खराब रोशनी की स्थिति में टेस्ट मैच के दौरान लाल गेंद की जगह गुलाबी गेंद के इस्तेमाल की बात कही गई है। गंभीर ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा कि यदि मैच का परिणाम निकालने का मौका बनता है, तो उसे हर हाल में उपलब्ध कराया जाना चाहिए। यदि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी टेस्ट निर्णायक हो और खराब रोशनी के कारण पूरा मैच न खेला जा सके, तो यह टीमों के साथ अन्याय होगा।




उन्होंने कहा, 'मैं इस विचार का समर्थन करता हूं। अगर दोनों टीमों के कप्तान सहमत हों और मैच का परिणाम निकल सकता हो, तो ऐसा होना चाहिए। खिलाड़ी दो साल मेहनत करते हैं और अगर खराब रोशनी की वजह से अवसर छिन जाए तो यह उचित नहीं होगा।' भारतीय टीम हाल ही में घरेलू टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका से 2-0 से हार चुकी है। फिलहाल भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में नौ मैचों में 48.15 प्रतिशत अंकों के साथ छठे स्थान पर है। इसके बावजूद गंभीर ने फाइनल में पहुंचने को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, 'जब तक आपके पास फाइनल में पहुंचने का मौका है, तब तक उम्मीद बनी रहती है। हमारे पास प्रतिभा और गुणवत्ता दोनों हैं। एक खराब शृंखला से हमारी क्षमता कम नहीं हो जाती। ड्रेसिंग रूम में हर खिलाड़ी मानता है कि हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत सकते हैं।'

अफगानिस्तान टेस्ट भले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, लेकिन श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ आने वाली टेस्ट शृंखलाओं से पहले यह भारत के लिए महत्वपूर्ण मुकाबला माना जा रहा है। भारत को तीसरे क्रम के बल्लेबाज की तलाश है, क्योंकि शुभमन गिल के चौथे स्थान पर जाने के बाद यह स्थान खाली हुआ है। इस स्थान के लिए साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल को विकल्प माना जा रहा है। हालांकि, गंभीर ने साफ किया कि साई सुदर्शन को अभी पर्याप्त अवसर नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा, 'साई ने अभी बहुत कम टेस्ट खेले हैं और उनका टेस्ट करियर इंग्लैंड जैसे कठिन हालात में शुरू हुआ। उन्होंने हाल में शानदार प्रदर्शन किया है और उन्हें उचित अवसर मिलना चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

# नॉर्वे शतरंज: आर प्रज्ञानानंद ने ऑल इंडियन मुकाबले में गुकेश को हराया

**एजेंसी, ओस्लो (नॉर्वे)**




नॉर्वे शतरंज 2026 के नौवें दौर में शुक्रवार को रोमांच चरम पर पहुंच गया। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर खिताब की दौड़ को अंतिम दौर तक जीवित रखा। वहीं महिलाओं की प्रतियोगिता में बिबीसारा अस्साउबायेवा ने एक दौर शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया।

ओपन वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मैग्नस कार्लसन और अमेरिका के वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद खेले गए आर्मागेडन मुकाबले में वेस्ली सो ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए और अंतिम दौर से पहले अपनी बढ़त बनाए रखी।

दिन का सबसे बड़ा परिणाम भारतीय खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में देखने को मिला। काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंद ने गुकेश को पराजित किया। मध्य खेल (मिडल गेम) में दबाव बनाने के बाद प्रज्ञानानंद ने शानदार तरीके से मैच अपने नाम किया और पूरे तीन अंक हासिल किए। इस जीत के बाद प्रज्ञानानंद के 15 अंक हो गए हैं और वे अब शीर्ष पर चल रहे वेस्ली सो से केवल आधा अंक पीछे हैं।

दूसरी ओर, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा भी खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। उन्होंने क्लासिकल मुकाबले में कठिन स्थिति से वापसी की और बाद में आर्मागेडन में विन्सेंट कीमर को हराकर अतिरिक्त अंक हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

## रोम डायमंड लीग में लाइल्स का जलवा

**एजेंसी, रोम।** रोम डायमंड लीग-2026 में ओलंपिक चैंपियन नोहा लाइल्स ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ जीतकर अपनी बादशाहत कायम रखी, जबकि श्रीलंका के रुमेश थरंगा पाथिरागे ने भाला फेंक में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरीं। लाइल्स ने 100 मीटर दौड़ 9.88 सेकंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। कैमरून के इमैनुएल एसेमे दूसरे और बोत्सवाना के लेट्सिले टेबोगो तीसरे स्थान पर रहे। मेजबान इटली के मार्सेल जैकब्स पांचवें स्थान पर रहे।

वहीं, पुरुष भाला फेंक में पाथिरागे ने 92.62 मीटर का शानदार थ्रो कर न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि सर्वकालिक सूची में आठवां स्थान भी हासिल किया। यह उनके करियर और श्रीलंका के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.37 मीटर भी पीछे छोड़ दिया। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स दूसरे और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन तीसरे स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

## अंडर-18 महिला एशिया कप

# शूटआउट में चीन से हारा भारत

**एजेंसी, काकामिगाहारा (जापान)**



महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में भारत को चीन के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं, लेकिन शूटआउट में चीन ने बाजी मारते हुए फाइनल में जगह बना ली।

भारत ने मैच की शानदार शुरुआत की और तीसरे मिनट में कप्तान स्वीटी कुजूर के पास पर नौशीन नाज़ ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, 24वें मिनट में ली ज़ेयान ने गोल कर चीन को बराबरी दिला दी। चौथे क्वार्टर में 48वें मिनट पर झांग युजेंग के गोल से चीन 2-1 से आगे निकल गया, लेकिन भारत ने हार नहीं मानी। 54वें मिनट में किरण एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 कर दिया।

निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद फैसला शूटआउट से हुआ। चीन की गोलकीपर लियू शुए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कई प्रयास नाकाम किए। चीन की ओर से लू टोंग टोंग, गे चेन और गुओ जियाक्सिन ने गोल किए, जबकि भारत के लिए केवल संदीपा कुमारी ही सफल रहीं। अब भारतीय टीम 6 जून को कांस्य पदक मुकाबले में जापान और कोरिया के बीच दूसरे सेमीफाइनल की हारने वाली टीम से भिड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

## तमिलनाडु में अन्नामलाई ने भाजपा छोड़ते ही किया नई पार्टी बनाने का ऐलान

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को नई पार्टी बनाने का ऐलान किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज में अन्नामलाई ने कहा कि आज हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में 2031 में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी।



मेरे लिए यह तय करना बहुत मुश्किल था कि मैं बीजेपी का सदस्य रहूं या तमिल लोगों से जुड़ा रहूं। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया कि मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं। पार्टी ने मुझसे कहा कि पहले चुनाव हो जाने दें, फिर जाएं। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा से इस्तीफा दिया था। लेटर शुक्रवार को सामने आया। उन्होंने इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा कि पिछले 18 महीनों से आलाकमान के साथ उनके मतभेद चल रहे हैं। अब उनके विचार एक जैसे नहीं रहे।

अन्नामलाई कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। नौकरी छोड़कर 2020 में भाजपा से जुड़े। पार्टी ने पहले उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष और फिर अध्यक्ष बनाया। (अनंत ज्ञान)

# पेस्कोव बोले-जेलेंस्की बातचीत के लिए कभी भी आ सकते हैं रूस

**एजेंसी, मॉस्को/कीव**

रूस ने कहा है कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे कभी भी यहां आ सकते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस आशय की घोषणा की है। जेलेंस्की ने एक पत्र जारी करके शांति प्रक्रिया पर चर्चा के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने की बैठक का प्रस्ताव रखा, जिसमें यूरोप और अमेरिका भी शामिल हों।

जेलेंस्की ने पत्र में लिखा, 'यूक्रेन हमारे और आपके बीच सीधी बातचीत के जरिए इस युद्ध को खत्म करने का प्रस्ताव देता है। जेलेंस्की ने बैठक के लिए एक स्पष्ट तारीख तय करने की भी मांग की और कहा कि बातचीत के दौरान पूरी तरह से युद्धविराम के लिए यूक्रेन तैयार है। उन्होंने बताया कि स्विट्जरलैंड, तुर्की और कुछ अरब देशों ने ऐसी बातचीत की मेजबानी करने की इच्छा जताई है।

पेस्कोव ने कहा कि क्रेमलिन ने पत्र की समीक्षा कर ली है और अपनी कामकाजी बैठक के बाद पुतिन को इसकी जानकारी देगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि अगर जेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे मॉस्को आकर ऐसा कर सकते हैं। प्रवक्ता ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में अमेरिका की कोशिशों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि रूस ने कभी भी अमेरिका की भूमिका को आदर्श नहीं माना है और उसके लिए राष्ट्रीय हित ही सबसे ऊपर हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने चीन से हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल हर्बीसाइड के आयात पर लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कृषि रसायनों और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में नियामकीय मानकों के सख्त पालन पर जोर देते हुए दिल्ली स्थित कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड (सीसीपीएल) को हर्बीसाइड हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल के आयात और निर्माण के लिए दिया गया पंजीकरण रद्द कर दिया है। यह रसायन गन्ना और मक्का जैसी फसलों में खरपतवार नियंत्रण के लिए उपयोग किया जाता है।

न्यायमूर्ति सी हरि शंकर और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। अदालत ने उल्लेख किया कि 2011 में मिले प्रारंभिक अनुमोदन के बाद कंपनी ने 2016 में चीन की जियांग्सू एग्रोकेमिकल्स द्वारा निर्मित तथा हेबेई बेस्टार द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल 98 प्रतिशत के आयात के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र का आवेदन किया था और नए आयात आवेदन को मंजूरी दी गई, जबकि संबंधित विदेशी निर्माता को उस समय उत्पादन की वैध अनुमति स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं थी।

अदालत ने पाया कि जियांग्सू एग्रोकेमिकल्स को इस रसायन के निर्माण की औपचारिक अनुमति बाद में 2018 में अस्थायी रूप से मिली थी, इसलिए पहले जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र अवैध था। पीठ ने कहा कि कीटनाशक अधिनियम की धारा 9(3) के तहत जारी यह पंजीकरण नियमों के विपरीत था। इस फैसले के बाद सीसीपीएल अब इस रसायन का आयात या निर्माण नहीं कर सकेगी। अदालत ने यह भी कहा कि बिना उचित परीक्षण और मान्यता प्राप्त निर्माता से जुड़े रसायनों का उपयोग मानव, पशु जीवन और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है, इसलिए नियामकीय प्रक्रिया का कड़ाई से पालन आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

**SHORT TERM NOTICE INVITING E-TENDERS**

No./MCH/E-Tender/Highmast/CW/Vol-3/2026-27, 3054 Dated-5/6/28

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT - HAMIRPUR (HP)**

Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur do hereby invites online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms for the works as mentioned below:-

| Sr. No | Description | Tender Download start Date | Tender Download End Date | Tender opening date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Publication of E-Tender, Download Tender Document & Online Bid Submission. (4 No. of works) | 06.06.2026 at 5:00 PM | 22.06.2026 till 10:00 AM | 22.06.2026 at 2.00 PM Onwards |

**General Instructions:-**

1. Detailed Notice Inviting Tender Document & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website of Himachal Government :- https://hptenders.gov.inor can be seen at any working day in the office of Municipal Corporation Hamirpur during working hours.

**Commissioner Municipal Corporation HAMIRPUR**

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील सुलह जिला कांगडा हि0 प्र0।**
मुकदमा न0 /2026
किस्म मुकदमाः मृत्यु पंजीकरण
तारीख पेशीः- 09-06-2026
कुकी देवी पत्नी सोहन लाल निवासी महाल गांव सिहोटू वूहला डा0 अटियाला दाई तहसील सुलह जिला कांगडा हि0 प्र0।

**बनाम आम जनता**

**विषयः - मृत्यु पंजीकरण बारे।**
प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13/3 जन्म, मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के तहत प्रार्थीयां कुकी देवी पत्नी सोहन लाल निवासी महाल सिहोटू वूहला डा0 अटियाला दाई तहसील सुलह जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने इस अदालत मे प्रार्थना पत्र दिया है कि उसके (Brother in Law) की मृत्यु दिनांक 12/10/2007 को गांव सिहोटू वूहला ग्राम पंचायत सिहोटू तहसील सुलह जिला कांगड़ा हि0 प्र0 में हुई थी। मगर ग्राम पंचायत सिहोटू के अभिलेख में दर्ज न है। अतः इस इश्तहार अखवार व मुस्त्रीमुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस मृत्यु पंजीकरण बारे किसी व्यकित या संस्था को उज्र या एतराज हो तो वह दिनांक 09-06-2026 को सुबह 10 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर उज्र प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उज्र या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थीयां के (Brother in Law) दरमेजा पुत्र खीतु राम उपनाम खिन्नू की मृत्यु दिनांक 12/10/2007 के पंजीकरण के आदेश सम्बन्धित स्थानीय उप पंजीकार व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 20-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**सुलह जिला कांगड़ा**

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील हरोली जिला ऊना (हि. प्र.)**
श्री राम पाल शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री रघुबीर चन्द शर्मा वादी कुंगडत तहसील हरोली जिला ऊना(हि0प्र0) .........वादी

**बनाम आम जनता**

...........प्रतिवादीगण

दरखास्त बमुराद दुरुस्ती नाम राजस्व अभिलेख महाल कुंगडत जमावन्दी 2022 -23 तहसील हरोली
**इश्तहार वावत दुरुस्ती नाम** - प्रार्थी श्री राम पाल शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री रघुबीर चन्द शर्मा वादी कुंगडत तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दुरस्ती नाम प्रस्तुत किया है कि राजस्व रिकॉर्ड महाल कुंगडत जमावन्दी 2022 -23 में प्रार्थी के पिता का नाम रघुबीर दास पुत्र लभू गलत दर्ज है। अतः प्रार्थी का सही नाम रघुबीर चन्द शर्मा पुत्र लभू है। अतः प्रार्थी का नाम रघुबीर चन्द शर्मा उपनाम रघुबीर दास पुत्र लभू सही दर्ज किया जावे। अतः आम जनता को इस इश्तहार/मुशत्री मुनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 06-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे से पहले अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में असालतन या वकालतन निर्धारित तारीख पर पेश कर सकता है। यदि उपरोक्त वर्णित तिथि को किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज इस न्यायालय में प्राप्त न हुआ तो आम जनता के विरुध एक-तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दुरस्ती बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर काबले समायत ना होगा व न्यायालय द्वारा उक्त केस के सम्बन्ध में फैसला सुना जाएगा।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**तहसील हरोली जिला ऊना हि. प्र.**

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एंव नायव तहसीलदार भवारना जिला कांगड़ा हि. प्र।**
किस्म मुकदमा :- जन्म/मृत्यु पंजीकरण
विकास राणा पुत्र श्री गिरधारी लाल निवासी महाल बसकेहड़ उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0। ...प्रार्थीया

**बनाम आम जनता**

..प्रत्यार्थी

विकास राणा पुत्र श्री गिरधारी लाल निवासी महाल बसकेहड़ उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म दिनांक 20-11-1992 को महाल बसकेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 में हुआ था। परन्तु अज्ञानता वश उस समय ग्राम पंचायत बसकेहड़ में जन्म पंजीकरण नंही करवाया जा सका है। अतः प्रार्थिया इस न्यायालय के माध्यम से अपने जन्म पंजीकरण करने का आदेश ग्राम पंचायत बसकेहड़ को जारी करवाना चाहता है। अतः आम जनता को इश्तेहार/ मुश्त्रीमनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 15-6-26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्यथा उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा। आज दिनांक 5-06-2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
क्रमांक :- 438/ रीडर 15-6-2026

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**तहसील भवारना, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**BEFORE THE SUB DIVISIONAL COLLECTOR SARKAGHAT DISTT. MANDI H.P.**
FILE No. 604421/2025, Appeal (Partition)
IN THE MATTER OF :- 1. Vinod Kumar, s/o Sh. Om Chand, s/o Hari Singh 2. Om Chand, 5/o Hari Singh, S/o Kharku both residents of Village Dhanrashi, Illaqua Anantpur, Tehsil Sarkaghat, District Mandi, HP. .........Appellants

**Versus**

1. Ramesh Singh, s/o Sh. Rup Chand, s/o Ram Singh 2. Jitender Singh, s/o Damodar, s/o Ram Singh 3. Sarla Devi, d/o Damodar, s/o Ram Singh 4. Rekha Devi, d/o Damodar, s/o Ram Singh 5. Ram Saran, s/o Bhadru, s/o Prahlad 6. Sarswati, d/o Bhadru, s/o Prahlad 7. Yashodha, d/o- Bhadru, s/o Prahlad 8. Kaula Devi, wd/o Bhadru, s/o Prahlad 9. Haria, s/o Prahlad, s/o Rupnu 10. Khayali, s/o Prahlad, s/o Rupnu 11. Lachhu, s/o Prahlad, s/o Rupnu 12. Finni, wd/o Hari Singh, s/o Rupnu 13. Sanjeev Singh, s/o Khub Singh, s/o Magru 14. Randheer, s/o Khub Singh, s/o Magru15. Pal Singh, s/o Khub Singh, s/o Magru 16. Kripal Singh, s/o Khub Singh, s/o Magru 17. Bhup Singh, s/o Sunder, s/o Kharku 18. Tara Chand, s/o Hari Singh, s/o Kharku 19. Achhari Devi, wd/o Hari Singh, s/o Kharku 20. Gokal, s/o Kharku, s/o Minku 21. Ramesh Chand, s/o Tara Chand, s/o Hari Singh (P. on 20.1.2026) 22. Chuni Lal, s/o Purvia, s/o Paras Ram 23. Gian Chand, s/o Bhagwan Dass, s/o Purbia 24. Kalasi Devi, wd/o Bhagwan Dass, s/o Purbia All residents of Village Dhanrashi, Illaqua Anantpur, Tehsil Sarkaghat, District Mandi, HP 25. Amrit Lal, s/o Sh. Hari Ram, s/o Sudama, R/o Village Sadhot, Tehsil Sarkaghat, District Mandi, HP .....*Respondents*
Appeal u/s 14 of H.P. Land Revenue Act against the order dated 27.05.2013 passed in file/Missal no. 03/2013 by the Assistant Collector 2nd Grade Tihra Sub Tehsil Tihra, Distt. Mandi, H.P.
**Notice-** Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the respondents cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against the respondents and should appear personally or through their counsel on 23.06.2026 at 11.00 a.m., in the court of undersigned. Take notice that, in default of their appearance on the day before mentioned, the above' said case will be heard and determined in his/her/their absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this 02.06.2026
**SulSub Divisional Colleatar, Sar Sankaghetis Distta Mandi H.P.**

**BEFORE THE SUB DIVISIONAL COLLECTOR SARKAGHAT DISTT. MANDI H.P.**
FILE No. 604422/2025, Appeal (Partition)
**IN THE MATTER OF:-** 1. Vinod Kumar, s/o Sh. Om Chand, s/o Hari Singh 2. Om Chand, S/o Hari Singh, S/o Kharku both residents of Village Dhanrashi, Illaqua Anantpur, Tehsil Sarkaghat, District Mandi, HP. ...*Appellants*

**Versus**

1. Amrit Lal, s/o Sh. Hari Ram, s/o Sudama, R/o Village Sadhot, Tehsil Sarkaghat, District Mandi, HP 2. Ramesh Singh, s/o Sh. Rup Chand, s/o Ram Singh 3. Jitender Singh, s/o Damodar, s/o Ram Singh 4. Sarla Devi, d/o Damodar, s/o Ram Singh 5. Rekha Devi, d/o Damodar, s/o Ram Singh 6. Bhup Singh, s/o Sunder Singh, s/o Kharku 7. Tara Chand, s/o Hari Singh, s/o Kharku 8. Achhari Devi, wd/o Hari Singh, s/o Kharku 9. Gokal, s/o Kharku, s/o Minku 10. Ramesh Chand, s/o Tara Chand, s/o Hari Singh 11. Ram Saran, s/o Bhadru, s/o Prahlad 12. Sarswati, d/o Bhadru, s/o Prahlad 13. Yashodha, d/o Bhadru, s/o Prahlad 14. Kaula Devi, wd/o Bhadru, s/o Prahlad 15. Haria, s/o Prahlad, s/o Rupnu 16. Khayali, s/o Prahlad, s/o Rupnu 17. Lachhu, s/o Prahlad, s/p Rupnu
Respondents No. 2 to 17 all residents of Village Dhanrashi, Illaqua Anantpur, Tehsil Sarkaghat, District Mandi, HP.........Respondents
Appeal u/s 14 of H.P. Land Revenue Act against the order dated 27.05.2013 passed in file/Missal no 02/2013 by the Assistant Collector 2nd Grade Tihra Sub Tehsil Tihra, Distt. Mandi, H.P.
**Notice-** Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the respondents cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against the respondents and should appear personally or through their counsel on 23.06.2026 at 11.00 a.m., in the court of undersigned. Take notice that, in default of their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/her/their absence. Given under my hand and the seal of the Court, this 02.06.2026
**Sub Divisional Collector Sarkaghat, Distt. Mandi H.P. Mandi (HP**

# मनाली में उमड़ रही पर्यटकों की भीड़

## रोहतांग-चंद्रताल रूट पर लग रहा जाम; लंबी-लंबी लग रही लाइनें, पुलिस जवानों ने संभाला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के चारों ओर बर्फ से ढके पहाड़, देवदार के जंगल और हरी-भरी घाटियां पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। गर्मियों में ठंडक और सर्दियों में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक मनाली पहुंचते हैं। इन दिनों में मनाली में पर्यटकों की बाढ़ आ गई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या मे पर्यटक मनाली पहुंच रहे हैं । मनाली के पर्यटक स्थल रोहतांग दर्रा, शिंकुला पास, बारालाचा ला और चंद्रताल झील जाने के लिए सुबह से ही पर्यटकों की लंबी कतारें लग रही हैं।

स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, सुबह 4 बजे से ही सैलानी रोहतांग दर्रा पार कर लाहौल-स्पीति की तरफ निकल रहे हैं। शिंकुला और बारालाचा दर्रे के रास्ते खुलने से लेह-लद्दाख जाने वाले बाइकर्स और पर्यटक वाहनों की संख्या भी बढ़ गई है। चंद्रताल झील की खूबसूरती देखने के लिए भी टूरिस्ट सुबह-सुबह काजा-ग्राम्फू रोड पर निकल रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में वाहनों के कारण कोकसर से रोहतांग और ग्राम्फू से चंद्रताल मोड़ तक सुबह और शाम के समय हल्का ट्रैफिक जाम लग रहा है। वन-वे रूट और संकरे मोड़ों पर गाड़ियों को निकलने में समय लग रहा है। पुलिस जवान भी जाम खुलवाने में मुस्तैद हैं, लेकिन पर्यटकों की होड़ कम होने का नाम नहीं ले रही। बीआरओ और पुलिस ने पर्यटकों से अपील की है कि वो तय समय पर ही दर्रा पार करें, ओवरस्पीड न करें और कचरा सड़क पर न फेंकें। ऊंचाई वाले इलाकों में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है, इसलिए बुजुर्ग और बीमार लोग डॉक्टर की सलाह लेकर ही जाएं। प्रशासन ने अपील की है कि रोहतांग-चंद्रताल का प्लान बना रहे हो तो सुबह जल्दी निकले और परमिट ऑनलाइन बुक करवा लें, ताकि जाम से निजात मिल सके द्य ऊंचे इलाकों में जाने से पहले प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करें।



मनानी में पर्यटकों की उमड़ी भीड़ से लगा जाम। अनंत ज्ञान

### आर्थिक लाभ के साथ पर्यावरणीय चुनौतियां बढ़ीं

**पर्यटकों** के आने से स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। होटल, रेस्तरां, टैक्सी, हस्तशिल्प और अन्य पर्यटन व्यवसायों से लोगों को रोजगार और आय के अवसर मिल रहे हैं। लेकिन पर्यटन के बढ़ने के साथ कई समस्याएं भी सामने आ रही हैं। विशेष रूप से कूड़े-कचरे का बढ़ता ढेर, प्लास्टिक प्रदूषण, यातायात जाम और पर्यावरण पर बढ़ता दबाव चिंता का विषय है। यदि पर्यटन के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय संसाधनों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए सतत और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना आवश्यक है।

## परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलों में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

# नारा लेखन प्रतियोगिता में हर्षल प्रथम

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलों में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह एवं जागरुकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा भाषण, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन तथा वृक्षारोपण , पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने हेतु बच्चों के द्वारा रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम हर्षल ठाकुर, द्वितीय कशिश और तृतीय प्रियांशी ने स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पावनी ठाकुर प्रथम, हितेशी कपूर द्वितीय और भावेश गुलेरिया तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ इंगलिश भाषण प्रतियोगिता सुशांत कपूर और हिंदी में सागर ठाकुर प्रथम रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती प्रोमिला ठाकुर जी ने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है और छोटी-छोटी अच्छी आदतें भी पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया तथा सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का विकास करना था। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ तथा सभी ने हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।




पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

## बंजार पुलिस ने 24 घंटे में बिलासपुर से बरामद किया चोरी हुआ ट्रक

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार पुलिस ने चोरी हुए ट्रक को मात्र 24 घंटे के भीतर बरामद कर सराहनीय कार्य किया है। ट्रक संख्या एचपी 58-4380 के चोरी होने की शिकायत 3 जून 2026 को अनमोल कुमार निवासी बंजार ने पुलिस थाना बंजार में दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि उनका ट्रक फागूपुल के पास खड़ा था, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों व खोजबीन के आधार पर 4 जून को ट्रक को जवलपुल स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्टरी, जिला बिलासपुर से बरामद कर लिया।

पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी में शामिल आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है तथा मामले के सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

## 'खेत बचाओ अभियान' के तहत रैल में किसानों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रैल पंचायत में कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर तथा आत्मा परियोजना हमीरपुर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत दो प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में रैल और कमलाहू गांव के लगभग 250 किसानों ने भाग लिया।इस अभियान का उद्देश्य खरीफ फसलों की बुवाई के दौरान किसानों को वैज्ञानिक खेती, पोषण प्रबंधन और फसल सुरक्षा की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देना है। यह कार्यक्रम 1 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. विशाल डोगरा ने अभियान की जानकारी दी। मृदा विशेषज्ञ डॉ. नवनीत जरियाल ने फसलों के पोषण प्रबंधन और मौसम आधारित खेती के बारे में बताया। कीट वैज्ञानिक डॉ. छवि ने मक्का में आर्मी वर्म और फलों-सब्जियों में फल मक्खी से बचाव के उपाय बताए।

# मानसून के मद्देनजर संवेदनशील स्थलों की पहचान कर समयबद्ध तैयारियां करें पूरी : डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून के मद्देनजर उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मानसून तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़, भूस्खलन, सड़क अवरोध, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति बाधित होने जैसी संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील और जोखिमपूर्ण स्थलों की पहचान कर समयबद्ध तरीके से आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालों और जल निकासी तंत्र की सफाई, नदियों व खड्डों के जलस्तर की नियमित निगरानी, बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता तथा राहत सामग्री के पर्याप्त भंडारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, बीआरओ, जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विद्युत बोर्ड सहित सभी संबंधित विभागों को मानसून से पहले आवश्यक मरम्मत एवं निवारक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपाय, खतरनाक पेड़ों की पहचान एवं कटान तथा अवरुद्ध मार्गों को शीघ्र बहाल करने की कार्ययोजना तैयार रखने को कहा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दूरदराज क्षेत्रों में पर्याप्त राशन भंडारण सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों एवं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने दूरसंचार कंपनियों को वैकल्पिक संचार व्यवस्था तैयार रखने तथा जलविद्युत परियोजनाओं को अर्ली वार्निंग सिस्टम मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय से ही आपदा की स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



मानसून तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

## दुआड़ा में की रास्तों की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत दुआड़ा में प्रधान निहाल चंद भल्ला, उप-प्रधान हंस राज, वार्ड सदस्यों, पंचायत सचिव हीरा लाल तथा वेस्ट वॉरियर्स के संयुक्त सहयोग से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सार्वजनिक स्थलों, रास्तों एवं अन्य सामुदायिक क्षेत्रों की सफाई की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का पृथक्करण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। नव निर्वाचित प्रधान निहाल चंद भल्ला एवं उप-प्रधान हंस राज ने पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ, हरित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। पंचायत सचिव हीरा लाल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला व पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

# कुल्लू पुलिस ने 25,210 अवैध अफीम के पौधे किए नष्ट, तीन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 25,210 अफीम के पौधे बरामद कर नष्ट किए हैं। पुलिस थाना बंजार की टीम ने सराची गांव के समीप खेतों में उगाए गए लगभग 23,690 अवैध अफीम के पौधे बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिए। वहीं, पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम ने थिन्चपाल (डमचीन के निकट) क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए करीब 1,520 अफीम के पौधे बरामद कर नष्ट किए। इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस थाना बंजार में दो तथा पुलिस थाना पतलीकुहल में एक मामला दर्ज किया गया है। कुल तीन अभियोग मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 18 के तहत दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, मामलों की गहन जांच जारी है और अवैध अफीम की खेती में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला कुल्लू पुलिस ने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने आम जनता से भी नशे के कारोबार और अवैध खेती की सूचना देकर इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की है।



सराची गांव के समीप खेतों में उगाए गए अफीम के पौधे। अनंत ज्ञान

# मनाली में विश्व पर्यावरण दिवस पर 'क्लीन मनाली, ग्रीन मनाली' का संदेश




विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा मनाली में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल मनाली के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर 'क्लीन मनाली, ग्रीन मनाली' के नारे लगाए।

विद्यार्थियों ने शहर को स्वच्छ और हराभरा रखने के लिए प्लास्टिक का उपयोग कम करने, पेड़ लगाने और कचरा कूड़ेदान में फेंकने का संकल्प लिया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना समय की मांग है। स्कूल प्रबंधन ने भी फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का उद्देश्य मनाली को स्वच्छ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना और लोगों को हरियाली बचाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# दिव्यांगजन अधिकार और 15 सूत्री कार्यक्रम पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी अधिनियमों तथा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 तथा प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रत्येक चिकित्सा खंड स्तर पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में 94 विद्यार्थियों को कुल 9,99,875 रुपए की दिव्यांग छात्रवृत्ति वितरित की गई है। बैठक में एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत लंबित मामलों, राहत राशि भुगतान और अन्य प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजराजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया जिसमें कॉलेज प्रांगण में अशोका के पौधे लगाए गए व बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। अनंत ज्ञान

# पर्यावरण दिवस पर कटराईं स्कूल में विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली




पर्यावरण विषय पर भाषण, नारा लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कटराईं।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगल नेगी ने छात्रों और अध्यापकों को पर्यावरण बचाव से संबंधित संदेश दिया और साथ ही सभी से आग्रह किया कि हम सब पर्यावरण बचाव और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शुरुआत अपने-आप से करें। इसके पश्चात विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने रैली के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता का सन्देश दिया। इसके अतिरिक्त पर्यावरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य उपेंद्र, बलदेव, कार्यक्रम अधिकारी जगर नाथ ठाकुर पुष्पा शर्मा, ईको क्लब प्रभारी और समस्त अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## छमाणी नारायण मंदिर में कुजा फूल चढ़ाने को उमड़ रहे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देवभूमि कुल्लू में ज्येष्ठ माह के दौरान देवी-देवताओं को कुजा फूल अर्पित करने की प्राचीन परंपरा इन दिनों पूरे श्रद्धा भाव के साथ निभाई जा रही है। इसी कड़ी में क्षेत्र के प्रसिद्ध छमाणी नारायण मंदिर में भी देव रथ पर कुजा फूल चढ़ाने का क्रम जारी है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर देवता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मंदिर में इन दिनों क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भी कुजा फूल अर्पित कर अपनी सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। देवता के पुजारी शुभम और गुर सतपाल ने बताया कि कुजा फूल को देवता छमाणी नारायण का प्रिय फूल माना जाता है। ज्येष्ठ माह में इस फूल को अर्पित करने की विशेष मान्यता है। उनका कहना है कि जो भी श्रद्धालु सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ देवता के दरबार में पहुंचकर कुजा फूल चढ़ाता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उसे देव कृपा प्राप्त होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष ज्येष्ठ माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर इस धार्मिक परंपरा में भाग लेते हैं। आस्था और विश्वास से जुड़ी यह परंपरा कुल्लू की समृद्ध देव संस्कृति और लोक परंपराओं को जीवंत बनाए हुए है।

# कुकुमसेरी कॉलेज को बंद करने का निर्णय छात्रों के साथ अन्याय : रवि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कुकुमसेरी महाविद्यालय को बंद करने के प्रदेश सरकार के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे जनजातीय क्षेत्र के छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय बताया है।



उन्होंने कहा कि छात्रों की कम संख्या का हवाला देकर महाविद्यालय को बंद करना सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास है। वास्तविकता यह है कि वर्षों से महाविद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई, विशेषकर विज्ञान संकाय में शिक्षकों की कमी के कारण अनेक विद्यार्थियों को मजबूर होकर क्षेत्र से बाहर जाना पड़ा। जब सरकार स्वयं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रही, तो छात्रों की संख्या कम होने का तर्क देना उचित नहीं है। रवि ने कहा कि कुकुमसेरी महाविद्यालय की स्थापना स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। आज उसी कांग्रेस सरकार द्वारा इस संस्थान को बंद करने का निर्णय लेना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा एकलव्य विद्यालय के लिए उपलब्ध कराए गए संसाधनों और बजट का समुचित उपयोग कर शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता था, लेकिन सरकार की गलत प्राथमिकताओं के कारण आज कॉलेज बंद करने की नौबत आ गई है। रवि ठाकुर ने कहा कि लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम, बर्फबारी प्रभावित एवं जनजातीय क्षेत्र को सामान्य क्षेत्रों के पैमानों पर नहीं आंका जा सकता। यहां के गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों के लिए बाहर जाकर शिक्षा प्राप्त करना आसान नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि कुकुमसेरी कॉलेज को बंद करने के निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए।

## 'मेरा परिवार मेरा गर्व' विषय पर बाल पत्रिका 'मौड़ा टाइम्स नन्हें उस्ताद' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा की मासिक बाल पत्रिका 'मौड़ा टाइम्स नन्हें उस्ताद' के मई माह के तृतीय अंक का विमोचन उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल द्वारा उनके कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हिंग राज चिराग तथा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन सहित अन्य उपस्थित रहे। यह अंक 'मेरा परिवार मेरा गर्व' विषय पर आधारित है, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने परिवार के प्रति भावनाएं, कविताएं, कहानियां और लेख प्रस्तुत किए हैं। 42 पन्नों की इस पत्रिका में विद्यालय की मासिक गतिविधियों के साथ-साथ पुस्तक समीक्षा, चित्रकला और स्थानीय बोली में दादी-दादा की कहानियों का हिंदी अनुवाद भी शामिल किया गया है। पत्रिका का मुख्य संपादन कक्षा पांचवीं के अभय सिंह ने किया, जबकि मुख्य संपादक की भूमिका युद्धवीर टंडन ने निभाई। यह पत्रिका बच्चों की अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने और लेखन कौशल विकसित करने का माध्यम बन रही है।

## नीरामाटी गांव में तेंदुए का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के बंदरोल गांव के समीप नीरामाटी गांव में पिछले छह महीनों से तेंदुए के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम ढलते ही तेंदुआ नीरामाटी, लोहड़ी, खारका और उच्लीधार क्षेत्रों में दिखाई देता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार यह दिन में भी नजर आता है और पालतू जानवरों को निशाना बना रहा है। नीरामाटी निवासी मदन लाल कटोच, सतीश लोपा, परवीन राणा और टेक चंद ने बताया कि अब तक तेंदुआ लगभग छह कुत्तों, तीन बकरियों और एक घोड़े को अपना शिकार बना चुका है। इससे क्षेत्र में भय का माहौल है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी जमेर सिंह मियां ने बताया कि पिंजरा लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी और टीम को निगरानी के लिए भेजा गया है। वहीं मंडलीय वन अधिकारी राजेश शर्मा ने कहा कि नियमों के अनुसार तेंदुए को पकड़ना सामान्य प्रक्रिया में गैर कानूनी है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# हमीरपुर कॉलेज को 27 विषय शुरू करने की मिली अनुमति

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में दाखिला लेने वाले छात्रों को 5 नए विषय तीन वर्षीय स्नातक कर सकेंगे। जून से शुरू होने वाले शिक्षा सत्र में यह विषय पढ़ाए जाएंगे जिसमें छात्र दाखिला ले सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर को 27 विषयों शुरू करने की अनुमति दी है। इनमें 17 विषयों में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के तहत ऑनर्स और ऑनर रिसर्च के साथ पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने इस संबंध में जानकारी दी कि महाविद्यालय को चार वर्ष की आनर और रिसर्च के साथ करवाने की 4-6-2026 को स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से कॉलेज के विद्यार्थियों को चार वर्षीय ऑनर के साथ रिसर्च करने का भी अवसर मिलेगा, जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा, शोध और नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। हमीरपुर महाविद्यालय में 17 विषयों में चार वर्ष की डिग्री कार्यक्रम शुरू करेगा। इनमे में अंग्रेजी, गणित, वाणिज्य, भौतिकी, रसायन, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल शास्त्र, हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, संगीत यंत्र, संगीत गायन और शारीरिक शिक्षा.इसके अलावा 10 विषयों में तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम शुरू करेगा जिनमे मुख्यत: लोक प्रशासन, भू- विज्ञान, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, शिक्षा, नृत्य, संगणक शिक्षा, पत्राचार एवं सम्प्रेषण, पर्यटन एवं यात्रा और मानव जाति विज्ञान सम्मिलित हैं। जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बता दें कि इससे पहले महाविद्यालय में 22 विषय पढ़ाए जा रहे थे अब कुल 27 विषय हो गए हैं जिनमें छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। इन विषयों को पढ़ाने के लिए पद भी स्वीकृत कर दिए हैं और शीघ्र ही प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी।

# परंपरागत रूप से मनाया जाएगा राज्यस्तरीय मां शूलिनी मेला

## इस बार 26, 27 व 28 जून को परंपरागत रूप से आयोजित होगा मां शूलिनी मेला

अनंत ज्ञान

**सोलन।** अधिष्ठात्री देवी माँ शूलिनी का राज्यस्तरीय मेला परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि लोगों की आस्था का प्रतीक माँ शूलिनी मेला इस वर्ष भी परम्परागत रूप से 26, 27 व 28 जून, 2026 को आयोजित किया जाएगा। डॉ. शांडिल आज यहां माँ शूलिनी मेला के आयोजन के सम्बन्ध में शूलिनी मेला समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने संबंधित अधिकारियों को हर वर्ष की भांति पूजा स्थल व माँ शूलिनी की शोभायात्रा से सम्बन्धित सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शोभा यात्रा के दौरान आवागमन की सुचारू व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध करने को भी कहा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को शूलिनी माता मंदिर से शोभा यात्रा आरम्भ स्थल तक मार्ग की मुरम्मत करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने मेले से सम्बन्धित विभिन्न समितियां शीघ्र गठित करने के निर्देश दिए।


बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री कर्नल धनी राम। अनंत ज्ञान

डॉ. शांडिल ने उपमण्डलाधिकारी सोलन को निर्देश दिए कि विभिन्न स्थानों पर लगने वाले भण्डारों की समय सारणी सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालु सुव्यवस्थित ढंग से भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सके। उन्होंने मेले के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने और विशेष तौर पर भण्डारा स्थलों के आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में मेला कमेटी के सदस्यों ने आपदा में जनहित में कार्य करने वाले कलाकारों को मिलेगी प्राथमिकता देने का निर्णय लिया।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को मेले के दौरान शहर में पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा भण्डारों में जल वितरण के बर्तनों को ढक कर रखवाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने हिमाचली लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न ज़िलों के सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित करने तथा हिमाचली कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उचित स्थान देने के निर्देश दिए। मेले में सांस्कृतिक संध्याएं और खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी आकर्षण का केंद्र होगी। बैठक में मेला कमेटी के सदस्यों ने आपदा में जनहित में कार्य करने वाले कलाकारों को मिलेगी प्राथमिकता देने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में क्राफ्ट मेला, प्रदर्शनी, कुश्ती, ठोडो, रस्सा कशी, वॉलीबाल, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, कबड्डी, शतरंज, टैबल टेनिस, जुडो आदि खेल-कूद गतिविधियां, नारा लेखन प्रतियोगिता, बेबी शो, फ्लावर शो, पैट शो जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन अधिकारी सोलन को मेले के समय स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए नि:शुल्क बस सेवा चलाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मेला अवधि में कानून एवं व्यवस्था तथा सुचारू यातायात बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर की सेवाएं भी लें।

डॉ. शांडिल ने मेले के अवसर पर स्मारिका के प्रकाशन, मंच व मेला मैदान में बैठने की व्यवस्था, स्टॉल, आवास, परिवहन, प्राथमिक सहायता व स्वागत समिति से सम्बन्धित विभिन्न कार्य समयबद्ध पूरा करने को कहा। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री को विश्वास दिलाया कि उनके निर्देशों की अनुपालना की जाएगी व मेले का सफल आयोजन करवाया जाएगा। सभी विभागों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

# पाइनग्रोव स्कूल में भेदभाव, संवेदनशीलता पर सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता पर सीबीएसई का एक आंतरिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र में 35 शिक्षकों सहित हेड टीचर, पंकज शर्मा, हेड एक्टिविटी, गुरप्रीत सिंह, दिगंबर भट्ट, वीरेंद्र चौहान, राजेंद्र सिंह, देवेंद्रा गुमरा, उदय कटोच, राज लाल शर्मा, रविंद शर्मा, वर्षा लिहांतु, अनीता भट्ट, तरविंद्र कौर, बिंदेश्वरी डोड, मुकेश मिश्र, भावेश तिवारी, नीरज आहूजा, संदीप शर्मा, नीरू शर्मा, दीपा नेगी, वेणी नेगी, सलोनी पुरी, अजेश राणा, शेर सिंह, , शिफा सिकरी, एंद्रेल्ला, निधि शर्मा,कीर्तिका बिरला, पंकज वर्मा, अंकुश कुमार और हीरा सिंह ने भाग लिया 7 इस प्रयोगशाला का संचालन सुश्री सोनिया कपूर और सुश्री रिया यादव ने किया।

सहभागी चर्चाओं, गतिविधियों और केस स्टडी के माध्यम से, कार्यशाला ने प्रतिभागियों को लैंगिक रूढ़ियों और छात्रों पर उनके प्रभाव पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जेंडर सेंसिटिविटी का अर्थ है लड़कों और लड़कियों के प्रति सम्मान, अवसर और निष्पक्ष व्यवहार रखना।


कार्यशाला में मौजूद रहे प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

यह समझना कि किसी व्यक्ति के साथ उसके लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए 7विद्यालय में जेंडर सेंसिटिविटी का प्रयोग सभी विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करके किया जाता है। लड़के और लड़कियों को पढ़ाई, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और नेतृत्व के अवसरों में समान भागीदारी दी जाती है। शिक्षकों द्वारा सभी छात्रों के साथ बिना किसी भेदभाव के व्यवहार किया जाता है तथा आपसी सम्मान, सहयोग और समानता की भावना विकसित की जाती है।

इससे विद्यालय का वातावरण सुरक्षित, सकारात्मक और समावेशी बनता है। विशेषज्ञों ने समावेशी, सम्मानजनक और समान शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने विद्यालय में लैंगिक समानता और संवेदनशील व्यवहार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन में गहराते पेयजल संकट पर भाजपा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर में लगातार बढ़ रही पेयजल समस्या को लेकर भाजपा ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को डीसी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शहर में गहराते जल संकट के समाधान के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले लगभग एक सप्ताह से सोलन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। कई इलाकों में लोगों को पांचवें और छठे दिन पानी मिल रहा है, जिससे भीषण गर्मी के बीच आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए समस्या के जल्द समाधान की कोई स्पष्ट संभावना भी नजर नहीं आ रही है। शैलेंद्र गुप्ता ने प्रशासन को आगाह किया कि आगामी 13 और 14 जून को आयोजित होने वाले राधा स्वामी सत्संग ब्यास धार्मिक कार्यक्रम तथा 26 से 28 जून तक होने वाले माता शूलिनी महोत्सव के दौरान शहर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक और अतिथि पहुंचेंगे। इन आयोजनों के समय सोलन की आबादी लगभग दोगुनी हो जाती है। ऐसे में वर्तमान आबादी को ही पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर होने की आशंका है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जल शक्ति विभाग द्वारा अपेक्षित स्तर की निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जा रही है। भाजपा ने सुझाव दिया कि गिरी जलापूर्ति योजना पर एसडीओ स्तर के अधिकारी की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी तकनीकी खराबी या बाधा का तत्काल समाधान किया जाए।

### पूर्व सैनिक एकता मंच पच्छाद के प्रधान बने अध्यक्ष बी.डी शर्मा

**अनंत ज्ञान, सराहा।** पूर्व सैनिक एकता मंच पच्छाद की मासिक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें बी.डी शर्मा को प्रधान, देवेंद्र सिंह को महामंत्री, धनवीर सिंह को उप महामंत्री राम लाल कों उप प्रधान, रमेश को कोषाध्यक्ष व सुनील दत को सह कोषाध्यक्ष चुना गया द्य नई कार्यकारिणी के गठन में पुरानी कार्यकारिणी के लोगों ने सर्वसम्मति से सबका साथ दिया। इस अवसर पर पूर्व में रहे प्रधान बाबू राम व लाल चंद , महासचिव हितेन्द्र सिंह, सचिव भीम दत्त, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं और बधाई दी और साथ में नई कार्यकारिणी का साथ देने का आश्वासन दिया।

### फील्ड ट्रेनरों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत सभागार में चार्ज ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार दाड़लाघाट प्रेमलाल की अध्यक्षता में फील्ड ट्रेनरों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन फील्ड ट्रेनर विजय चंदेल और हेम राज द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 50 सुपरवाइजरों एवं इन्यूमरेटरों (गणनाकारों) ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में हाउस विजिट के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, डेटा संग्रहण की विधि तथा आम लोगों से समन्वय स्थापित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को सर्वेक्षण के दौरान सटीक एवं पारदर्शी जानकारी एकत्रित करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया। चार्ज ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार प्रेमलाल ने उपस्थित सुपरवाइजरों एवं गणनाकारों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को गंभीरता से आत्मसात करने तथा आगामी कार्यों को जिम्मेदारी एवं दक्षता के साथ पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सर्वेक्षण की सफलता में प्रशिक्षित मानव संसाधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### बीडीसी सदस्य ने शपथ ग्रहण से पहले ही विकास कार्यों की शुरुआत की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** कुनिहार विकास खंड की दूरदराज क्षेत्र के मांगल वार्ड से नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य (बीडीसी) सीता राम ठाकुर ने शपथ ग्रहण से पहले ही विकास कार्यों की शुरुआत कर दी है। उन्होंने गांव पडयार के नेवड़ी क्षेत्र को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए अपनी स्वेच्छा से जेसीबी और टिपर उपलब्ध करवाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीण महेंद्र लाल, सुरेश कुमार, लेख राम, निरंजन राम, बबलू, लाली जग्गा, धनी राम तथा बलदेव सहित अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए नव निर्वाचित बीडीसी सदस्य सीता राम ठाकुर का धन्यवाद करते हुए खुशी जताई। इस अवसर पर सीता राम ठाकुर ने ग्राम पंचायत मांगल, बेरल और बागा करोग की समस्त जनता का चुनाव में दिए गए समर्थन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया।

### शिलाई विधानसभा क्षेत्र के संस्थानों से खिलवाड़ बंद करे सुक्खू सरकार :तोमर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बलदेव तोमर ने कहा कि कांग्रेस सरकार शिलाई क्षेत्र के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है। डिग्री कॉलेज रोनहाट के विलय का निर्णय विद्यार्थियों और अभिभावकों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। साथ ही ₹5000 स्टाइपेंड योजना को केवल नाहन कॉलेज तक सीमित करना छात्रों के साथ अन्याय बताया। उन्होंने मांग की कि सभी सरकारी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को समान लाभ दिया जाए।उन्होंने कहा कि इस तरह की नीतियां शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाली हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के भविष्य पर नकारात्मक असर डालेंगी।

# पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई करने वाला फरहान गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हाथापाई करने वाले आरोपी फरहान को हिरासत में ले लिया है। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने नाहन में आज मीडिया को जानकारी दी।

अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि वायरल वीडियो में जो पुलिसकर्मी दिखाई दे रहा है वह आईआरबी की 6ठी बटालियन धौला कुआं में तैनात है और वर्तमान में पांवटा साहिब के तारुवाला स्थित स्ट्रांग रूम में यह अपनी सेवाएं दे रहा है। उन्होंने बताया कि ये जवान बीते कल ये जवान दोपहर में ड्यूटी के लिए जा रहा था तो रास्ते में गोंदपुर क्षेत्र में



एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उसके आगे से कट मारा जिसके बाद पुलिस कर्मी ने उस गाड़ी चालक को गाड़ी ठीक से चलाने को कहा।

जिसके बाद उस गाड़ी चालक ने इस पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई की और उसका बैग छिनने का भी प्रयास किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया और आरोपी फरहान को गिरफ्तार कर लिया।

# यूरोकिड्स प्ले स्कूल में 'विश्व पर्यावरण-दिवस' का आयोजन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाने वाला 'पर्यावरण-दिवस' के उपलक्ष्य में यूरोकिड्स में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज सीमा बहल ने जानकारी दी कि किस तरह हरे पौधे व वृक्ष हमारे जीवन के लिये उपयोगी है व पृथ्वी के पर्यावरण को सुरक्षित रखते हैं। पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया बच्चों को गया व बच्चों से पौधा रोपण भी करवाया गया, पौधा रोपण कार्यक्रम स्कूल के डायरेक्टर मि. शोभित बहल की देखरेख में गया। हुआ इस आयोजन के तहत आज स्कूल में 'ग्रीन-डे' भी मनाया सभी बच्चों को ग्रीन कलर की जानकारी दी व सभी ग्रीन रंग की पोशाकों में आये।



शिवाय, मेहर , दिविशा , विहान, वैभवी ,पेमा आराध्य, अयांश, भारवी , ईदहाया, उद्वेक्षा , पार्थ , सानिध्य , काव्य, सिद्धिक्षा , रौनक़, पूर्विषा , अवयुक्त , माधक , मिताक्षी , नाम्या, सुयश , तन्मय , तेनज़ीन , वर्तिका , युगांग , कामाक्षी आदि बच्चों ने बढ़ चढ़ कर इस कार्यकर्म में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सभी ने मिलकर पौधे लगाने का संकल्प लिया।

# राजकीय आईटीआई सोलन में धूमधाम से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में आज 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थान के प्रशिक्षुओं और स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और धरती को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्या इंजीनियर नवीन कुमारी तथा स्टाफ के अन्य सदस्य पुनीत पाठक,नरेंदर कुमार,सनी कुमार, अनिल कुमार,अमित परिहार, रमेश शर्मा, पवन भाटिया,रेनू वर्मा, हेमलता भरद्वाज तथा शिष्टा पराशर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 'शिक्षा क्रांति' संस्था से सत्यम जी ने विशेष तौर पर



शिरकत की और पर्यावरण जागरूकता अभियान में अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं और स्टाफ सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में पौधरोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है।

# नेरी महाविद्यालय ने जीता 'पर्यावरण चैंपियन अवार्ड

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के अंतर्गत संचालित औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी को पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन तथा सामुदायिक सहभागिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है।

महाविद्यालय को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इन गतिविधियों में सड़क किनारे वृक्षारोपण अभियान, पार्थेनियम उन्मूलन कार्यक्रम, प्लास्टिक कचरा संग्रहण एवं निस्तारण, जल टंकियों एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सफाई, विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण संबंधी शपथ कार्यक्रम तथा वनाग्नि की रोकथाम एवं वन्यजीव आवासों की सुरक्षा हेतु फायर लाइनों का निर्माण शामिल हैं। इन प्रयासों ने पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


पुरस्कार प्राप्त करते महाविद्यालय के डीन। अनंत ज्ञान

यह पुरस्कार जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित नमामि गंगे मिशन तथा भारतीय वन्यजीव संस्था, देहरादून द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदान किया गया। देशभर से प्राप्त 100 से अधिक नामांकनों में से कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के उपरांत केवल नौ संस्थानों का चयन किया गया, जिनमें औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, नेरी भी शामिल रहा।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच. एस. बवेजा ने महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके समर्पित प्रयासों की सराहना की। वहीं, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. डी. पी. शर्मा ने भी इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने संस्थान को निरंतर नवाचार और जनभागीदारी आधारित परियोजनाएं आगे बढ़ाने की सलाह दी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सफल नेतृत्व के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सफल, निर्णायक एवं ऐतिहासिक नेतृत्व के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह 12 वर्ष केवल भाजपा सरकार के नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, विकास और गौरव के पुनर्जागरण के वर्ष हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव एवं जिला सोलन की सह-प्रभारी वंदना योगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी कार्यालय परिसर में बेलपत्र का पौधारोपण कर की गई। इसके पश्चात 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान


कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

चलाया गया। यह अभियान सोलन के ऐतिहासिक ठोडो ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहां आगामी माता शूलिनी महोत्सव का आयोजन होना है। कार्यकर्ताओं ने पूरे परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि आगामी 9 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार 4398 दिन तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का सार्वजनिक जीवन 9000 दिनों से अधिक का हो जाएगा, जो जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। साथ ही युवा वर्ग को भी सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर बल दिया गया।

# डीएवी क्लस्टर लेवल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में विद्या निकेतन का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** डीएवी क्लस्टर लेवल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट-2026 में डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई खिताब अपने नाम किए। खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों से विद्यालय में हर्ष का माहौल है।



विद्यालय की टीमों ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 बॉयज़, अंडर-17 बॉयज़, अंडर-19 बॉयज़ तथा अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-17 गर्ल्स और अंडर-17 बॉयज़ टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इसके अलावा विद्यालय की अंडर-14 गर्ल्स बास्केटबॉल टीम निर्विरोध राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इन उपलब्धियों के पीछे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट टीम भावना, खेल भावना और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन समारोह में उप पुलिस अधीक्षक दाड़लाघाट नवीन झाल्टा, रमन गुप्ता, पद्मनाभ शर्मा तथा दीपक बारड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया और खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# रेणुकाजी झील में नहाने उतरा 21 वर्षीय युवक लापता

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के प्रसिद्ध तीर्थ एवं पर्यटन स्थल श्री रेणुकाजी झील में गुरुवार को एक 21 वर्षीय युवक के लापता होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि युवक झील में डूब गया है। देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। जानकारी के अनुसार लापता युवक की पहचान सुमित निवासी सामुदायिक बस्ती ददाहू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपने कुछ साथियों के साथ दोपहर के समय रेणुकाजी झील में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया।घटना के बाद झील के स्नानघाट की सीढ़ियों से युवक के कपड़े, जूते और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

इसके बाद उसके साथ मौजूद लोगों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी।मामले की जानकारी मिलते ही सामुदायिक बस्ती के लोग बड़ी संख्या में झील किनारे पहुंच गए। वहीं रेणुकाजी पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी।


घटना के बाद झील के पास जमा हुए लोग। अनंत ज्ञान

पुलिस और स्थानीय लोगों ने झील के आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका।

पुलिस अब युवक की तलाश के लिए गोताखोरों की सहायता लेने की तैयारी कर रही है। मामले को लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार रेणुकाजी झील में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन बरसात के मौसम में जलस्तर बढ़ने और गहराई अधिक होने के कारण झील में नहाना जोखिमभरा माना जाता है। घटना के बाद प्रशासन ने लोगों से झील और अन्य जल स्त्रोतों में सावधानी बरतने की अपील की है।

पुलिस ने झील के आसपास के क्षेत्र को भी खंगाला है और संभावित स्थानों पर खोज अभियान तेज कर दिया गया है। ग्रामीणों और स्वयंसेवकों ने भी युवक की तलाश में सहयोग किया। प्रशासन ने कहा है कि युवक का पता लगाने के लिए सभी आवश्यक संसाधन लगाए जाएंगे और खोज अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल जाता।

### राजगढ़ स्कूल हॉस्टल की जमीन की हुई निशानदेही

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** शिरगुल मंदिर के समीप राजगढ़ स्कूल हॉस्टल की भूमि की राजस्व विभाग द्वारा निशानदेही की गई। इस दौरान पटवारी और कानूनगो की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया तथा आसपास की भूमि के सभी संबंधित मालिकों को भी मौके पर बुलाया गया।

निशानदेही के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, विद्यालय के अध्यापक तथा अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से स्कूल हॉस्टल की जमीन पर कथित अतिक्रमण को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं चल रही थीं, जिसके बाद भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग ने निशानदेही की प्रक्रिया पूरी की। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से किए गए मुआयने में स्कूल की भूमि पूरी तरह सुरक्षित पाई गई है। उन्होंने कहा कि निशानदेही के बाद अतिक्रमण संबंधी सभी आशंकाएं और चर्चाएं निराधार साबित हुई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी में बाबा उमाकांत आज करेंगे सत्संग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** लोगों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से परम संत बाबा उमाकांत महाराज चिंतपूर्णी पधार रहे हैं। आयोजकों के अनुसार बाबा उमाकांत महाराज अपने मुख्य आश्रम उज्जैन से आकर श्रद्धालुओं को सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक जीवन, नशामुक्ति तथा मानव कल्याण का संदेश देंगे। उनका कहना है कि बाबा जी के उपदेशों से देश-विदेश में लाखों लोगों ने नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों का त्याग कर सकारात्मक जीवन की ओर कदम बढ़ाया है। सत्संग कार्यक्रम 6 जून को प्रातः 10 बजे ग्रीन वैली रिसॉर्ट, मोईन-समनोली बाईपास रोड, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज के समीप आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अवधि लगभग दो घंटे रहेगी।

### तारा सिंह ने संभाला अधीक्षक ग्रेड-1 का पदभार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, ऊना के वरिष्ठ उपप्रधान एवं लोक निर्माण विभाग में कार्यरत तारा सिंह ने अधीक्षक ग्रेड-1 पद पर



पदोन्नति के उपरांत 2 जून को अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग वृत्त-15, ऊना कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। तारा सिंह वर्ष 1993 में सरकारी सेवा में नियुक्त हुए थे और अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया है। कर्मचारी हितों के प्रति उनकी सक्रियता एवं संगठनात्मक योगदान को भी व्यापक सराहना मिली है। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महासचिव राजेश कुमार सहित विभिन्न कर्मचारी प्रतिनिधियों ने तारा सिंह को पदोन्नति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तारा सिंह भविष्य में भी संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए महासंघ को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस अवसर पर कर्मचारी प्रतिनिधियों ने उनके सफल कार्यकाल तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 24 से 28 जून तक बंद रहेंगी आभूषणों की दुकानें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की जिला ऊना इकाई ने जिले भर के स्वर्णकार व्यवसायियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार 24 जून से 28 जून तक जिले की सभी स्वर्णकार एवं आभूषणों से संबंधित दुकानें बंद रहेंगी। संघ के जिला प्रधान प्रिंस राजपूत, उपप्रधान श्याम हांडा तथा महासचिव रजत कोहली ने संयुक्त रूप से बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उनका कहना है कि अवकाश के दौरान स्वर्णकार वर्ग को परिवार के साथ समय बिताने, सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने तथा स्वास्थ्य एवं विश्राम पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। संघ पदाधिकारियों ने जिले के सभी स्वर्णकार व्यवसायियों से निर्धारित अवकाश का पालन करने का आग्रह किया है। साथ ही ग्राहकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि जिन लोगों को विवाह, धार्मिक आयोजनों अथवा अन्य विशेष अवसरों के लिए आभूषणों की खरीदारी या मरम्मत करवानी है, वे अपने आवश्यक कार्य समय रहते पूरा कर लें, ताकि अवकाश अवधि के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रधान प्रिंस राजपूत ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश रखा जाता है, जिससे व्यवसाय से जुड़े लोगों को कुछ समय विश्राम का अवसर मिल सके।

### दियोली में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत दियोली में नवनिर्मित प्रधान श्वेता कंवर के नेतृत्व में दियोली पंचायत घर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और लोगों से प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया।प्रधान श्वेता कंवर ने कहा कि आज मानव की लापरवाही और अंधाधुंध विकास की दौड़ ने पर्यावरण को गंभीर संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है। जंगल कट रहे हैं, जल स्रोत सूख रहे हैं और प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद समाज का एक बड़ा वर्ग केवल पर्यावरण दिवस पर औपचारिकताएं निभाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लेता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि अब भी लोग नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध पानी और सुरक्षित वातावरण केवल किताबों में ही देखने को मिलेगा।

# घनारी की होनहार बेटियां सम्मानित

## प्रधान पूजा ने टोपी पहनाकर बढ़ाया हौसला, क्षेत्र का नाम रोशन करने पर दी बधाई

अनंत ज्ञान




घनारी की मेधावी बेटियों अंकिता और मुस्कान ठाकुर को सम्मानित करते ग्रामीण।

**घनारी।** क्षेत्र के गांव घनारी की मेधावी बेटियों अंकिता और मुस्कान ठाकुर ने बीकॉम तृतीय वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत घनारी की प्रधान पूजा ने दोनों छात्राओं को पहाड़ी टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्रधान पूजा ने कहा कि अंकिता और मुस्कान ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह साबित कर दिया है कि सफलता निरंतर प्रयास और समर्पण से हासिल की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अंकिता ने प्रदेश स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया है, जबकि मुस्कान ठाकुर ने अपने महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर घनारी क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। प्रधान पूजा ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और घनारी की इन बेटियों ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से गांव, पंचायत और जिले का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर उपस्थित

**◆ छात्राओं की उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए बताया प्रेरणास्रोत**

लोगों ने भी दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रवासियों ने कहा कि यह उपलब्धि केवल छात्राओं की व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे घनारी क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

सम्मान समारोह के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि शिक्षा और परिश्रम से प्राप्त उपलब्धियों का समाज सदैव सम्मान करता है तथा ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलना आवश्यक है।

# पंचायती राज चुनावों में मिला भारी जनसमर्थन : भाजपा नेता

अनंत ज्ञान

**ऊना।** प्रदेश में संपन्न हुए पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में जनता ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में अपना विश्वास जताया है। यह दावा भाजपा सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ ऊना मंडल के संयोजक राजीव वशिष्ठ, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, प्रकाश ठाकुर, कुलदीप दयाल, किशन चंद, अजय पराशर तथा शिव मैहन ने संयुक्त बयान में किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से कर्मचारी, पेंशनर और आम जनता निराश है, जिसका असर पंचायती राज चुनावों के परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है। नेताओं के अनुसार जिला ऊना में जिला परिषद की 17 सीटों में से 11 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इसके अलावा बड़ी संख्या में भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य, पंचायत प्रधान, उपप्रधान और पंच भी निर्वाचित होकर आए हैं।

उन्होंने दावा किया कि ऊना विधानसभा क्षेत्र में विधायक सतपाल सिंह सत्ती के नेतृत्व में भाजपा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उनके अनुसार जिला परिषद की तीनों सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी रहे हैं, जबकि अन्य स्थानीय निकायों में भी 70 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधियों ने सफलता प्राप्त की है। संयुक्त बयान में कहा गया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान सरकार महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों और पेंशनरों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है।

महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह की घोषणा के क्रियान्वयन का इंतजार रहा, युवाओं को अपेक्षित रोजगार के अवसर नहीं मिले और महंगाई ने आम जनता की परेशानियां बढ़ाई हैं। वहीं कर्मचारी और पेंशनर भी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार संघर्षरत रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि पंचायती राज चुनावों के परिणाम जनता की मनोदशा को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और आगामी विधानसभा चुनावों में इसका प्रभाव देखने को मिलेगा।

# चिंतपूर्णी मंदिर में नन्ही बहनों ने बिखेरी सनातन संस्कारों की छटा

अनंत ज्ञान



**चिंतपूर्णी।** हरियाणा के पानीपत (तहसील कैंप) से माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में दर्शन करने पहुंचे अमित शर्मा और अंजली शर्मा की बेटियों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। छह वर्षीय वैष्णवी और 11 वर्षीय भूमि शर्मा ने कम उम्र में धार्मिक ज्ञान और सनातन संस्कारों की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी श्रद्धालुओं ने खूब सराहना की। जानकारी के अनुसार, बाबा श्री माय दास सदन में लंगर ग्रहण करने के बाद दोनों बहनों ने मंदिर परिसर में मंत्रों का पाठ किया। उनकी स्पष्ट वाणी, आत्मविश्वास और शुद्ध उच्चारण को सुनकर वहां उपस्थित श्रद्धालु आश्चर्यचकित रह गए। दोनों बच्चियों को भगवद गीता का सार संस्कृत और हिंदी में कंठस्थ है। इसके अलावा वे हरे कृष्ण

**◆ मंत्रों और भगवद्गीता के ज्ञान से श्रद्धालु हुए प्रभावित**

महामंत्र तथा भोग मंत्र का भी सहजता से पाठ करती हैं। पिता अमित शर्मा ने बताया कि परिवार में बचपन से ही बेटियों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया है। घर में नियमित रूप से गीता पाठ और मंत्र जाप का वातावरण रहता है, जिससे बच्चों में धार्मिक और नैतिक संस्कार विकसित हो रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण की ली शपथ

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आईटीआई नेरियां में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

अनंत ज्ञान




**ऊना।** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईटीआई नेरियां परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण का संदेश देते हुए पौधे लगाए गए। उपस्थित प्रतिभागियों को प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि प्रकृति और मानव स्वास्थ्य का गहरा संबंध है तथा पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा जल एवं ऊर्जा संरक्षण को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियानों के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। इस दौरान डॉ. नरेंद्र, डॉ. इति श्री, डॉ. परमजीत नंदा तथा योग प्रशिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने उपस्थित लोगों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक विभिन्न कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामुदायिक स्थलों पर योग, स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता से संबंधित पूर्व गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

# लुहणू मैदान से पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन बिलासपुर के नेतृत्व में जिलेभर में स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान चलाया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने लुहणू मैदान में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेकर अभियान का शुभारंभ किया तथा विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है और स्वच्छता, पौधरोपण तथा जल संरक्षण जैसे छोटे प्रयास बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। जिले के सभी उपमंडलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छता एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिलाओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने अभियान में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# बीडीओ कार्यालय घुमारवीं में चला स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज खंड विकास कार्यालय घुमारवीं में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई तथा सभी कर्मचारियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी घुमारवीं अभिषेक शर्मा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी चुनौतियां सामने हैं, जिनसे निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

# बिलासपुर में भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं में नवनिर्वाचित भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों के सम्मान में शुक्रवार को रौड़ा सेक्टर स्थित ऑडिटोरियम में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक त्रिलोक जमवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जिला प्रभारी पायल वैद्य और संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारक अमित विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जिला परिषद सदस्यों, नगर परिषद पार्षदों, बीडीसी सदस्यों, पंचायत प्रधानों और अन्य जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा की राजनीति राष्ट्र सर्वोपरि और जनसेवा की विचारधारा पर आधारित है। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में हुए चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर बिलासपुर में विकास कार्यों को और तेज किया जाएगा तथा मूलभूत सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा जाएगा।

# कोलडैम परियोजना ने मनाया स्थापना दिवस



स्थापना दिवस पर केक काटते परियोजना प्रमुख एसएस राव तथा एनटीपीसी कोलडैम के अन्य अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम जलविद्युत परियोजना ने अपने 26 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थापना दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम के तहत वॉकथॉन और वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी वरुण गुप्ता, परियोजना प्रमुख एसएस राव, सीआईएसएफ जवानों, डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों, संगिनी संघ की पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

परियोजना प्रमुख एसएस राव ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर संगठन की 26 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोलडैम परियोजना ने स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से देश की ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में परियोजना ने अब तक का सर्वाधिक 3612.819 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन और 100.54 प्रतिशत पीक आवर उपलब्धता हासिल की है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### कपाहड़ा के उपप्रधान कुलदीप समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कपाहड़ा ग्राम पंचायत के उपप्रधान कुलदीप सिंह और पंचायत सदस्य संतोष कुमारी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कहा कि वे भाजपा की जनहितैषी नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। गर्ग ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके शामिल होने से पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 23 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता बाल विकास परियोजना अधिकारी झंडूता पवन कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद हेतु आंगनबाड़ी केंद्र समलोहल ग्राम पंचायत कपाहड़ा में आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 जून समय 5 बजे तक निर्धारित की गई है ,जिसके साक्षात्कार 25 जून को सुबह 11 बजे कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी झंडुता में किए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी सादे कागज पर आवेदन पत्र व मूल दस्तावेज की प्रतियां सहित कार्यालय में स्वयं व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित हो किसी भी अभ्यर्थी को अलग से व्यक्तिगत तौर पर बुलावा पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

### मजारी में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़, मां के नाम' अभियान की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरप्रीत कौर की देखरेख में शुरू किया गया। प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को फलदार और छायादार पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। पर्यावरण प्रभारी रेखा अत्री और मिशन लाइफ की प्रभारी हरप्रीत कौर के सहयोग से लगाए गए पौधों की देखभाल, उनकी स्थिति की जांच तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### नीम का पौध लगाकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत भगेड़ आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में लकेश चंदेल ने पौधारोपण को जीवन और भविष्य की सुरक्षा से जोड़ते हुए सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।



उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता से प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण दिया जा सकता है। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगेड़ की डॉ. गौरी शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ, बकरोआ पंचायत के नव निर्वाचित प्रधान अमित धीमान, उप प्रधान मनोज भंडारी, वार्ड सदस्य, समाजसेवी नीरज चंदेल और वैभव मार्शल उपस्थित रहे।

### घुमारवीं स्कूल के 16 छात्र अग्निवीर योजना में चयनित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एसवीपीएम पीएम श्री आदर्श विद्यालय घुमारवीं के 16 विद्यार्थियों का सेना की अग्निवीर योजना में चयन हुआ। चयनितों में अनमोल, शिवम, सुजल, हर्षित, महेश्वर, हनिश, शुभम, राहुल व दीक्षित शामिल हैं।

### पर्यावरण दिवस पर संरक्षण का लें संकल्प : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विधायक रणधीर शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने अधिक वृक्षारोपण, प्लास्टिक में कमी और जल संरक्षण पर जोर देते हुए इसे जनआंदोलन बनाने की अपील की।

### सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति में देरी पर अभ्यर्थी आक्रोशित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मार्च 2026 में हुई सीबीएसई स्कूलों की शिक्षक चयन परीक्षा के तीन माह बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया ठप है। अभ्यर्थियों ने विभाग से काउंसलिंग की तिथि जारी करने और तत्काल नियुक्तियां पूरी करने की मांग की है।

### उपायुक्त ने क्यारी-जबल क्षेत्र का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने क्यारी-जबल क्षेत्र का दौरा कर भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सड़क, श्मशान घाट पहुंचने में दिक्कतों व कटिंग से उत्पन्न समस्याओं का जायजा लिया। अधिकारियों को सीसीटीवी लगाने व समाधान के निर्देश दिए।

### प्लास्टिक प्रदूषण आज वैश्विक स्तर पर एक बड़ी चुनौती : वर्धन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एसआईवीटी घुमारवीं के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। केंद्र प्रमुख सुरेंद्र वर्धन ने प्लास्टिक प्रदूषण, विकास व पर्यावरण संतुलन पर जोर दिया। इस मौके पर नारा लेखन, भाषण व पोस्टर प्रतियोगिताएं हुईं।

### लोअर मेन मार्केट में मक्कल-काकू आज करेंगे महामाई का गुणगान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर लोअर मेन मार्केट में 6 जून को 21वां मां भगवती जागरण व भंडारा होगा। उत्तरी भारत के गायक तशुंल मक्कल और काकू राम ठाकुर (चंबा) गुणगान करेंगे। शोभायात्रा दोपहर 3 बजे, विशाल भंडारे का आयोजन रहेगा।

### भाषण प्रतियोगिता में अरुणिमा ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं के नवालोक आदर्श विद्यालय खनसरा में टेरा फ्रेंड्स इको क्लब द्वारा पर्यावरण दिवस एवं तंबाकू निषेध दिवस पर प्रतियोगिताएं हुईं। भाषण में सीनियर वर्ग में अरुणिमा शर्मा प्रथम, स्लोगन राइटिंग में हर्ष गौतम, पोस्टर मेकिंग में आराध्या राणा अव्वल रहीं।

# आपदा से निपटने को तैयार कोलडैम

## एनटीपीसी के जागरूकता कार्यक्रम में दिए बचाव के टिप्स




एनडीआरएफ और एनटीपीसी के विशेषज्ञ सुरक्षा के टिप्स देते हुए।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** आगामी मानसून को देखते हुए एनटीपीसी कोलडैम ने 4 जून को आपदा जागरूकता एवं अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों, श्रमिकों, विद्यार्थियों और गृहिणियों को बाढ़, भूस्खलन, तूफान तथा अन्य आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

एनडीआरएफ और एनटीपीसी के विशेषज्ञों ने आपदा के समय सतर्कता, सुरक्षित निकासी, प्राथमिक प्रतिक्रिया तथा राहत-बचाव कार्यों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर टाउनशिप के प्रत्येक घर की रसोई के लिए अग्निशामक यंत्र वितरित किए गए।

सीआईएसएफ ने अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया, जिसमें गृहिणियों सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपदा और आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने के लिए अधिक जागरूक, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाना था।

# चंडीगढ़ से बिलासपुर आना बना परेशानी का सफर, यात्रियों में रोष

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले बिलासपुर के यात्रियों को चंडीगढ़ से घर पहुंचने के लिए दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर चंडीगढ़ स्थित बस अड्डे पर बिलासपुर का टिकट उपलब्ध नहीं कराया जाता। वहीं, दूसरी ओर कई बसों में सफर कर रहे यात्रियों को बिलासपुर पहुंचने से पहले ही फोरलेन पर मंडी भराड़ी के पास उतार दिया जाता है। यात्रियों का आरोप है कि चंडीगढ़ से टिकट बुक करवाने के दौरान जब वे बिलासपुर का टिकट मांगते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि बिलासपुर का टिकट उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यात्रियों को मजबूरन मंडी का टिकट लेना पड़ता है, अन्यथा सीट मिलने की संभावना कम हो जाती है। इससे यात्रियों को अतिरिक्त किराया देने के साथ-साथ अनावश्यक असुविधा भी झेलनी पड़ती है।

समस्या यहीं समाप्त नहीं होती। चंडीगढ़ से मनाली, कुल्लू और मंडी की ओर जाने वाली अधिकांश बसें फोरलेन मार्ग से गुजरती हैं और बिलासपुर शहर के भीतर प्रवेश नहीं करतीं। ऐसे में बिलासपुर उतरने वाले यात्रियों को शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर मंडी भराड़ी के पास उतार दिया जाता है। यहां से उन्हें बिलासपुर पहुंचने के लिए या तो महंगी टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है या फिर दूसरी बस के इंतजार में सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ता है। यात्रियों का कहना

**◆ एचआरटीसी काउंटर पर नहीं मिलता बिलासपुर का टिकट**

**◆ मंडी का टिकट लेने को मजबूर यात्री**

**◆ फोरलेन पर 12 किलोमीटर पहले उतारी जा रही सवारियां**

है कि बिलासपुर जिला मुख्यालय होने के बावजूद इस तरह की व्यवस्था समझ से परे है। प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों के लिए टिकट और उतरने की समुचित व्यवस्था है, लेकिन बिलासपुर के यात्रियों को लगातार उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों और यात्रियों ने हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) से मांग की है कि चंडीगढ़ काउंटर पर बिलासपुर के लिए सीधी टिकट बुकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा फोरलेन मार्ग से चलने वाली बसों में बिलासपुर की सवारियों के लिए उचित उतरने और शहर तक पहुंचाने की व्यवस्था बनाई जाए। यात्रियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो यह मामला जनप्रतिनिधियों और सरकार के समक्ष भी उठाया जाएगा। उनका सवाल है कि जब बिलासपुर हिमाचल का प्रमुख जिला मुख्यालय है तो फिर यहां के यात्रियों को अपने ही शहर पहुंचने के लिए अतिरिक्त संघर्ष क्यों करना पड़ रहा है?

# पर्यावरण संरक्षण में रचा इतिहास प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला बना चंबा

## शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'बेस्ट डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड' से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर जिला चंबा ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन स्कूल कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेशभर में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। चंबा जिले को राज्यस्तरीय ग्रीन स्कूल प्रतियोगिता में 'बेस्ट डिस्ट्रिक्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदान किया गया। यह उपलब्धि जिले के विद्यार्थियों, अध्यापकों, इको क्लब प्रभारियों, प्रधानाचार्यों और विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों, समर्पण व पर्यावरण संरक्षण



रिज मैदान में राज्यस्तरीय समारोह का हुआ। आयोजन

के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम मानी जा रही है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में भी चंबा के विद्यालयों और विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरगट ने बेस्ट इको क्लब श्रेणी में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया, जबकि वंश पंडित ने जूनियर पेंटिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा जीएसएसएस खरगट को वेस्ट वॉरियर अवार्ड, जीएसएसएस होबार को वॉटर वॉरियर अवॉर्ड व जीएसएसएस चनेड़ को न्यूकमर अवार्ड से सम्मानित किया गया। उप निदेशक स्कूल शिक्षा चंबा विकास महाजन ने सभी विजेता विद्यालयों, विद्यार्थियों, अध्यापकों और इको क्लब प्रभारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला घोषित होना पूरे चंबा के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों, विद्यार्थियों और इको क्लब प्रभारियों की अथक मेहनत तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता का परिणाम है। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे जिला विज्ञान पर्यवेक्षक गौरव वैद्य के मार्गदर्शन, समन्वय और निरंतर प्रयासों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में जिले के विद्यालयों में ग्रीन स्कूल कार्यक्रमों, इको क्लब गतिविधियों तथा विभिन्न पर्यावरणीय अभियानों का प्रभावी संचालन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप जिला चंबा को यह प्रतिष्ठित राज्यस्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ।

## धरवाला उपमंडल में 6 10 और 19 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, देशराज कश्यप, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड उपमंडल धरवाला के अंतर्गत मरम्मत एवं आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 6, 10 और 19 जून को उपमंडल में आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 केवी करियां-गरोला विद्युत लाइन के आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण ग्राम पंचायत लोथल, सुनारा, तागी, धिमला, बकाण, गुराड़, डुलाडा, किलोड, कलमला, गांण, कुनेड, प्रीणा, भटवाड़ा, राड़ी, ब्रेही, गैहरा, खुंदेल, बलोठ, लेच, पयूहरा, छतराड़ी तथा आसपास के क्षेत्रों में चेंज ओवर के दौरान सुबह और शाम लगभग आधे घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता मनोज कुमार ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र में बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

## विधायक डॉ. जनकराज ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने मैहला में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

विधायक डॉ. जनकराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा है।

ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, भूमि



लोगों से पौधे लगाने और देखभाल करने का आह्वान किया।

संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देना है तो आज से ही पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

डॉ. जनकराज ने युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों से पर्यावरण संरक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने दिया हरित संदेश, प्लास्टिक बोतलों से बनाई अनोखी बाउंड्री

अनंत ज्ञान



**गैहरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट में एक प्रेरणादायक एवं जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यापकों, विद्यार्थियों, एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अध्यापकों के मार्गदर्शन में स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पड़ी प्लास्टिक बोतलों को एकत्रित किया। इस अवसर पर प्लास्टिक कचरे के पुन: उपयोग और उसके पर्यावरण हितैषी विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया गया कि भविष्य में जहां भी प्लास्टिक बोतलें मिलें, उन्हें एकत्रित कर विद्यालय में जमा किया जाए। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में एक पौधा भी रोपा गया। साथ ही एकत्रित प्लास्टिक बोतलों का उपयोग करते हुए क्यारी के चारों ओर आकर्षक बाउंड्री बनाई गई। अध्यापकों ने बच्चों को यूट्यूब के माध्यम से पुनः उपयोग के रचनात्मक मॉडल भी दिखाए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक भोजन किया और पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने का संकल्प लिया।

## 19 घंटे बाद पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग बहाल

### यात्रियों ने ली राहत की सांस, वीरवार को बारिश के चलते पहाड़ी से गिरा था भारी मलबा

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भारी बारिश के कारण पहाड़ी से हुए भूस्खलन के चलते बंद हुआ पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-154ए) लगभग 19 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया। मार्ग खुलने के बाद क्षेत्र के लोगों और यात्रियों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार वीरवार शाम करीब 5 बजे गेहरा के समीप भारी बारिश के चलते पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा और पत्थर सड़क पर आ गिरे, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। मार्ग बंद होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और सैकड़ों यात्री घंटों तक फंसे रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और संबंधित विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रात के समय ही मशीनरी और कर्मचारियों को मौके पर तैनात कर दिया था। हालांकि भूस्खलन से सड़क पर भारी मात्रा में मलबा जमा होने के कारण मार्ग



सड़क बंद होने से भरमौर व अन्य क्षेत्रों की ओर जाने वाली बस सेवाएं प्रभावित रहीं।

को तुरंत बहाल नहीं किया जा सका। विभागीय कर्मचारियों ने पूरी रात और शुक्रवार सुबह तक युद्ध स्तर पर राहत एवं बहाली कार्य जारी रखा।

सड़क बंद रहने से भरमौर, चंबा और अन्य क्षेत्रों की ओर जाने वाली बस सेवाएं भी प्रभावित रहीं। कई यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था का सहारा लेना पड़ा, जबकि कुछ लोगों को घंटों तक मार्ग खुलने का इंतजार करना पड़ा। लगातार प्रयासों के बाद शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे मार्ग से मलबा पूरी तरह हटाकर यातायात के लिए खोल दिया गया। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि बरसात के मौसम में पहाड़ी मार्गों पर यात्रा करते समय सावधानी बरतें तथा मौसम और सड़क की स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही सफर करें।

## एक मंच पर दिखे जियालाल कपूर, अनिल ढकोग व डॉ. जनक राज, सियासी चर्चाएं तेज

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** भरमौर-पांगी भाजपा की राजनीति में लंबे समय से चली आ रही गुटबाजी और मतभेदों की चर्चाओं के बीच वीरवार और शुक्रवार सामने आई एक तस्वीर ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। पूर्व विधायक जियालाल कपूर, भाजपा नेता अनिल ढकोग और विधायक डॉ. जनकराज एक ही मंच पर दिखाई दिए, जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के राजनीतिक जानकारों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।



मौका था भाजपा जिला प्रभारी शिशु भाई धर्मा का भरमौर दौरा। पंचायत चुनाव के बाद यहां पर पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को लेकर मीटिंग की गई थी। इस मीटिंग में तीनों भाजपा के दिग्गज इकट्ठे नजर आए। हालांकि पिछले कुछ समय से इन तीनों के बीच में आपस में शीत युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के बाद सामने आई इस तस्वीर को भाजपा संगठन में एकजुटता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यदि पार्टी के वरिष्ठ और प्रभावशाली नेता एक मंच पर सक्रिय रूप से नजर आते हैं तो इसका सकारात्मक संदेश कार्यकर्ताओं तक पहुंचेगा और संगठन को भी मजबूती मिलेगी। भरमौर भाजपा में पिछले कुछ समय से विभिन्न नेताओं के बीच राजनीतिक खींचतान और अलग-अलग गुटों की चर्चा होती रही है। ऐसे में तीन प्रमुख नेताओं की एक साथ मौजूदगी को आगामी राजनीतिक समीकरणों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, किसी भी नेता की ओर से इस मुलाकात या मंच साझा करने को लेकर कोई आधिकारिक राजनीतिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन तस्वीर ने यह संकेत जरूर दिए हैं कि पार्टी के भीतर संवाद और समन्वय बढ़ाने की कोशिशें चल रही हैं।

## शेफ हरपाल सोखी का 'कारीगरी' ब्रांड मेरठ में लॉन्च, देश में 13वां आउटलेट

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़/मेरठ।** मशहूर सेलिब्रिटी शेफ हरपाल सिंह सोखी के लोकप्रिय फाइन डाइनिंग ब्रांड कारीगरी ने मेरठ में अपने पहले और देशभर में 13वें आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया। चंडीगढ़ में 'कारीगरों की बारात' थीम से चर्चा बटोरने के बाद इस बार मेरठ में 'राज तिलक उत्सव' के साथ कारीगरी की नई पारी की शुरुआत हुई।



मेरठ में आयोजित उद्घाटन समारोह भारतीय कारीगरों, कलाकारों, खिलाड़ियों और रचनाकारों को समर्पित रहा। कार्यक्रम में शहर के उद्योगपतियों, सामाजिक हस्तियों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इससे पहले 4 जून को आयोजित विशेष संध्या 'शरबत-ए-शाम, मेरठ के नाम' में चुनिंदा मेहमानों को कारीगरी के अनूठे अनुभव की पहली झलक दिखाई गई।

करीब 3,000 वर्ग फुट में फैले इस रेस्टोरेंट को भारत के कारीगरों को समर्पित थीम पर विकसित किया गया है। यहां खेल जगत, कला, वस्त्र उद्योग और अन्य क्षेत्रों के रचनाकारों की प्रेरणादायक कहानियों को दीवारों पर उकेरा गया है। विशेष 'शेफ्स कोट वॉल' पाक-कला के कलाकारों को सम्मान देने का प्रतीक बनी हुई है।

उद्घाटन के दौरान ग्रैंड कर्टेन रिवील के जरिए मेरठ को एक नए प्रीमियम डाइनिंग डेस्टिनेशन से परिचित कराया गया। रेस्टोरेंट में निजी समारोहों और कॉर्पोरेट बैठकों के लिए अत्याधुनिक प्राइवेट डाइनिंग रूम (पीडीआर) की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर शेफ हरपाल सिंह सोखी ने कहा कि कारीगरी हमेशा उन लोगों का उत्सव मनाने का माध्यम रही है जो अपने हुनर से कुछ असाधारण रचते हैं। उन्होंने कहा कि मेरठ में इस विचारधारा को लेकर आने पर उन्हें गर्व है और यह स्थान शहर के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव बनेगा।

कारीगरी के संस्थापक एवं सीईओ योगेश शर्मा ने कहा कि मेरठ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए यहां केवल बेहतरीन भोजन ही नहीं, बल्कि संस्कृति, कला और कारीगरी का अनूठा संगम प्रस्तुत किया जाएगा। मेरठ में कारीगरी को लेकर आने वाले फ्रेंचाइजी पार्टनर तनीष्क वशिष्ठ और अतुल वशिष्ठ ने कहा कि उनका उद्देश्य शहर में प्रीमियम आतिथ्य और विश्वस्तरीय डाइनिंग अनुभव की नई संस्कृति स्थापित करना है।

## नारनौल में 7.33 ग्राम गांजे समेत आरोपी दबोचा

**अनंत ज्ञान, नारनौल।** सीआईए और कनीना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक कार से 9 किलो 33 ग्राम गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर बाघोत-सेहलंग मार्ग पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की और पीछा करने पर उसकी कार सड़क किनारे नीम के पेड़ से टकरा गई। हादसे में आरोपी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में कार की तलाशी लेने पर डिग्गी में गैस सिलेंडर के अंदर छिपाकर रखे गए आठ पैकेट बरामद हुए, जिनमें से गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर हरित पहल को बढ़ावा



अनंत ज्ञान

**खरड़।** पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के एनएसएस विभाग ने विश्वविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' की प्रेरणादायक थीम के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान आयोजित कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, विश्वविद्यालय अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार, एनएसएस निदेशक प्रो. (मेजर) ए.एस. चहल, आरबीयू स्कूल की प्रिंसिपल मीना वर्मा, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रतिनिधि, संकाय सदस्य तथा एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिसर में सामूहिक रूप से पौधारोपण किया।

इस पहल का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने, प्रदूषण को कम करने तथा सतत विकास सुनिश्चित करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में रचनात्मकता का समावेश करते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण के महत्व, प्रदूषण नियंत्रण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित प्रेरक और विचारोत्तेजक नारों का निर्माण एवं प्रदर्शन किया। इन नारों ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया तथा उन्हें प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

सभा को संबोधित करते हुए एनएसएस निदेशक प्रो. (मेजर) ए.एस. चहल ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को प्रकृति के सक्रिय संरक्षक बनने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सतत भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## मोहाली में जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी सफल

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली ने 42 वर्षीय महिला के अत्यंत जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन मामले का सफलतापूर्वक इलाज किया है। मरीज पिछले कई वर्षों से गंभीर मूत्र संबंधी जटिलताओं से जूझ रही थी और उसकी पहले दो सर्जरी विफल हो चुकी थीं। मरीज को वेसिकोवजाइनल फिस्टुला, यूरेटेरिक रीइम्प्लांटेशन समस्याएं और यूरेटेरिक ऑब्स्ट्रक्शन जैसी गंभीर परेशानियां थीं। अस्पताल में विस्तृत मूल्यांकन के बाद चिकित्सकीय टीम ने चरणबद्ध और योजनाबद्ध उपचार अपनाया, जिसमें संक्रमण नियंत्रण, मूत्राशय क्षमता बढ़ाने और सर्जरी पूर्व निगरानी पर विशेष ध्यान दिया गया।

नौ घंटे चली इस जटिल सर्जरी को डॉ. मनोज शर्मा (यूरोलॉजी), डॉ. दिविज जयंत (जीआई सर्जन) और डॉ. मनप्रीत गिल (एनेस्थीसिया) की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि पहले असफल ऑपरेशनों के कारण मामला बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन सावधानीपूर्वक तैयार की गई रणनीति ने सफल परिणाम सुनिश्चित किया।



## एसएएस नगर में स्वीप ने मतदाता पुनरीक्षण पर की अहम बैठक

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस के मुताबिक, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर-कम-डिप्टी कमिश्नर, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर के डायरेक्शन में डिस्ट्रिक्ट स्वीप सेल ने एक जरूरी मीटिंग ऑर्गेनाइज की। इसका मकसद वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर-2026) को सक्सेसफुली कंडक्ट करना और वोटर्स में अवेयरनेस पैदा करना था।



मीटिंग की चेयरपर्सन डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर (स्वीप) प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल और असिस्टेंट नोडल ऑफिसर (स्वीप)-कम-डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर (सेकेंडरी) गिन्नी दुग्गल थीं। मीटिंग के दौरान, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-2026 से जुड़ी अलग-अलग एक्टिविटीज और वोटर्स को ज्यादा से ज़्यादा जानकारी देने के लिए डिजाइन किए जाने वाले अवेयरनेस प्रोग्राम्स पर डिटेल में चर्चा की गई। इस मौके पर प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल ने कहा कि वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन डेमोक्रेटिक प्रोसेस को और मजबूत और ट्रांसपेरेंट बनाने के लिए एक जरूरी कदम है। उन्होंने कहा कि हर योग्य नागरिक की भागीदारी पक्का करने के लिए पूरे जिले में स्पेशल अवेयरनेस कैंपेन चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, यूथ क्लब, वॉलंटरी ऑर्गेनाइजेशन, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब और दूसरे स्टेकहोल्डर के सपोर्ट से बड़े लेवल पर अवेयरनेस एक्टिविटीज ऑर्गेनाइज़ की जाएंगी। असिस्टेंट नोडल ऑफिसर गिन्नी दुग्गल ने कहा कि युवा वोटरों को स्कूल और कॉलेज के ज़रिए वोटर लिस्ट के रिवीजन प्रोसेस, रजिस्ट्रेशन, करेक्शन और दूसरी इलेक्टोरल सर्विसेज के बारे में अवेयर किया जाएगा, ताकि कोई भी योग्य वोटर वोटर लिस्ट में अपना नाम रजिस्टर कराने या जरूरी करेक्शन कराने से वंचित न रहे। मीटिंग के दौरान, स्वीप सेल के मेंबर ने भी अवेयरनेस कैंपेन को और असरदार बनाने के लिए अपने कीमती सुझाव शेयर किए। इसके अलावा, आने वाले दिनों में जिले भर में अलग-अलग अवेयरनेस एक्टिविटीज़ करने के लिए एक डिटेल्ड आउटलाइन भी तैयार की गई।

## एचडीएफसी बैंक के 'परिवर्तन' कार्यक्रम से 88% खेतों में पराली जलाने पर रोक

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़/लुधियाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के जरिए, सीआईआई फाउंडेशन के साथ मिलकर, अपनी 'फसल अवशेष प्रबंधन' (सीआरएम) पहल में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। 2025 के सीजन में, पंजाब और हरियाणा के कुल 3,78,425 एकड़ खेतों में से 88 फीसदी खेतों को पराली जलाने से बचाया गया।

पंजाब के लुधियाना और संगरूर जिलों, और हरियाणा के फतेहाबाद जिले के 380 से ज़्यादा गांवों के 86,000 किसानों तक पहुंचने वाला यह कार्यक्रम, उत्तर भारत में खेती से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए निजी क्षेत्र की एक व्यापक और असरदार कोशिश है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कहा, 'पराली जलाना सिर्फ़ एक कृषि आदत नहीं है, यह एक व्यवस्थागत चुनौती है जिसकी जड़ें अर्थव्यवस्था, पहुंच और जागरूकता में हैं। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की सीआईईई फाउंडेशन के साथ साझेदारी ने इन तीनों पहलुओं को एक साथ संबोधित किया है।

सहकारी टूल बैंकों के माध्यम से किसानों तक मशीनरी की पहुंच बनाकर, लगातार सामुदायिक जुड़ाव के जरिए व्यवहार में बदलाव लाकर, और बायोगैस व कम्पोस्टिंग जैसे 'एक्स-सीटू' (खेत के बाहर) समाधान पेश करके, हमने एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जो किसानों के लिए वास्तविक बचत के साथ-साथ पर्यावरणीय परिणाम भी देता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, हम इस प्रभाव को और आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।' सीआईआई फाउंडेशन में क्लाइमेट रेजिलिएंस के लीड, चंद्रकांत प्रधान ने कहा कि इस कार्यक्रम को जो बात असाधारण बनाती है, वह है इसमें पैदा हुई सामुदायिक स्वामित्व की गहरी भावना है।

## चंडीगढ़ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए 150 पौधे

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने भाजपा शहीद भगत सिंह जिला द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सेक्टर-7 स्थित पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अभियान के दौरान लगभग 40 वॉलंटियर्स ने मिलकर 150 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



इस अवसर पर सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा, 'मोदी सरकार के राष्ट्रसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संदेश स्पष्ट करता है कि भारत 'मिशन लाइफ' के माध्यम से पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन स्थापित कर पूरी दुनिया को सतत विकास का मार्ग को दिखा रहा है।'

उन्होंने कहा कि मां का प्रेम सभी मानवीय रिश्तों से ऊपर होता है। अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम न केवल अपनी मां, बल्कि धरती माँ के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। पर्यावरण संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए इस वर्ष चंडीगढ़ में 4.25 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, जबकि पिछले वर्ष चंडीगढ़ में 5.64 लाख से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिनमें से 79% पौधे आज भी सुरक्षित फलफूल रहे हैं। हमारा लक्ष्य चंडीगढ़ के 41% ग्रीन कवर को मज़बूत करना तथा आनेवाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित, प्रदूषण-मुक्त भविष्य देना है।

उन्होंने आगे कहा कि चंडीगढ़ से शुरू हुआ यह अभियान पूरे पंजाब में भी चलाया जाएगा। पंजाब में भी कल 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। मैं पंजाब और देशवासियों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें, क्योंकि यह प्रत्येक व्यक्ति की भावनाओं से जुड़ा हुआ अभियान है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सोनू, जिला प्रभारी डॉ. नरेश पंचाल, काउंसलर महेशिंदर सिंह सिद्धू, जिला महामंत्री राज कुमार जमवाल, मंडल अध्यक्ष बबलू चौधरी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, ईडब्ल्यूएस ज्वॉइंट सेक्रेटरी हरमिंदर सिंह, एनवायरनमेंट सोसाइटी की एग्जीक्यूटिव मेंबर चांदनी शर्मा एवं राकेश शर्मा सहित कई अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रेशम उद्योग रखोटा के दफ्तर में लगी आग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट के अंतर्गत गांव रखोटा स्थित सेरीकल्चर (रेशम उद्योग) विभाग के बंद पड़े भवन में गुरुवार को अचानक आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। सूचना प्राप्त होते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का अभियान शुरू किया। अग्निशमन कर्मियों की तत्परता और त्वरित कार्रवाई के चलते आग पर शीघ्र काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास के क्षेत्र को भी नुकसान पहुंच सकता था।घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है, जिससे प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि भवन के भीतर रखा कुछ फर्नीचर और अन्य सामान आग की चपेट में आने से लगभग 50 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। प्रशासन के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

### डीसी से मिलीं वंदना, मतगणना में गड़बड़ी का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद वार्ड-34 टिहरा से चुनाव लड़ने वाली प्रत्याशी वंदना गुलेरिया ने मतगणना प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए उपायुक्त मंडी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच और पुनर्मतगणना की मांग की। समर्थकों और क्षेत्र के दर्जनों लोगों के साथ डीसी कार्यालय पहुंचीं वंदना गुलेरिया ने आरोप लगाया कि टिहरा वार्ड की मतगणना में 154 मतों की गड़बड़ी हुई है, जिनमें 126 मत कर्मचारियों से संबंधित बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रशासन को विस्तृत शिकायत सौंपी गई है। वंदना गुलेरिया ने मतगणना के दौरान तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि वार्ड के सभी चार प्रत्याशियों की मौजूदगी में दोबारा मतगणना करवाई जाए ताकि चुनाव परिणामों को लेकर उठ रहे संदेह दूर हो सकें। ज्ञापन सौंपने के बाद वंदना गुलेरिया ने मंडी में पत्रकार वार्ता भी की, जिसमें उन्होंने अपनी आपत्तियों और मांगों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है और मतदाताओं के विश्वास की रक्षा के लिए मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि वंदना गुलेरिया ने जिला परिषद वार्ड-34 टिहरा से चुनाव लड़ा था और उन्हें 45 मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष पर आरोप लगाना नहीं, बल्कि मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। वहीं प्रशासन की ओर से शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि की गई है तथा मामले की जांच नियमानुसार किए जाने की बात कही गई है।

### राष्ट्रमंडल सम्मेलन में गूंजेगी हिमाचल की आवाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र, जोन-II के महत्वपूर्ण सम्मेलन में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। हरियाणा विधानसभा द्वारा 8 से 10 जून, 2026 तक चंडीगढ़ विधान मंडल भवन में आयोजित इस सम्मेलन में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परम्पराओं और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जनभागीदारी की भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन का शुभारम्भ राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इसके अतिरिक्त हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश तथा हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष भी विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में देश के अनेक प्रमुख विधानमण्डलों के पीठासीन अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिससे यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर संसदीय संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। सम्मेलन का मुख्य विषय 'विकसित भारत-2047' राष्ट्रीय लक्ष्य को पाने में जागरूक नागरिक, समाज और युवा विधायकों की भूमिका' निर्धारित किया गया है। 9 जून को चंडीगढ़ स्थित दी ललित होटल में इस विषय पर तीन विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विकसित भारत के निर्माण में युवाओं, जनप्रतिनिधियों और समाज की साझी जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा होगी।

### नीट पेपर लीक मामले में सरकाघाट में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में सामने आई अनियमितताओं के विरोध में एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट के विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिकों ने शुक्रवार को एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और उपमंडलाधिकारी नागरिक सरकाघाट के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों एवं जागरूक नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार राणा ने कहा कि हृश्वश्वञ्ज जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और मेरिट को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार और संबंधित एजेंसियों को मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर सच्चाई को सामने लाना चाहिए ताकि मेहनती विद्यार्थियों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### श्रीराम पर राजनीति कर रही कांग्रेस : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवधि सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण की रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के साथ करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया तथा प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया। जमवाल ने कहा कि हाल ही में हुए नगर निगम, नगर परिषद, जिला परिषद और पंचायत चुनावों के परिणामों ने प्रदेश में कांग्रेस के प्रति जनता की निराशा को उजागर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार चुनावी पराजय के कारण कांग्रेस नेता हताशा में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की भगवान श्रीराम को लेकर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आस्था के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को चुनावी हार की हताशा में धार्मिक आस्थाओं को राजनीति का विषय नहीं बनाना चाहिए। जमवाल ने मांग की कि जगत सिंह नेगी अपनी टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

# पर्यावरण दिवस पर सीएम ने शुरू किया चिनार अभियान

## हरित हिमाचल की दिशा में नई पहल से पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता व ईको-टूरिज्म को मिलेगा विस्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऐतिहासिक ओक ओवर परिसर में चिनार पौधरोपण अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ कर प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। अपनी घनी छाया, आकर्षक स्वरूप और पर्यावरणीय महत्व के लिए प्रसिद्ध चिनार का वृक्ष शिमला की जलवायु के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण के इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के बच्चों को पौधे वितरित कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वानिकी, पर्यावरण प्रबंधन तथा ईको-टूरिज्म से संबंधित कई

### ◆ वन प्रबंधन-पर्यावरण संरक्षण संबंधी पुस्तकों का विमोचन

महत्वपूर्ण प्रकाशनों का लोकार्पण भी किया। इनमें वन विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के लिए तैयार की गई फील्ड हैंडबुक 'वन बोध', प्रधान मुख्य अरण्यपाल डॉ. संजय सूद द्वारा लिखित 'एनवायरनमेंटल मैनेजमेंट एंड रेगुलेशंस' तथा विभिन्न वानिकी परियोजनाओं पर आधारित विशेष प्रकाशन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश के 75 ईको-टूरिज्म स्थलों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया, जिसमें प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर और पर्यावरणीय पर्यटन स्थलों का विस्तृत एवं आकर्षक विवरण प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये प्रकाशन वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और पर्यावरण प्रेमियों के लिए उपयोगी मार्गदर्शक सिद्ध होंगे तथा वन प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास की दिशा में नई सोच को बढ़ावा देंगे।



ओक ओवर शिमला में चिनार पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते सीएम सुक्खू।

### सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार का यूएनडीपी के साथ एमओयू साइन

**शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश ने सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य सरकार और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से प्रदेश में परिपत्र अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन के अनुकूल विकास तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हुए इस समझौते को हिमालयी प्रदेश के लिए दीर्घकालिक पर्यावरणीय और विकासात्मक दृष्टि से एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव सुशील सिंगला तथा यूएनडीपी की रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव डॉ. एंजेला लुसिगी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत परिपत्र अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा संग्रहण के लिए विद्युत गतिशीलता, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आधुनिक और प्रभावी उपायों पर संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही जैव विविधता संरक्षण, प्रकृति आधारित समाधान और स्थानीय समुदायों के लिए सतत आजीविका के अवसरों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह समझौता वैश्विक अनुभवों और स्थानीय आवश्यकताओं के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए प्रदेश के लोगों के लिए हरित रोजगार और सतत विकास के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य और सतत विकास के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह साझेदारी उस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्यभर के असंगठित अपशिष्ट प्रबंधन कर्मियों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'सफाई मित्र योजना' का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मी समाज के अनदेखे नायक हैं, जिनके योगदान से शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण कायम रहता है।

# कांग्रेस ने मंजूर किया नीरज भारती का इस्तीफा

## प्रदेश सरकार और संगठन की कार्यप्रणाली पर उठाए थे गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और चर्चित घटनाक्रम के तहत पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नीरज भारती का प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पद से दिया गया इस्तीफा आखिरकार स्वीकार कर लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के साथ ही भारती का संगठनात्मक कार्यकाल समाप्त हो गया है। लंबे समय से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने इस प्रकरण ने कांग्रेस संगठन के भीतर चल रही अंतर्कलह और असंतोष की चर्चाओं को एक बार फिर हवा दे दी है। जानकारी के अनुसार नीरज भारती ने कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए सरकार और संगठन की कार्यशैली पर खुलकर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने के लिए जमीनी स्तर पर संघर्ष करने वाले अनेक समर्पित कार्यकर्ताओं को अपेक्षित सम्मान और महत्व नहीं मिला।



उनके अनुसार बीते साढ़े तीन वर्षों के दौरान मेहनती और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी होती रही, जिससे संगठन के भीतर निराशा का वातावरण बना है। भारती ने अपने वक्तव्य में सरकार और संगठन के बीच बढ़ती दूरी को भी चिंता का विषय बताया था। उनका कहना था कि वास्तविक कार्यकर्ता निर्णय प्रक्रिया से दूर होते जा रहे हैं, जबकि संगठनात्मक मजबूती के लिए जमीनी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनके इन बयानों के बाद कांग्रेस के भीतर और बाहर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया था।

यही नहीं, उनकी टिप्पणियों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर की ओर से उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था।

राज्य कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार द्वारा इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद अब राजनीतिक विश्लेषक इस घटनाक्रम के दूरगामी प्रभावों का आकलन कर रहे हैं। नीरज भारती प्रदेश की राजनीति में मुखर और बेबाक नेताओं में गिने जाते हैं तथा संगठनात्मक मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखने के लिए जाने जाते रहे हैं। ऐसे में उनका उपाध्यक्ष पद छोड़ना केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे कांग्रेस के भीतर उभरते राजनीतिक संकेतों के रूप में भी देखा जा रहा है।

# जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस की हार से घबराई सरकार : हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने जिला परिषद एवं बीडीसी चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि यह बयान लोकतांत्रिक संस्थाओं, चुने हुए जनप्रतिनिधियों और लाखों मतदाताओं का अपमान है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि पंचायत, बीडीसी और जिला परिषद जैसी संस्थाएं लोकतंत्र की आधारशिला हैं तथा इनके महत्व को कम करके आंकना जनादेश का अनादर है। महाजन ने दावा किया कि जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है और इसी हताशा में सरकार इस तरह की बयानबाजी कर रही है। हर्ष महाजन ने शिमला से जारी बयान में कांग्रेस पर सनातन परंपराओं और हिंदू आस्था के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'जय श्रीराम' करोड़ों लोगों की श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, कोई राजनीतिक नारा नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसे भगवान श्रीराम और सनातन परंपराओं से जुड़े प्रतीकों से आपत्ति क्यों है। महाजन ने कहा कि जनता स्थानीय निकाय चुनावों में अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस के प्रति बढ़ता जनअसंतोष और अधिक स्पष्ट दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों, जनभावनाओं और सनातन संस्कृति के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रदेशवासियों की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी।



### ◆ मुख्यमंत्री की टिप्पणी की निंदा, सार्वजनिक माफी मांगने की मांग

# पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम मंडी को मिला स्टेट अवॉर्ड

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए नगर निगम मंडी को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहरी निकाय श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के तहत नगर निगम को प्रशस्ति पत्र, 25 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यह सम्मान प्रदान किया। नगर निगम प्रशासन ने इस उपलब्धि को सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों और वार्ड प्रभारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। निगम प्रशासन के अनुसार पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार प्राप्त करने में आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, सहायक अभियंता, सेक्शन अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों के मार्गदर्शन और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से सफाई मित्रों एवं वार्ड प्रभारियों ने जमीनी स्तर पर निरंतर कार्य करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को साकार करने में अहम योगदान दिया। कमिश्नर रोहित राठौर ने कहा कि यह सम्मान शहर में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की पहचान है। इस उपलब्धि से निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है तथा भविष्य में भी शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए कार्य जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है।

### ◆ विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने द्वितीय पुरस्कार से नवाजा

## नगर पंचायत भोटा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव में बीजेपी को झटका, कांग्रेस को राहत

# वोटिंग राइट से भाजपा विधायक लखनपाल आउट

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल का वोटिंग राइट के प्रोसेस से बाहर होने की वजह से भाजपाइयों की उम्मीदों को निश्चित रूप में भोटा नगर पंचायत के चुनाव के लिए झटका लगा है। हाई कोर्ट ने विधायकों के वोट डालने के प्रदेश सरकार के फैसले को रोक दिया है। सरकार ने पहले ही यह ऐलान किया था कि स्थानीय निकाय के चुनाव में बराबरी पर स्थानीय विधायक वोट डाल सकेंगे। लेकिन अब इस नई परिस्थिति से हमीरपुर जिला के भोटा में स्थित नगर पंचायत के गठन को लेकर अलग तरह का माहौल बन गया है। यानी विधायक लखनपाल अब वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यहां चुनावी समीकरण बेहद रोचक हैं और भाजपाइयों की उम्मीदें धरी की धरी रह गई हैं।

### भाजपा के तीन और कांग्रेस के दो पार्षद

**नगर** पंचायत में भाजपा के तीन पार्षद विजयी हुए हैं। सीधे रूप से कांग्रेस के दो और दो ही पार्षद व्यापार मंडल के समर्थन से विजयी हुए हैं। व्यापार मंडल की दोनों पार्षदों ने कांग्रेस को समर्थन देने की रणनीति को अंजाम दिया हुआ है। क्योंकि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने चुनाव नतीजों के फौरन बाद चारों पार्षदों से मिलकर यह रणनीति तैयार कर ली थी। हालांकि एक पार्षद निर्दलीय रुप में भाजपा विचारधारा परिवार से भी जुड़ा हुआ है। इसीलिए यहां जोड़-तोड़ की राजनीति भी चल रही थी। अब 7 सदस्य इस नगर पंचायत में कहने को चार और तीन का आंकड़ा खड़ा हुआ है, लेकिन विधायक का वोट अब शामिल नहीं होगा।

### अध्यक्ष पद ओपन

**इस** बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद ओपन है। इसी वजह से लॉटरी किसकी खुलेगी अभी कह पाना आसान नहीं है। भाजपा को एक वोट चाहिए है और कांग्रेस को यदि निर्दलियों का हिसाब देखा जाए तो बढ़त हासिल है। अब जब भी चुनाव सभा होगी, दोनों ही दलों की रणनीति क्या गुल खिलाएगी? किसे सफलता मिलेगी, इस पर क्या भाजपा किसी एक पार्षद को अपने साथ जोड़ने में कामयाब होगी या फिर चारों पार्षदों को कांग्रेस नेता एकजुट रख पाएंगे, यही महत्वपूर्ण है।

### एसएफआई की फीस वृद्धि वापस लेने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को शिक्षा सचिव राकेश कंवर से मिला और प्रदेश के छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उनके समक्ष उठाया। एसएफआई ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति पद को दोबारा न भरने तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में की गई 25 प्रतिशत फीस वृद्धि को वापस लेने की मांग की।

# शिमला बनेगा अंतरराष्ट्रीय खेल जनसेवा का केंद्र : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती के अवसर पर 23 जून को शिमला में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय प्रो बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी, जिसमें छह देशों के मुक्केबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही स्वास्थ्य, जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वीरभद्र सिंह की जनसेवा और विकास की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है।

विक्रमादित्य सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती समारोह को केवल खेल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे जनहित से भी जोड़ा गया है। शिमला में चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे तथा जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा उपकरण वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में विकास और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी और यही भावना इन आयोजनों की आधारशिला है।

### ◆ स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर राजधानी में छह देशों के मुक्केबाजों की होगी भिड़ंत



### खालसा टैक्स पर प्रदेश सरकार गंभीर

**पंजाब** में कथित खालसा टैक्स से जुड़े मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए विक्रमादित्य सिंह ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार इस विषय को गंभीरता से ले रही है और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी इसे पंजाब सरकार के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि उचित स्तर पर बातचीत के माध्यम से इस विषय का समाधान तलाशा जाएगा ताकि लोगों की चिंताओं का निराकरण हो सके।

# गुणवत्तापूर्ण आंकड़े ही विकास की आधारशिला : डॉ. अभिषेक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शासन-प्रशासन की प्रभावशीलता, विकास योजनाओं की सफलता व जनकल्याणकारी नीतियों की सटीक दिशा तय करने में विश्वसनीय आंकड़ों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वित्त, योजना, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने शुक्रवार को विभाग की विभिन्न गतिविधियों और प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सांख्यिकीय प्रणाली को और अधिक सशक्त, पारदर्शी तथा तकनीक आधारित बनाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में राज्य सकल घरेलू उत्पाद के आकलन, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से संबंधित गतिविधियों, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यक्रमों, डिजिटल पहलों, राज्य सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण परियोजना-2.0 तथा आगामी आठवीं आर्थिक जनगणना की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि सटीक, विश्वसनीय और समयबद्ध आंकड़े किसी भी राज्य के प्रभावी प्रशासन और दूरदर्शी नीति-निर्माण की आधारशिला होते हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों के माध्यम से सरकार सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों का यथार्थ आकलन कर सकती है तथा विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकती है। डॉ. अभिषेक जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंकड़ों के सत्यापन तंत्र को और मजबूत बनाया जाए तथा आंकड़ा संग्रहण, विश्लेषण और प्रतिवेदन की प्रक्रियाओं में एकरूपता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डेटा आधारित निर्णय-प्रक्रिया का महत्व निरंतर बढ़ रहा है और ऐसे में सांख्यिकीय प्रणालियों, योजना निर्माण, निगरानी तथा मूल्यांकन तंत्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना समय की आवश्यकता है।

## शिक्षा | यूनेस्को के साथ साझेदारी से शिक्षा में नवाचार को मिलेगी नई दिशा

# सभी स्कूलों तक पहुंचेगा एचपी फ्यूचर्स कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को अधिक समग्र, व्यवहारिक और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में राज्य सरकार तथा यूनेस्को की साझेदारी प्रभावी परिणाम देने लगी है। एचपी फ्यूचर्स (फाउंडेशन फॉर अपस्किलिंग, टीचर एक्सीलेंस, अंडरस्टैंडिंग, रेडीनेस, इक्विटी एंड सस्टेनेबिलिटी) कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को शिमला में आयोजित समीक्षा बैठक में इसके कार्यों और उपलब्धियों का मूल्यांकन किया गया।

बैठक में शिक्षा सचिव राकेश कंवर, समग्र शिक्षा के निदेशक राजेश शर्मा, स्कूली शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, यूनेस्को की दक्षिण एशिया शिक्षा प्रमुख जॉयस पोआन सहित शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर यूनेस्को ने कार्यक्रम के प्रथम वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट भी जारी की।

शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षता आधारित शिक्षा, खेलों के माध्यम से मूल्य आधारित शिक्षा तथा हरित शिक्षा जैसे तीन प्रमुख स्तंभ विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विकसित शिक्षण मॉड्यूलों में हिमाचल प्रदेश की स्थानीय आवश्यकताओं और परिस्थितियों को समाहित किया गया है, जिससे विद्यालय समुदाय के साथ उनका बेहतर जुड़ाव स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह पहल प्रधानमंत्री श्री विद्यालयों में संचालित की जा रही है, लेकिन इसकी सफल कार्यप्रणालियों को भविष्य में अधिक से अधिक विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार यूनेस्को के साथ इस सहयोग को दीर्घकालिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूली शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों के क्षमता निर्माण और रटंत शिक्षा के स्थान पर व्यवहारिक तथा अनुप्रयोग आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। चयनित विद्यालयों में इसके उत्साहजनक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

वहीं, यूनेस्को की दक्षिण एशिया शिक्षा प्रमुख जॉयस पोआन ने कहा कि एचपी फ्यूचर्स कार्यक्रम वैश्विक सोच को जमीनी स्तर पर उतारने का सफल प्रयास है।

### 14 हजार विद्यालयों तक विस्तार की तैयारी

**समग्र** शिक्षा के निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि यूनेस्को के सहयोग से वैश्विक स्तर की श्रेष्ठ शैक्षिक अवधारणाओं को हिमाचल की स्थानीय जरूरतों के अनुरूप लागू किया गया है। कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति, शिक्षकों की आवश्यकताओं और विद्यालयी प्रक्रियाओं का व्यापक अध्ययन कर अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि दक्षता आधारित शिक्षा, खेलों के माध्यम से मूल्य निर्माण तथा पर्यावरणीय चेतना से जुड़े प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। अब समग्र शिक्षा विभाग इस मॉडल को प्रदेश के लगभग 14 हजार विद्यालयों तक विस्तारित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगा, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकें।